आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 04:01 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 जून 2025
वर्ष 3, अंक 311, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस 14

अमेरिका यूरोप से व्यापार समझौते जल्द 12


## रेलवे की यात्री किराये में वृद्धि की तैयारी



- स्लीपर श्रेणी में एक और एसी में दो पैसे प्रति किमी होगी बढ़ोत्तरी
- एक जुलाई से लागू होंगी मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में नई दरें
- सामान्य दर्जे में 500 किमी तक की यात्रा में कोई वृद्धि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गई थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गई थी। वर्ष 2019 में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर 2 पैसे बढ़ाए गए थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में 2 पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई। साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर 01 पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराये में 01 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि प्रथम श्रेणी के किराये में 1 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी।

## सीजफायर के बाद भी ईरान-इजराइल ने दागीं मिसाइलें

### ट्रंप की ओर से जंग रुकने की घोषणा के चंद घंटे के भीतर टूटा संघर्ष विराम

- धमाकों की आवाज से दहला बीरशेबा व तेल अवीव, 4 की मौत, 20 घायल
- इजराइल ने ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने का किया दावा, ईरानी सेना का इनकार

बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी

इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल इजराइल के बीरशेबा शहर में एक इमारत पर गिरी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है।

ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, कृपया इसे न तोड़ें।

मंगलवार सुबह तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं और वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की सेना ने इजराइल पर मिसाइल दागने से इनकार किया। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने का निर्देश दिया। इस अस्थायी समझौते की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार की सुबह की, जब ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी मिसाइल दागी थीं। संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों की बौछार कर दी।

### इजराइली विमान अब हमला नहीं करेंगे : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाने जा रहा है और ईरान पर हमला करना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को उनका युद्धविराम कुछ समय स्थगित रहने के बाद प्रभावी हो गया। ट्रंप ने दोनों पक्षों पर युद्ध विराम का पालन करने का दबाव डालते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, इजराइल ईरान पर हमला नहीं करने जा रहा है। सभी विमान वापस लौट जाएंगे। किसी को भी नुकसान नहीं होगा, युद्ध विराम प्रभावी है! ट्रंप ने कहा कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वहां अस्थायी युद्ध विराम लागू हो गया है।

## एक नजर

### कुएं में जहरीली गैस से तीन लोगों की मौत

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले में मंगलवार को एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन व्यक्तियों की संदिग्ध जहरीली गैस से मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना धरनावदा गांव की है जहां छह व्यक्ति एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे थे। गुना कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बछड़े को बचाने के लिए छह लोग कुएं में उतरे थे। उनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में बचा लिया गया और उन्हें गुना जिला अस्पताल ले जाया गया। छह में से केवल एक व्यक्ति ही सुरक्षित निकले। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया तीनों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की वजह से हुई।

### गैंगस्टर रोमिल वोहरा पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली।** हरियाणा में कई हत्याओं और दिल्ली में हथियार मामलों में वांछित गैंगस्टर मंगलवार तड़के दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मृतक की पहचान हरियाणा में यमुनानगर निवासी रोमिल वोहरा के रूप में की गई है। वह यमुनानगर में एक तिहरे हत्याकांड और कुरुक्षेत्र में एक हत्या मामले समेत आठ से अधिक मामलों में वांछित था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि रोमिल शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों में भी वांछित था।

## ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने के लिए नियम बनाएं राज्य : शाह

### गृह मंत्री ने वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में दिए निर्देश

- चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों संग राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों समेत 19 मुद्दों पर चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी, एमपी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने के निर्देश दिए। मंगलवार को वाराणसी के तॉज होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि पंचायतों के राजस्व बढ़ने से ही पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उक्त राज्यों के मुख्य सचिवों ने शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे मुद्दे शामिल रहे।

गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेशियो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव रखा गया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया।

### देश ने हर क्षेत्र में पहचान बनाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित 11 साल का कालखंड नई प्रेरणा देता है। भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में नई पहचान बनाई। उन्होंने यूपी की विभिन्न योजनाओं और प्रगति की विस्तार से जानकारी साझा की। यूपी देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। उप्र बॉटम अप अप्रोच के साथ आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत की दिशा में अग्रसर है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 5-7 लोगों को रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है।

### धामी ने कुंभ के लिए मांगा सहयोग

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा कि बैठक के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सीमा सड़क संगठन के माध्यम से अधिक सहयोग का आग्रह किया। राज्य में ग्लेशियर अध्ययन केंद्र, जैव विविधता संरक्षण संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा। नंदा राजजात यात्रा (2026) और 2027 के कुंभ मेले हेतु केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

### श्री नारायण गुरु-महात्मा गांधी की वार्ता के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री

## भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : मोदी

- कहा-ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को स्पष्ट किया

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरुदेव और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्ता के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। • एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर मोदी ने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा कि हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

### हमने वंचित-पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया

प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु ने सभी तरह के भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। आज, देश भेदभाव की हर संभावना को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया' जैसे मिशन युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी वह समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेते हैं, तो समाज सुधारक को याद करते हैं।

## पीएफ खाते से अब 72 घंटे में निकाल सकेंगे पांच लाख रुपये

- सरकार ने ऑटो सेटेलमेंट के तहत कर्मचारियों को दी सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खातों से अग्रिम निकासी के दावों के स्वतः निपटान (ऑटो सेटेलमेंट) की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंगलवार को घोषणा की। इस कदम से सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सदस्य तीन दिन के भीतर पांच लाख रुपये तक की अपनी अग्रिम वापसी के दावों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

फिलहाल स्वतःनिपटान माध्यम से तीन दिनो के भीतर एक लाख रुपये तक के दावों का निपटान हो सकता है। मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने अपने सदस्यों को खासकर तत्काल जरूरतों के समय में त्वरित कोष पहुंच देने के लिए अग्रिम दावों के स्वतः निपटान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा के विस्तार से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लाखों सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है। ईपीएफओ ने कोविड-19 महामारी के समय पहली बार ऑनलाइन स्वतः निपटान व्यवस्था शुरू की थी।

## बेहिसाब नकदी बरामदगी में क्यों दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

- जस्टिस वर्मा मामले में संसदीय समिति ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई और समिति ने न्याय विभाग से इस मामले पर एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा।

सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक में विभिन्न दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया।

## घर में महिला का गला कसकर बेड में किया पैक

- चुनरी से गला कसा, सिर पर भी भारी चीज से वार किया, रावतपुर में वारदात
- छोटे बेटे के संदेह पर बड़ा बेटा हिरासत में, लिव इन में युवक के साथ रहती थी महिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** रावतपुर में लिव इन रिलेशन में रह रही महिला की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने महिला का चुनरी से गला कसकर उसे बेड में पैक कर दिया। सिर पर भी भारी वार से चोट के निशान हैं। स्कूल से लौटे छोटे बेटे ने बेड से निकली मां की चुनरी देखी, तब वारदात का पता चला। हत्या का आरोप बड़े बेटे पर है, लेकिन मृतका की बहन ने लिव इन में रह रहे युवक पर आरोप लगाया है। पुलिस ने बड़े बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।



उर्मिला कटियार

रावतपुर गुप्ता कालोनी निवासी 35 वर्षीय उर्मिला कटियार, पति जगदीश की मौत के बाद 18 सालों से रंजन नामक युवक के साथ लिव इन में रह रही थीं। उर्मिला के दो नाबालिग बेटे हैं। 17 वर्षीय बड़ा बेटा इंटर और 15 वर्षीय छोटा बेटा नौवीं का छात्र है। दोनों अर्मापुर केंद्रीय विद्यालय-टू में पढ़ते हैं। मंगलवार सुबह छोटा बेटा स्कूल गया था जबकि बड़ा बेटा घर पर ही था। रंजन दो तीन दिन से काम के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं। मंगलवार दोपहर छोटे बेटे ने स्कूल से लौटने के बाद घर में मां को न पाकर बड़े भाई से पूछा तो उसने जानकारी न होने की बात कही। इस पर उसने मां को ढूंढना शुरू किया तो बेड से उनकी चुनरी थोड़ी बाहर लटकी दिखी। बेड खोला तो अंदर मां बेसुध पड़ी थीं। इस पर उसने पास में मसवानपुर में रहने वाली मौसी गीता को सूचना दी। मौसी आईं और फिर रावतपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को उर्मिला की सांसें चलती दिखीं तो रीजेंसी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गीता ने पुलिस को बताया कि रंजन मार्केटिंग का काम करते हैं, इसलिए अक्सर घर से बाहर ही रहते हैं। पुलिस की पूछताछ में छोटे बेटे ने बड़े भाई पर शक जताया, जिस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं गीता के अनुसार उसकी बहन की मौत में पति रंजन का हाथ है। बेटे को मोहरा बनाया जा रहा है।

## निपाह वायरस का पता लगाएगी पोर्टेबल किट

- पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने किया विकसित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में अब निपाह वायरस का पता मिनटों में लगाया जा सकेगा, क्योंकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने वायरस की जांच के लिए एक पोर्टेबल प्वाइंट-ऑफ-केयर किट विकसित की है।

एनआईवी के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह किट प्रयोगशाला के बाहर भी तुरंत परिणाम दे सकती है और इसे जल्द ही केरल तथा पश्चिम बंगाल जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में इस्तेमाल में लाया जाएगा। डॉ. कुमार ने कहा कि हमने निपाह वायरस का त्वरित और विश्वसनीय तरीके से पता लगाने के लिए लैंप आधारित पोर्टेबल किट विकसित की है। यह प्रयोगशाला की आवश्यकता के बिना कुछ ही मिनटों में परिणाम देती है। किट का पेटेंट भी कराया गया है।

निपाह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों (फ्रूट बैट) के माध्यम से फैलता है और भारत में कई बार इसका प्रकोप देखा जा चुका है। पचास प्रतिशत से अधिक मृत्यु दर के साथ, यह सबसे घातक वायरल रोगों में से एक है।

## सीडीएस दे सकेंगे तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है।

## देश के पूंजीगत व्यय में यूपी की 16 .3% हिस्सेदारी का अनुमान

### 2024-25 में भी टॉप कंट्रीब्यूटर रहे यूपी की नए साल में भी खास रहेगी उपलब्धि

- रिपोर्ट में लगातार दूसरे साल गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व कर्नाटक से आगे यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक से पूंजी व्यय में यूपी टॉप पर रहेगा।

पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3%), गुजरात (9.4%), महाराष्ट्र (8.3%), मध्य प्रदेश (8.1%) और कर्नाटक (7.6%) ये पांच राज्य मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50% से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9% पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9%), गुजरात (8.1%), मध्य प्रदेश (7.5%) और ओडिशा (6.4%) थे।

### निवेशकों के लिए पहली पसंद बना यूपी

योगी सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश का सिरमौर बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून-व्यवस्था में सुधार के चलते यूपी घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान मिले भारी निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं। जिससे राज्य का पूंजीगत व्यय बढ़ा है और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

### राजस्व में भी यूपी अव्वल

रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में कुल 26 राज्यों की प्राप्तियां 10 .6% बढ़कर 69 .4 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्तियां 12 .3% और पूंजीगत प्राप्तियां 6 .6% बढ़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश यहां भी सबसे आगे रहेगा, जो अकेले 13 .3% राजस्व का योगदान देगा। इसके बाद महाराष्ट्र (11 .3%), मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान (5 .9% प्रत्येक) रहेंगे।

**एक नजर**

### प्राथमिक स्कूलों को बंद करने की आलोचना

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी प्राथमिक स्कूलों को बंद किए जाने की आलोचना की है। कहा कि स्कूलों को बंद करके अमृत काल में गरीब बच्चों के मुंह से शिक्षा की अमृत धारा छीन लेना उचित नहीं है। उन्होंने प्रदेश की सरकार से सरकारी प्राथमिक स्कूलों को बंद करने निर्णय को वापस लेने की मांग की।

### जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

**रूदौली।** शहर में मोहर्रम को लेकर कर्बला और सातवीं अलम जुलूस मार्ग का सीओ रुदौली ने कोतवाल संजय मौर्य के साथ निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी रूदौली आशीष निगम ने रूदौली कोतवाल संजय मौर्य के साथ भ्रमणमण के दौरान मार्गों में आने वाली बाधाओं को लेकर निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीओ रूदौली विद्युत राजेश कुमार, नयागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह, नगर अध्यक्ष तारिक रुदौलवी, ईओ नगर पालिका, एसएसओ तारिक बाबा, गुफरान अहमद, राशिद अहमद आदि मौजूद रहे।

# प्रभावितों को 15 दिन में मिल जाएंगी अस्थायी दुकानें

## चौक का सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित बाजार क्षेत्र है हमारी प्राथमिकताः वेद गुप्ता

## विकास कार्य में किसी को नुकसान न हो, इसका रखा जा रहा है पूरा ख्यालः रामचंद्र

अयोध्या कार्यालय



चौक की पुरानी सब्जी मंडी में निरीक्षण करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व रुदौली विधायक रामचंद्र यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार :** चौक में बन रहे शॉपिंग काम्पलेक्स से प्रभावित हुए लोगों को 15 दिनों अस्थाई दुकानें मिल जाएंगी। ये दावा मंगलवार को नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व रुदौली रामचन्दर यादव ने किया। दोनों विधायक चल रहे निमार्ण कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियां को कार्य में शीघ्रता के लिए निर्देशित किया।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा, सरकार हर हाल में प्रभावित व्यापारियों के हितों की रक्षा करेगी। चौक का सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित बाजार क्षेत्र हमारी प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ ही व्यापारियों की आजीविका भी सुनिश्चित की जाएगी।

विधायक रामचन्द्र यादव ने कहा, स्थानीय जनता और व्यापारियों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। विकास के इस कार्य में किसी को नुकसान न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

वर्तमान में स्थल पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य जारी है। अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दे दिए गए हैं। शेड लगाकर अस्थायी दुकानों की व्यवस्था तय स्थान पर की जा रही है, जिससे निर्माण के दौरान व्यापारियों को असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव हेम सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### योग और प्रकृति जीवन का अनुपम उपहार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के पद्मश्री अरुणिमा सिन्हा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का मंगलवार को नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अवलोकन किया। उन्होंने कहा व्यक्ति प्रकृति के जितना नजदीक होगा उतना ही उसका स्वास्थ्य उत्तम होगा। योग और प्रकृति दोनों जीवन का अनुपम उपहार हैं। इसे संरक्षित करना हम सभी का परमदायित्व भी है। इस मौके पर बर्डमैन आजाद सिंह, विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनोद चौधरी, प्रो.एस एस मिश्र, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो. सुरेंद्र मिश्रा, डॉ. रुद्र प्रताप सिंह, डॉ. अनिल सिंह, आकांक्षा, अदिति बरनवाल आदि मौजूद रहे।

## डायरिया से बचाने के लिए बच्चों में बांटा जा रहा ओआरएस

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** जिले में 0 से 5 वर्ष के बच्चों की जान बचाने के लिए स्टॉप डायरिया अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इसका मकसद डायरिया से बच्चों की मौत रोकना है। समय पर इलाज और सही देखभाल से बच्चों की जान बचाई जा सकती है। इस अभियान में जिले की 2400 के करीब आशा लगाई गई हैं।

**स्टॉप डायरिया अभियान**

**जिले की 2400 के करीब आशा को सौंपी जिम्मेदारी**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि आशा हर घर जाकर दो ओआरएस पैकेट दे रही हैं। ओआरएस घोल बनाने की विधि भी सिखाई जा रही है। इसके साथ ही उपयोग का तरीका और उसका महत्व भी बताया जा रहा है। आशा डायरिया के लक्षण और साफ-सफाई की जानकारी भी दे रही हैं। स्वास्थ्य केंद्रों के ओपीडी और आईपीडी वार्डों में ओआरएस कॉर्नर बनाए गए हैं। इससे जिले में शिशु मृत्यु दर घटाने में मदद मिलेगी।

एएनएम टीकाकरण सत्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में ओआरएस और जिंक की उपयोगिता समझा रही हैं। दस्त के समय मां के दूध की अहमियत, हाथ धोने की आदत और शौचालय के उपयोग पर भी जागरूकता फैलाई जा रही है।

# बिजली के निजीकरण, मूल्य वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन

बीकापुर, अयोध्या



मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते निविदा संविदा कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिजली के निजीकरण, प्रस्तावित मूल्य वृद्धि अन्य बिजली समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने मंगलवार को बीकापुर तहसील में धरना-प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 10 वर्ष पहले दलित और गरीब बस्तियों में अभियान चलाकर बिजली के कनेक्शन बांटे गए। अब लाखों रुपये के बिजली बिल इन गरीब लोगों को भेजे जा रहे हैं। इस बीच मंहगी बिजली सप्लाई का अनुबंध योगी सरकार ने अदानी से किया। मतलब साफ है बिजली विभाग के निजीकरण से बिजली और मंहगी होने जा रही है। ज्ञापन के जरिए दक्षिणांचल और पूर्वांचल निगमों का फैसला, स्मार्ट मीटर एवं बिजली का मूल्य ईंधन से जोड़ने का फैसला, बिजली के 45 फीसदी मूल्य का प्रस्ताव वापस लेने, किसानों को नलकूपों के लिए कम से कम 18 घंटे, ग्रामीण क्षेत्र में 20 घंटे, शहरी क्षेत्र में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति करने, तीनसौ यूनिट फ्री बिजली आदि मांगे शामिल रही।

धरने को किसान नेता अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, भाकियू नेता कमला प्रसाद बागी, किसान सभा के जिलाध्यक्ष शेख मो. इशहाक, मंत्री मायाराम वर्मा, किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष बाबू राम यादव, संयुक्त सचिव विनोद सिंह, पूर्व जिपं सदस्य राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, अयोध्या प्रसाद तिवारी आदि नेताओं ने संबोधित किया।

### संविदा कर्मियों का धरना जारी, 30 को महापंचायत

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर चल रहा निविदा संविदा कर्मियों का धरना 64 दिन मंगलवार को भी जारी रहा। विद्युत मजदूर पंचायत के प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्रा ने कहा कि निविदा संविदा कर्मियों को निष्कासित किए जाने के विरोध और बहाली की मांग को लेकर धरना चल रहा है। बताया कि 30 जून को बिजली कर्मियों की महा पंचायत होगी। इसमें आंदोलन को नया रूप देने पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। धरने में जोन अध्यक्ष के एन सिंह, राम चंद्र सेन, सुशील, विनय मौर्य, नन्द यादव, राकेश, सुरेश सिंह, अवधेश पांडेय, अंब्रिश शुक्ला, आफताब, अर्पण मिश्रा, धर्मवीर, रमेश, रवि गौड़, महेंद्र सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मी मौजूद रहे।

# 27 को कई मंदिरों से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के मठ-मंदिरों से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। 27 जून को बड़े भव्यता के साथ धूमधाम से यात्रा निकाली जाएगी। जो मंदिरों से निकल कर सरयू तट तक जाएगी। लगभग 12 से भी अधिक मंदिरों में इस उत्सव की परंपरा को निभाया जाएगा। वहीं राम मंदिर के निकट स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा राम कचहरी मंदिर, दशरथ महल, मणिरामदास छावनी, राम वल्लभा कुंज समेत अन्य मंदिरों में भी धूम रहेगी। रथ यात्रा मुख्य रूप से रामघाट के रास्ते से ही सरयू तट तक जाने की परंपरा है।

वहीं कुछ संतों का मानना है कि पहले इस परंपरा को निभाए जाने के लिए रामघाट के करीब सरयू की जलधारा होने के कारण भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता रहा है। जब यह रथ यात्रा अपने मंदिरों से निकलकर रामघाट की ओर जाती थी तो रास्ते में पड़ने वाले सभी मठ मंदिरों से इस यात्रा का भव्य स्वागत करने की परंपरा निभाई जाती है।

**लगभग 12 से भी अधिक मंदिरों में उत्सव की परंपरा को निभाया जाएगा**

### स्नान के बाद बीमार हो गए थे प्रभु

भगवान जगन्नाथ मंदिर के महंत राघवाचार्य ने बताया कि जगन्नाथपुरी में जब भगवान विष्णु तालाब में स्नान करने गए। इतना स्नान किया कि बीमार हो गए और जब घर में आए तो लक्ष्मी जी नहीं थी। वह भी रूठ कर अपने मायके चली गई थीं। ठाकुर जी अस्वस्थ हो गए थे। उन्होंने बताया कि त्रियोदशी से भगवान को विभिन्न प्रकार के औषधि युक्त काढा दिया जाता है। इस दौरान भगवान को एक सप्ताह के लिए विश्राम करा दिया जाएगा। अमावस्या तक भगवान का पूजन अर्चन और काढ़ा दिए जाने का कार्य पुजारी के द्वारा किया जाएगा। प्रतिपदा को भगवान स्वस्थ होते हैं तो उन्हें विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन के बाद खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। पहले इस दिन भगवान पुन: स्नान करने के लिए बाहर आएंगे और विधि विधान पूर्वक औषधियों से उनका अभिषेक किया जाएगा। उसके बाद भगवान का श्रृंगार होगा और फिर भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। 27 जून को भव्य गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकल जाएगी।

**सार-संक्षेप**



उपचुनाव में जीत के बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाते आप के जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति।

### गुजरात व पंजाब में आप की जीत से बदलाव का संकेत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गुजरात और पंजाब विधानसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी को मिली जीत पर मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने देवकाली में एक मैरिज लॉन में मिष्ठान वितरित कर जश्न मनाया। प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला प्रभारी संजीव निगम और जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने संयुक्त रूप से कहा कि गुजरात और पंजाब में जीत देश में बदलाव का संदेश है। कहा कि इसका श्रेय वहां की जनता और राष्ट्रीय संयोजक दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जाता है। महानगर अध्यक्ष कुलभुषण साहू ने कहा यह सच्चाई, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति की जीत है। इस मौके पर जिला महासचिव सुनील कुमार मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, छात्र इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी, हरिशंकर तिवारी, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सच्ची गुड़िया राईन, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहित महाराज, आकिब, रफीक, नफीस आदि मौजूद रहे।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टैबलेट का वितरण



छात्रा को टैबलेट देते देवा आईटीआई के निदेशक सहदेव उपाध्याय।

**मसौधा, अमृत विचार :** उसरु अमौना स्थित देवा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उत्तर प्रदेश सरकार से तकनीकी शिक्षा में उच्चता व श्रेष्ठता के लिए 13 टैबलेट छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये। मुख्य अतिथि देवा आईटीआई निदेशक सहदेव उपाध्याय, इंटर कॉलेज के प्रबंधक अजय उपाध्याय व आईटीआई के प्रधानाचार्य पवन उपाध्याय, अनुदेशक अग्निवेश, जितेंद्र कुमार, राम सहाय पाल, ओम प्रकाश मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव, शैलेश कुमार ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया के साथ दीप प्रज्जवलित किया। निदेशक ने कहा कि तकनीकी शिक्षण आज के समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रशिक्षण संस्थान के सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### लालकुर्ती मार्ग अवरुद्ध करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या कार्यालय।** कैंटोनमेंट प्रशासन ने लाल कुर्ती मार्ग अवरुद्ध कर दिया। इसके विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी ने कैंटोनमेंट की अधिशासी अधिकारी जिज्ञासा राज को मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण रानू ने कहा कि वार्ड नं. तीन का रास्ता पहलगाम में हुई घटना को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से अस्थाई तौर पर बन्द कर दिया गया। इससे आमजन, विद्यार्थियों, गुप्तार घाट आने-जाने वाले तीर्थ यात्रियों को दिक्कतें झलेनी पड़ रही है। चूंकि यह मार्ग सार्टकट मार्ग है आने जाने वालों को सुविधा होती है। महानगर महासचिव रामनाथ शर्मा ने कहा कुछ समय पहले छावनी क्षेत्र में स्थित सदर बाजार मार्केट में सैनिकों को आने-जाने में प्रतिबन्धित कर दिया गया है। इससे सदर बाजार के दुकानदारों के रोजी-रोटी पर प्रभाव पड़ा। ज्ञापन देने वालों में महानगर प्रवक्ता विनायक धर द्विवेदी, बसंत, अब्दुल्ला चिराग, जैनुल, रमेश आदि शामिल रहे।

### स्कूल मर्जर के खिलाफ लामबंद हुए शिक्षक



रुदौली विधायक रामचंद्र यादव को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शासन द्वारा कम छात्र वाले परिषदीय विद्यालयों का मर्जर किए जाने के विरोध में शिक्षक लामबंद हो गए हैं। इसके लिए प्रधानों को भी एकजुट करना शुरू कर दिया है। आंदोलन को धार देने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में अभिभावकों से संपर्क अभियान शुरू किया गया है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह और जिला मंत्री प्रेम वर्मा के नेतृत्व में 27 जून को जनपद मुख्यालय में ज्ञापन एवं धरना दिया जाएगा। वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के आह्वान पर जनपद इकाई अयोध्या ने पेयरिंग/मर्जर के खिलाफ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन रुदौली विधायक रामचंद्र यादव को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अवधेश यादव, जिला मंत्री अशोक वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष फूलचंद सरोज, उमाशंकर, सुनील मौर्य, रामप्रताप वर्मा आदि मौजूद रहे।

### निजी वाहनों का व्यावसायिक प्रयोग न करेंः आरटीओ

**अयोध्या। अमृत विचार :** निजी वाहनों के वाणिज्यिक उपयोग को रोकने के लिए संभागीय परिवहन विभाग की ओर से सख्त अभियान चलाया जा रहा है। आरटीओ ऋतु सिंह ने बताया कि निजी वाहन को टैक्सी या कॉमर्शियल उपयोग में करना कानून अपराध है। उन्होंने कहा कि डग्गामारी और बिना परमिट यात्री वाहनों का संचालन न किया जाय। आरटीओ प्रवर्तन विश्वजीत प्रताप सिंह, एआरटीओ आरपी सिंह, पीटीओ रानी सेंगर व पीटीओ राजेश कुमार अभियान में सहयोग कर रहे हैं।

### भाजपा नेता करुणाकर की भाभी का निधन



शर्मिला पांडेय (फाइल फोटो)

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पांडेय की भाभी व महामंत्री छात्रसंघ साकेत शशांक पांडेय की माता शर्मिला पाण्डेय का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने पीजीआई लखनऊ में अंतिम सांस ली। वह कैंसर बीमारी से पीड़ित थीं। उनका अंतिम संस्कार सरयू घाट अयोध्या में किया गया। मुखाग्नि उनके बेटे शशांक पांडेय ने दी। पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, सहकारी बैंक के चेयरमैन धमेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, ब्लॉक प्रमुख बीकापुर दिनेश वर्मा, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, जिला उपाध्यक्ष भाजपा कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# न हो किसी भी नई परंपरा की शुरुआत : डीएम




कलेक्ट्रेट सभागार में मोहर्रम को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी गौरव ग्रोवर व मौजूद अन्य अधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मोहर्रम पर किसी भी नई परंपरा की शुरूआत कदापि नहीं होनी चाहिए। किसी भी समस्या या शिकायत पर तत्काल प्रशासन/पुलिस प्रशासन को सूचित करें। ये निर्देश मंगलवार को जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने दिये। वह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यदायी विभागों और संबंधित संप्रदाय के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर रहे थे। डीएम ने शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी ताल-मेल व भाई-चारे के साथ मनाने की अपील की। उप जिलाधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जुलूस निकलने वाले रास्तों का स्वंय निरीक्षण करें। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए समिति के सदस्यों और संबंधित उप जिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कराएं। मोहर्रम के लिए जो रूट निश्चित हो उसी रूट का पालन कराएं। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी नगर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, उपजिलाधिकारी गण, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट सहित नगर निकायों, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाढ़ को लेकर इस बार सदर, सोहावल व रुदौली में होगा मॉकड्रिल

**अयोध्या कार्यालय।** बारिश के साथ सरयू में बाढ़ की संभावना बढ़ गई। प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। अन्य व्यवस्थाओं के साथ कछार के लोगों को जागरुकता को शीर्ष पर रखा गया है। इसके लिए इस साल एक नहीं तीन तहसीलों में मॉक ड्रिल कराया जाएगा। इसके लिए स्थान तय करने के साथ ही तैयारी शुरू कर दी गई है। माकड्रिल 26 जून को प्रस्तावित है। साल बाढ़ की विभीषिका झेल रहे रुदौली में मॉकड्रिल का आयोजन होता था। कठार के लोगों को इसके जरिए जागरुक करने की कोशिशि होती थी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार ने बताया कि इस बार रुदौली के साथ सोहावल और सदर तहसील में भी मॉक ड्रिल की तैयारी है। सोहावल तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित मांझा कला में, सदर तहसील के रामपुर पुआरी में और रुदौली के कैथी में बाढ़ प्रभावितों के बचाव को लेकर मॉक ड्रिल किया जाएगा।

# जनशिकायतों का हो त्वरित समाधान : महापौर

अयोध्या कार्यालय



तिलक हाल में लोगों की समस्याएं सुनते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार व नागेंद्र नाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव कार्यक्रम में कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 10 शिकायतों का महापौर ने मौके पर समाधान कराया। जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि जनशिकायतों का त्वरित समाधान हो, क्योंकि नगरवासी बड़ी उम्मीद लेकर नगर निगम कार्यालय आते हैं। त्वरित समाधान से ही नगर निगम टीम की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

महापौर ने जलभराव की समस्या का समाधान करने, सफाई एवं एंटी लार्वा छिड़काव के लिए तत्काल कर्मचारियों को रवाना किया। जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र तुरंत जारी करने के निर्देश दिए। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान सड़क एवं नाली निर्माण की मांगें ज्यादा सामने आईं। घोसी टोला के फैयाजअली ने गृह कर एवं जलकर ज्यादा आने की शिकायत की। सर्वे कराकर नया बिल जारी करने के निर्देश दिए गए। साकेतपुरी कॉलोनी के निवासियों ने सड़क एवं नाली निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप मोहल्ले के एक व्यक्ति पर लगाया। प्रकरण की जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बहादुरगंज अनीता देवी ने अतिक्रमण की शिकायत की। अतिक्रमण हटाने के लिए टीम को निर्देश दिया गया। कृष्ण विहार कॉलोनी के निवासियों ने रास्ता निर्माण की मांग की। बकरा मंडी के पास मलवा हटवाने की मांग भी की गई। महापौर ने सभी मांगों को सूचीबद्ध कर निस्तारण करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ल, नागेंद्र नाथ, सुमित कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम मणि शुक्ल मौजूद रहे।

**नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान आईं 18 शिकायतें, समस्याओं का किया गया समाधान**

**मनरेगा** — डेढ़ महीने में पत्र भेजने का कोरम पूरा, अब कार्रवाई की बारी

# सवाल-दर-सवाल, आरोपियों का नहीं कोई जवाब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** अमानीगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत बहबर मऊ में मनरेगा में ठेकेदारी प्रथा से काम कराए जाने सहित विभिन्न आरोपों में छोटे से बड़े 11 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया। कार्यप्रणाली ऐसी कि एक आरोपी ने भी अब तक जवाब देना मुनासिब नहीं समझा।

अमानीगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत बहबरमऊ में गड़बड़ी के साथ मनमानी इस कदर हावी रही कि सोशल ऑडिट कराने के नाम पर इधर-उधर किया गया। जांच के लिए जिले के बड़े अफसर को भी अभिलेख नहीं उपलब्ध कराए गए। वेबसाइट से चल रही तीन परियोजनाओं ओम पांडेय के घर से कुलदीप के घर तक, राजेंद्र के घर से प्राथमिक विद्यालय खपड़े तक और प्रधानमंत्री सड़क से प्रदीप शुक्ला के घर से इंटरलॉकिंग काम को देखा गया। प्रथम दृष्टया आठ लाख के कार्यों में वित्तीय अनियमितता सामने की बीत कही गई। बात पैसे में गड़बड़ी की तो है ही लेकिन कार्य संस्कृति कटघरे में हैं।

**अमानीगंज ब्लॉक के बहबरमऊ ग्राम पंचायत का मामला**

जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव के बाद उपायुक्त मनरेगा सविता सिंह ने जांच की। तो मनरेगा के तहत कराए जा रहे काम की पूरी असलियत सामने आ गई। तीनों खड़ंजा इंटरलॉकिंग कार्य में वित्तीय नियमों की धज्जियां उड़ती मिली। टेंडर में वित्तीय नियमों को दरकिनार कर दिया गया। बगैर पत्रांक, दिनांक और हस्ताक्षर के सामानों की आपूर्ति के लिए फर्मों को आदेश जारी कर दिया गया। मांग के बावजूद मजदूरों को काम नहीं दिया गया। बगैर वित्तीय साल बदले मजदूरों को नए साल की मजदूरी का भुगतान करके जिम्मेदारी पर ही सवाल खड़ा कर दिया। मनरेगा की परियोजनाओं का संचालन करने वालों को ही नियमों की जानकारी नहीं है? मनरेगा के मानकों की कुछ इस तरह धज्जियां उड़ाई गई कि डीसी मनरेगा को लिखना पड़ा कि मनरेगा में काम ठेकेदारी प्रथा से कराया गया। इसमें खंड विकास अधिकारी तक की संलिप्तता मिली।

> बहबरमऊ ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों को लेकर बीडीओ सहित 11 लोगों को कारण बताओ नोटिस दिया गया। इसके अनुस्मारक भेजे गए। अब तक किसी का स्पष्टीकरण नहीं आया है।
> – सविता सिंह, उपायुक्त मनरेगा।

उपायुक्त मनरेगा ने नियम विरुद्ध काम कराने और वित्तीय अनियमितता के आरोप में खंड विकास अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्र, लेखा सहायक उमेश, तत्कालीन बीडीओ सुरेश सिंह राणा, तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी प्रदीप कुमार, ग्राम प्रधान तारकेश्वर तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी राघवेंद्र सिंह, तकनीकी सहायक रमेश तिवारी सहित 11 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। माह अप्रैल में शुरू हुई कार्रवाई में अब तक आरोपियों को स्पष्टीकरण के लिए तीन पत्र जारी किए जा चुके हैं, लेकिन किसी ने भी अब तक जवाब नहीं दिया। आरोपियों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करने में कसर नहीं छोड़ी। ऐसी चर्चा अब होने लगी है।



राज्य जम्प रोप प्रतियोगिता में परचम लहराने वाली अयोध्या की टीम। अमृत विचार

# राज्य जम्प रोप प्रतियोगिता में अयोध्या टीम ने लहराया परचम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बलिया के अपेक्स स्कूल में हुई दो दिवसीय राज्य स्तरीय जम्प रोप प्रतियोगिता में अयोध्या बालिका टीम की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का परचम लहराया। प्रतियोगिता कें अंडर-14 वर्ग की स्पीड स्प्रिंट में प्राची सिंह ने, स्पीड एंडोरेंस 3 मिनट में अनामिका गुप्ता ने, फ्री स्टाइल 75 सेकंड में गीतांजलि यादव विजेता रहीं। स्पीड रिले ग्रुप 4×30 सेकंड्स में गीतांजलि, अंशिका, प्राची, अनामिका विजेता रहीं। डबल डच स्पीड रिले ग्रुप इवेंट में अंशिका यादव, दिव्या व रेशम और डबल डच फ्री स्टाइल 75 सेकंड में दिव्या निषाद, रेशम पासवान व अंशिका यादव ने बाजी मारी। अंडर- 17 बालिका में राखी निषाद स्पीड स्प्रिंट 30 सेकंड में, स्पीड एंड्रांस में महिमा यादव विजेता रहीं। स्पीड रिले ग्रुप में सेजल यादव, आशिक, राखी, अंजलि विजेता रहीं। डबल डच स्पीड रिले ग्रुप में राखी, महिमा व अंजलि और डबल डच ग्रुप फ्री स्टाइल 75 सेकंड में अंशिका, महिमा गुप्ता व महिमा यादव विजेता रहीं। अंडर-19 बालिका स्पीड स्प्रिंट में गुंजन सिंह, स्पीड एंडोरेंस 3 मिनट में अंशिका, फ्रीस्टाइल 75 सेकंड में लक्ष्मी कनौजिया विजेता रहीं। स्पीड रिले ग्रुप 4×30 सेकेंड्स आकांक्षा यादव, लक्ष्मी, गुंजन, अंशिका ने बाजी मारी। वहीं डबल डच 1×60 सेकेंड्स में आकांक्षा, शिवांगी, अंशिका और डबल डच ग्रुप फ्री स्टाइल 75 सेकंड में गुंजन शिवांगी व आकांक्षा विजेता रहीं।




## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना है।

33.5° अधिकतम तापमान | 26.5° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10:00 बजे से।
- मंडलायुक्त गौरव दयाल द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में सुबह 10:30 बजे से।
- अवध विश्वविद्यालय में पर्यावरण प्रदर्शनी का पांचवा दिवस सुबह 11:00 बजे से।

### मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत संजयगंज बाजार के पास एक होटल से सुचित्तागंज चौकी इंचार्ज चंद्रहास मिश्रा ने लव कुमार निवासी जुगवापुर को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े व्यक्ति के होटल से छह पुड़िया गांजा बरामद किया है।

# सिंचाई करने गए किसान की गला काट कर हत्या

## पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पलिया गोवा गांव में हुई वारदात

मसौधा, अयोध्या

- एसपी व सीओ ने की जांच दो से ज्यादा लोगों के शामिल होने की आशंका
- हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें गठित पोस्टमार्टम को भेजा शव

**अमृत विचार:** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पलिया गोवा गांव के निकट धान के खेत की सिंचाई करने गए किसान की गला काटकर हत्या कर दी गई। उसका शव खेत में रखी चारपाई पर मिला। घटनास्थल पर संघर्ष के कोई निशान नहीं पाए गए, संभावना जताई जा रही है कि हत्या करने से पहले या तो उसे नशे में धुत किया गया या अचेत किया गया। मृतक विवाहित था वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक किसान नागेंद्र यादव (40) के पिता राम प्रकाश यादव ने बताया कि सोमवार रात लगभग 10 बजे उनका बेटा धान की रोपाई के लिए खेत में पानी भरने के लिए गया था। घर के लोग मंगलवार सुबह यह देखने गए थे कि पानी खेत में जा रहा है या नहीं। ऐसा तो नहीं नागेंद्र सो गया हो। मौके पर उन्हें खून से लथपथ नागेंद्र का शव मिला। इससे चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी, प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर देवेंद्र सिंह वह फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।

प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर देवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई है।



नागेंद्र यादव (फाइल फोटो)

घटनास्थल पर जांच करते एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी व मौजूद भीड़।



घटना के बाद रोते बिलखते परिवारिजन और मौजूद लोग।

### घटनास्थल पर नहीं मिले संघर्ष के निशान

मृतक नागेंद्र शारीरिक दृष्टि से मजबूत था। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि हत्यारों की संख्या चार-पांच से कम नहीं थी। यह भी माना जा रहा है कि अगर वह होशो-हवास में होता तो घटनास्थल पर कड़े संघर्ष के निशान मिलते। जबकि ऐसा नहीं था। वह चारपाई पर पीठ के बल लेटा हुआ था। बताया जाता है कि उसे कुछ बुरी आदतें भी थी। ऐसे में माना जा रहा है कि हत्यारे ने वारदात को अंजाम देने से पहले या तो उसे नशे में धुत कर दिया या उसे अचेत किया गया। सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि सभी पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। सर्विलांस सेल का भी सहारा लिया जा रहा है।

### खेती करने के साथ ई-रिक्शा भी चलाता था योगेंद्र

मृतक के पिता राम प्रकाश यादव जिला न्यायालय में चालक के पद पर कार्य थे, अब वह सेवानिवृत हो चुके हैं। योगेंद्र खेती किसानी करने के साथ-साथ ई-रिक्शा भी चलाता था। मजबूत पारिवारिक पृष्ठभूमि के चलते उसकी क्षेत्र में धाक थी। वह विवाहित था उसके दो बच्चे भी हैं।

## नॉन एनईपी सेमेस्टर परीक्षाएं 27 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर की नॉन एनईपी सेमेस्टर परीक्षा में एलएलएम पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 27 जून से शुरू होकर 2 जुलाई तक चलेंगी। वहीं बीबीए और बीसीए की दूसरे, चौथे और छठवें सेमेस्टर की मेन और बैक पेपर की परीक्षाएं 2 से 7 जुलाई तक व आईईटी परिसर में संचालित एमटेक फुल और पार्ट टाइम की परीक्षा 2 से 4 जुलाई तक चलेंगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि एमबीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जून और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 23 जुलाई तक होंगी। वहीं बीटेक दूसरे, चौथे व छठवें और एमसीए दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 से 15 जुलाई तक एवं बीटेक आठवें सेमेस्टर और एमसीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 जून तक चलेगी। बैचलर इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 25 जून से शुरू होकर 8 जुलाई तक चलेगी।



### जिले को मिली 14 डायल 112, एसएसपी ने किया रवाना

**अयोध्या, अमृत विचार :** आमजन की सुरक्षा व आपात कालीन सेवाओं के लिए प्रदेश में डायल 112 के वाहनों के माध्यम से सेवाएं निभायी जा रही हैं। इन सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए मुख्यालय द्वारा जनपद को प्राप्त 14 चार पहिया वाहनों को एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर द्वारा रिजर्व पुलिस परिसर में हरी झंडी दिखाकर विभिन्न थानों के लिए रवाना किया गया।

# खून का काला कारोबार : पहली बार ब्लड बैंक में हुई कर्मियों की परेड

अयोध्या कार्यालय

- पीड़िता के देवर ने दो घंटे तक दर्ज कराए बयान कर्मियों की कराई गई पहचान
- मामले में तीन स्तरों पर चल रही है जांच

**अमृत विचार :** जिले में संगठित तरीके से चल रहे खून के काले रैकेट के बहुचर्चित मामले में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के इतिहास में पहली बार जिला अस्पताल में पीड़ित व्यक्ति के सामने संचालित ब्लड बैंक के कर्मियों की परेड कराई गई। ब्लड बैंक कर्मियों को एकत्र कर उनकी इसलिए शिनाख्त कराई गई कि कहीं इसमें ब्लड बैंक का तो कोई कर्मी लिप्त नहीं है। परेड में तो ब्लड बैंक कर्मियों को क्लीन चिट मिल गई, लेकिन मामले में महिला अस्पताल के गार्ड संदीप यादव का नाम सामने आया है।

सूत्रों का कहना है कि पुलिस और खुफिया विभाग द्वारा की जा रही अलग-अलग जांच में खून के अवैध कारोबार से जुड़े कई बेहद महत्वपूर्ण तथ्य हाथ लगे हैं। जिसका खुलासा भविष्य में संभावित है।

जिले में खून के काले कारोबार का खुलासा होने के बाद से ही तीन स्तरों पर जांच चल रही है। स्वास्थ्य विभाग के साथ पुलिस और खुफिया विभाग भी लगा हुआ है। इसी क्रम में मंगलवार को मवई निवासी अरविंद जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पहुंचा। जांच टीम के सदस्य यहां पीड़ित को लेकर पहुंचे और सभी कर्मियों को एक साथ मौजूद किया। इनमें पैथोलाजिस्ट से लेकर सफाईकर्मी तक शामिल रहे। सभी को एकत्र करने के बाद जांच टीम ने पीड़ित को शिनाख्त करने के लिए कहा। पीड़ित ने बारी-बारी सभी को देखा और टीम के सामने इनमें से किसी के भी संलिप्त न होने की बात कही। पीड़ित द्वारा पहचान से इन्कार किए जाने के बाद कर्मियों की सांसे लौटी। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक व जांच टीम के सदस्य डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि महिला अस्पताल में भर्ती रही पीड़िता रीना का देवर अरविंद काफी सहमा हुआ लग रहा था। पहले एक घंटे तक मौखिक पूछताछ हुई। बाद में उसी की हैंडराइटिंग से लिखित में बयान लिया गया। उसने बताया कि वह गेट पर बैठे लोगों से मिला था। अब गेट पर संदिग्धों पर नजर रखने के लिए लिखा जाएगा।




### सीएमओ ने खंगाली डोनर की मेडिकल हिस्ट्री

सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने भी मामले में अपने स्तर से जांच करवाई। उन्होंने ब्लड बैंक से डोनर आकाश की मेडिकल हिस्ट्री भी चेक करवाई। तीन माह का डाटा निकलवाया तो पता चला कि कई आकाश ने रक्तदान किया था। इसके बाद आकाश रावत की मेडिकल हिस्ट्री खंगाली। उन्होंने देखा कि कहीं आकाश को कोई बीमारी तो नहीं थी। इसके अलावा उन्होंने यह भी देखा कि तीन माह में गौतम व गार्ड ने तो कभी ब्लड नहीं दिया था।

### सात हजार लेकर अपने साथी से डोनेट कराया था ब्लड

**अयोध्या, अमृत विचार :** सात हजार रुपये देकर ब्लड दिलाने के मामले में पुलिस ने एक हफ्ते बाद महिला अस्पताल के गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि अभी इसे कैरियर माना जा रहा है। मुख्य आरोपी की तलाश जारी है।

एसपी सिटी चक्रपाधि त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश में टीम का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय में धोखाधड़ी व छलकपट करके मरीजों के तीमारदारों से रुपये ऐंठ कर अपने साथी को धोखे में रखकर उससे दान के रूप में ब्लड निकलवाकर ब्लड उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान संदीप कुमार (22) नवी का पुरवा थाना रौनाही के रूप में हुई। संदीप अस्पताल में आउटसोर्स पर गार्ड था। आरोपी को दोपहर डेढ़ बजे के करीब गांधी पार्क के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। हालांकि इस मामले में पुलिस रैकेट के मुख्य कर्ता-धर्ता तक पहुंचने के लिए सुरागनशी में लगी है। क्योंकि अब तक चार संदिग्ध लोगों को उठाया गया था। मामले में डोनर आकाश और ऑनलाइन पैसे लेने वाले गौतम का भी नाम सामने आया था।

- मामले में महिला अस्पताल का गार्ड गिरफ्तार, सरगना की तलाश




# पीटीओ के सरकारी वाहन से अवैध वसूली करने का वीडियो वायरल

अयोध्या कार्यालय

- उक्त वाहन यात्री कर अधिकारी रानी सिंगर को किया गया है एलॉट
- आरटीओ प्रवर्तन ने उक्त अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार।** परिवहन विभाग में यात्री कर अधिकारी (पीटीओ) रानी सेंगर के सरकारी वाहन से वाहन चालक समेत कुछ अन्य लोगों द्वारा बस चालक से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ। 'अमृत विचार' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस संबंध में आरटीओ प्रवर्तन विश्वजीत सिंह का कहना है कि उक्त अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

करीब 56 सेकेंड का यह वीडियो आरटीओ कार्यालय के निकट अयोध्या रायबरेली रोड का बताया जा रहा है। इसमें दिख रहा है कि यात्री कर अधिकारी की गाड़ी सड़क किनारे खड़ी है, उनका चालक व दो अन्य लोग एक बस चालक को चालान की धमकी देकर पैसे वसूल रहे हैं। हालांकि यात्री कर अधिकारी रानी सेंगर वहां मौजूद है कि नहीं इसकी पुष्टि नहीं हो रही। सूत्रों के अनुसार, वसूली कर रहे युवक का नाम प्रदीप है, जो रानी सेंगर का ड्राइवर बताया जा रहा है। उसके साथ चालान की नकली कॉपी बनाने वाला युवक रोशन है, वह आरटीओ कार्यालय का कर्मी नहीं बताया जा रहा है।

आरटीओ (प्रवर्तन) विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सरकारी गाड़ी जो वीडियो में दिखाई दे रही है, वह यात्री कर अधिकारी रानी सेंगर को एलॉट की गई है। उनसे इस संदर्भ में स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद नियमानुसार उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा।

## अयोध्या का आशीष पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा ग्रुप डी में रहा टॉपर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा ग्रुप डी में अयोध्या के आशीष तिवारी ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर टॉप किया है। आशीष तारुन ब्लॉक क्षेत्र के दादूपुर मजरे तिवारी पुरवा के रहने वाले संतोष तिवारी के पुत्र हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल आदर्श इंटर कॉलेज रामपुर भगन के प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप वर्मा ने बताया कि आशीष तिवारी ने 400 में से 348 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने बताया कि इसी विद्यालय के छात्र नवीन पांडेय ने वर्ष 2014 में प्रदेश में प्रथम स्थान और वर्ष 2013 में आशीष गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था। आशीष तिवारी की इस सफलता पर विद्यालय प्रभारी ओम प्रकाश पांडे, प्रबंधक अजय प्रताप वर्मा, चाचा अमरनाथ तिवारी, पिता संतोष तिवारी, परसराम सिंह, भगवत प्रसाद सिंह अनीता वर्मा, अशोक यादव ने खुशी का इजहार किया है।



आशीष तिवारी

# आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय: महाना

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। आपातकाल की चर्चा में उन्होंने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय था। लोकतंत्र में तानाशाही के लिए कोई स्थान नहीं है। यह दिन हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और स्वतंत्रता की अहमियत की याद दिलाता है।

यूपी विधानसभा को लेकर कहा कि यह देश की सर्वोत्तम विधानसभा है। तीन वर्षों में विधायकों के योगदान और कार्यशैली की प्रशंसा की। कहा कि विधायिका का सम्मान जिस स्तर तक बढ़ा है, वह काबिले तारीफ है। तीन वर्षों में केवल दो दिन ही विधानसभा की कार्रवाई स्थगित हुई, बाकी दिन बहुत स्वस्थ, गरिमापूर्ण और लोकतांत्रिक चर्चा हुई। कहा कि जनता की समस्याएं जब सदन में उठती हैं तो विपक्ष चर्चा के लिए हमेशा तैयार रहता है। कहा कि आज जनता जागरूक और संवेदनशील हो चुकी है। हमारे विधायकों में डॉक्टर, इंजीनियर, वित्त विशेषज्ञ और कानून के जानकार शामिल हैं। बताया कि राम मंदिर निर्माण प्रारंभ होने के समय वे अयोध्या के प्रभारी मंत्री थे और इस पुण्यभूमि की सेवा करने का अवसर उन्हें मिला, जो उनके लिए गौरव की बात है। यहां विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, चन्द्रभानु पासवान, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं ने सर्किट हाउस में उनका स्वागत किया।



सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर लेते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

- विधानसभा अध्यक्ष ने की विधायकों के योगदान और कार्यशैली की प्रशंसा, रामलला के किये दर्शन

## ट्रस्ट ने साझा की निर्माण कार्य की तस्वीर







**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर में चल रहा निर्माण कार्य धीरे-धीरे अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। चार महीने में मंदिर परिसर की भव्यता और दिव्यता दिखाई देने लगेगी, जिसके लिए 28 जून से दो दिवसीय मंदिर निर्माण समिति की बैठक भी आयोजित की गई है। इस बैठक में मंदिर निर्माण संबंधित समीक्षा की जाएगी। इसके पूर्व मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने चल रहे निर्माण कार्य की कुछ तस्वीरों को भी साझा किया है। जिसमें परिसर में बने मंदिर के शिखर की भव्यता और चल रही निर्माण कार्य प्रगति की ओर निरंतर बढ़ रहा है।

# ट्रेलर से डीजल चोरी कर रहे आरोपी फायरिंग करते भागे

बीकापुर, अयोध्या

- ग्रामीणों ने एक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**अमृत विचार:** कोतवाली अतर्गत चौरे बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के परोमा गांव के समीप प्रयागराज हाईवे के किनारे डीजल चोरी का मामला सामने आया है। बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र के ही परोमा निवासी ट्रेलर चालक वाहन लेकर सोमवार की रात प्रयागराज जा रहा था। रास्ते में परोमा गांव के सामने प्रयागराज हाईवे के किनारे ट्रेलर खड़ा कर दिया। भोर में करीब चार बजे चार से पांच लोग एक कार से आए और ट्रक से डीजल निकालने लगे।

इसी दौरान आसपास के ग्रामीणों ने डीजल चोरी करते देख लिया और गुहार लगा दी। लोगों ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। एक आरोपी को पकड़ लिया, लेकिन तीन आरोपी फायरिंग करते हुए भाग निकले। ग्रामीणों ने एक आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी की पहचान अमेठी निवासी मंजीत के रूप में हुई है। आरोपी के पास से तेल रखने वाला प्लास्टिक का तीन डिब्बा भी मिला है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि आरोपी मंजीत ने अपने तीन साथियों के नाम बताए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। मामले में केस दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### जिला सैनिक बंधु की बैठक कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला सैनिक बंधु की बैठक 26 जून को सुबह साढ़े 11 से साढ़े 12 बजे तक तक कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। इसकी अध्यक्षता डीएम निखिल टी. फुंडे करेंगे। सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले. कर्नल संजीव कुमार ने बताया कि बैठक में सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों की समस्याओं/शिकायतों के समयबद्ध अनुश्रवण एवं निराकरण कराए जाने पर चर्चा होगी।

### दिव्यांग बच्चों के लिए ब्लॉकवार शिविर की तारीखें तय

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन और पुनर्वासन के लिए जिले में ब्लॉक स्तर पर शिविरों का आयोजन होगा। डीएम निखिल टी. फुंडे ने निर्देश दिया है कि शिविरों के लिए चिकित्सीय दल का गठन किया जाए। जिससे दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र और उनकी आवश्यकता के सहायक उपकरण उपलब्ध काए कराए जा सकें। बताया कि जिले में एक जुलाई को ब्लॉक मुख्यालय मसौधा, पूराबाजार में दो जुलाई, मया बाजार में तीन, सोहावल में आठ, बीकापुर में नौ, मिल्कीपुर में 10, तारून में 15, रुदौली में 16, मवई में 17, हरिंग्टनगंज ब्लाक मुख्यालय में 22 जुलाई और अमानीगंज में 23 जुलाई को सुबह 11 बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे तक शिविर का आयोजन होगा।

### अश्लील फोटो वायरल करने के आरोपी पर केस

**रुदौली, अमृत विचार :** बाबा बाजार थाना क्षेत्र की एक महिला का अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में अमेठी जिले के थाना मुंशीगंज के ग्राम सेमरा का विकास खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि महिला की तहरीर पर विकास के विरुद्ध धारा 351(3) बीएनएस व सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66 ई के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### कमिश्नर ने तीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कमिश्नर गौरव दयाल ने मंगलवार को अयोध्या नगर क्षेत्र में तीन प्रमुख निर्माण परियोजनाओ श्रीराम मंदिर के निकट रामकोट क्षेत्र में मेकेनाइज्ड स्मार्ट पार्किंग, कौशल्या घाट स्थित सर्किट हाउस और निर्माणाधीन वीवीआईपी गेस्ट हाउस का स्थलीय निरीक्षण कर भौतिक प्रगति की समीक्षा की। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने, नागरिकों व पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गतिविधि को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-तीन उमेश चंद्र सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बदलाव | आध्यात्मिक वेद और संस्कृति पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही

# रामनगरी में अध्यात्म व संस्कृति की परंपरा से जुड़ रही युवा पीढ़ी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर निर्माण से अध्यात्म की दुनिया में भी बड़ा बदलाव आया है। अध्यात्म, संस्कृति और विरासत को पहचानने के लिए अब युवा आगे आ रहे हैं। रामनगरी में आध्यात्मिक वेद और संस्कृति पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही है। इस क्षेत्र में प्रदेश सरकार भी बड़ा योगदान दे रही है।

श्रीराम वेद विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रदेव मिश्रा बताते हैं कि विद्यालय के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए सरकार भी कार्य कर रही है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण लखनऊ में संस्कृत अध्यापकों का रिफ्रेशर कोर्स है। विद्यार्थियों को पढ़ाने उच्च शिक्षा की व्यवस्था, विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना जागृत करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिससे आने वाली पीढ़ियां समाज का मार्गदर्शन कर सकें। अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का विकास हो सके। वहीं बताया कि 12 से अधिक अध्यापक इस कार्यक्रम में अयोध्या से शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। विद्यार्थियों की संख्या देखी जाए तो पहले से कई गुना अधिक बढ़ गई है। सीट से अधिक लोग एडमिशन कराने के लिए पहुंच रहे हैं।



प्रतीकात्मक फोटो

राजगोपाल संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य शरद शुक्ला ने बताया कि मंदिर निर्माण के बाद लोगों के बीच जागरुकता बढ़ी है। जिसके कारण विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ गई है। पहले कर्मकांड के माध्यम से पंडित व पुजारी बनने के लिए ही संस्कृत की पढ़ाई करते रहे हैं, लेकिन अब इसके माध्यम से लोग सिविल सर्विसेज में भी जा रहे हैं। इसलिए अब लोगों का ध्यान संस्कृत की ओर भी बढ़ रहा है। संस्कृत विद्यालय में न केवल कर्मकांड सिखाया जाता है बल्कि हिंदू धर्म की परंपरा, अध्यात्म, प्राचीन धरोहर की भी जानकारी दी जाती है।

### अयोध्या धाम में 36 से अधिक महाविद्यालय

अयोध्या धाम में 36 से अधिक संस्कृत महाविद्यालय संचालित हैं। मुख्य रूप से राजगोपाल मंदिर संस्कृत पाठशाला, कारसेवक पुरम स्थित श्री राम वेद विद्यालय, बालमुकुंद संस्कृत महाविद्यालय, तोतद्री मठ संस्कृत महाविद्यालय, त्रिदंडदेव संस्कृत महाविद्यालय, नारायण आश्रम संस्कृत पाठशाला, मणिराम दास छावनी संस्कृत महाविद्यालय, अशर्फी भवन संस्कृत महाविद्यालय, श्रीरामवल्लभा कुंज स्थित संस्कृत महाविद्यालय, वीर राघव भागवत संस्कृत महाविद्यालय, कौशलेश सदन स्थित संस्कृत महाविद्यालय, जानकी रमण संस्कृत विद्यालय, योगीराज श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय समेत अन्य विद्यालयों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा गुरुकुल महाविद्यालय भी संचालित किया जा रहे हैं। जहां कुल मिलाकर लगभग 15 हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

## अजय कुमार गौतम ने संभाला उप कुल सचिव का प्रभार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय में मंगलवार को उप कुलसचिव पद पर अजय कुमार गौतम ने पदभार ग्रहण कर लिया है। वह छत्रपति शाहू जी महराज विश्वविद्यालय कानपुर से स्थान्तरित होकर यहां आए हैं। प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह के आदेश के क्रम में मंगलवार को उन्होंने विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव पद का दायित्व संभाला। अब तक उप कुलसचिव की कुर्सी खाली चल रही थी। अब अवध विश्वविद्यालय के कार्यों में सुगमता आएगी। यह जानकारी कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने दी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## सार-संक्षेप



कामाख्या धाम मंदिर से निकली कलश यात्रा में शामिल विधायक रामचंद्र यादव व अन्य।

### श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** कामाख्या धाम मंदिर में श्री शतचंडी महायज्ञ और देवी पूजन की शुरुआत मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हुई। क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। विधायक के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश लेकर यज्ञशाला तक यात्रा की।श्री शतचंडी महायज्ञ और देवी पूजन 25 से 29 जून तक होगा। यज्ञ में दुर्गा सप्तशती का सौ बार पाठ किया जाता है। 30 जून को सुबह आठ बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उसी दिन रात में जबाबी कीर्तन में मध्य प्रदेश की नीलम विश्वकर्मा और उरई के अजय विजय भाग लेंगे। कार्यक्रम में आयोजक बृज किशोर मिश्र, मां कामाख्या धाम के पुजारी आचार्य मनोज मिश्रा, निर्मल शर्मा और विकास मिश्रा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### परीक्षा नियंत्रक ने परिसर के परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की नॉन एनईपी पीजी, यूजी वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं मंगलवार से दो पालियों में शुरू हुई। आवासीय परिसर के प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा का कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। परीक्षा नियंत्रक विनय सिंह ने बताया कि दो पालियों की सेमेस्टर परीक्षा में एक हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चल रही है।

### एनसीसी कैडेटों ने लिया फायरिंग का प्रशिक्षण



अटल बिहारी वाजपेई क्रीड़ा परिसर में शस्त्र का प्रशिक्षण प्राप्त करते एनसीसी कैडेट।

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में 65वीं यूपी बटालियन के संयुक्त वार्षिक एनसीसी कैंप में अयोध्या और अंबेडकर नगर 602 कैडेट प्रशिक्षण ले रहे हैं। डिप्टी कैंप कमांडेंट गौरव सूद का कहना है कि कैडेटों को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक और भविष्य के नेता के रूप में भी तैयार करना है। लेफ्टिनेंट डॉ. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

### जिले के दो एडीजे प्रोन्नत

**अयोध्या, अमृत विचार :** हाईकोर्ट प्रशासन ने जिले में तैनात दो अपर जिला जजों को प्रोन्नति देकर गैर जिला स्थानांतरित कर दिया है। इस तबादले से जिले की दो विशेष न्यायाधीश स्तर की अदालत में भी फेरबदल हुआ है। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक अपर जिला जज प्रथम वंदना सिंह और अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अल्पना सक्सेना को प्रोन्नति देकर क्रमश : आजमगढ़ और बाराबंकी का मोटर दुर्घटना क्लेम ट्रिब्यूनल का पीठासीन अधिकारी बनाया गया है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वितीय रजत वर्मा को स्पेशल जज आवश्यक वस्तु अधिनियम के पद पर तैनाती दी गई है। विशेष न्यायाधीश आवश्यक वस्तु अधिनियम राकेश कुमार को फिर विशेष सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट बनाया गया है। इस फेरबदल से जिले की विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वितीय तथा अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय की कोर्ट रिक्त हो गई है।

### विधायक ने किया जेएसवाई वार्ड का उद्घाटन



सोहावल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जेएसवाई वार्ड का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक डॉ अमित सिंह चौहान व मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह।

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल में बनाए गए जेएसवाई वार्ड का मंगलवार को बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बेबी किट का वितरण सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान मौजूद रहे। तीनों अधिकारियों ने परिसर में पौधरोपण करने के बाद सीएचसी का निरीक्षण किया। इसकी उन्नति में आने वाली बाधाओं के बारे में चर्चा की। मुख्य विकास अधिकारी सिंह ने कहा जिले में सोहावल सीएचसी को मॉडल बनाने के लिए संकल्पित मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रारूप पर विकास के लिए आर्थिक कमजोरी नहीं आने दी जाएगी। क्षेत्रीय विधायक अमित सिंह चौहान ने कहा हमारा प्रयास है सीएचसी से जुड़े जितने उपकेंद्र और चिकित्सालय चल रहे हैं। सीएमओ ने बताया महीने से बंद पड़ा तहसीनपुर प्रसव केंद्र बुधवार से खुल जाएगा। यहां के लिए एएनएम की तैनाती शाम तक कर दी जाएगी। इस अवसर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. फातिमा हसन, चीफ फार्मासिस्ट जनार्दन गौड़, डॉ. उमेश तिवारी, फार्मासिस्ट हरगोविंद सिंह, डीपी यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रसाद, राजा सिंह सहित क्षेत्र की आशा बहू सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### खाद प्रकरण में सीतापुर के डीएओ निलंबित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** खाद की कालाबाजारी मामले में सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) मनजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कृषि मंत्री मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 75 जिलों में 25 लाख 74 हजार मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। फिर भी यदि कोई किसान को ऊंचे दामों पर खाद बेच रहा है, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि 22 और 23 जून को लखनऊ, सीतापुर समेत कई जिलों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ओवररेटिंग, टैगिंग और रजिस्टर में गड़बड़ी के मामलों में संबंधित प्रतिष्ठानों को सील कर उनके लाइसेंस निलंबित या निरस्त कर दिए गए हैं। कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी से जब पूछा गया कि पिछली बार निरीक्षण कब किया गया तो उन्होंने बताया कि मार्च के बाद से वे निरीक्षण पर नहीं गए। यह बात सुनते ही मंत्री ने उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने बताया कि अब सिर्फ सक्रिय रिटेलर ही खाद का व्यवसाय कर सकेंगे।

### इस सप्ताह जमकर बारिश होने का अनुमान

**लखनऊ :** प्रदेश में इस सप्ताह जमकर बारिश होगी। आगरा, लखीमपुर खीरी और कुशीनगर समेत 16 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच बारिश की वजह से कई जगहों पर बिजली गिरने का भी अलर्ट है। दरअसल, राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मॉनसून अपना असर दिखाना शुरू कर रहा है। इस दौरान कई जगहों पर भारी बारिश और आंधी-तूफान का असर देखने को मिलेगा। विभिन्न हिस्सों में मौसम विज्ञान विभाग ने अगले हफ्ते भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है।

**पुरुषोत्तम सिंह महाविद्यालय, सिंघनी, सुल्तानपुर**

में सेल्फ फाइनेन्स के अन्तर्गत निम्न पदों पर आवश्यकता है स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी.ए. पाठ्यक्रम में–राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, एवं गृह विज्ञान प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01–01 पद,

**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्वहस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबंधक**

**मो.–9450046134, 9005469650, 9794771259, 7233948528**

# गणित, विज्ञान और इतिहास की टीचर नहीं

## 12 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की 35 हजार छात्राओं का भविष्य खतरे में, भर्ती प्रक्रिया तेज किए जाने की जरूरत

अयोध्या कार्यालय।



कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तारुन की छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के 12 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में गणित, विज्ञान व इतिहास की टीचर ही नहीं है। शिक्षिकाओं की भारी कमी ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। इन विद्यालयों में पढ़ने वाली 35 हजार से अधिक छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में कई चुनौतियाँ सामने आ रही हैं। हाल ही में शुरू किए गए कंप्यूटर साइंस जैसे आधुनिक और तकनीकी विषय के लिए भी प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है।

इस स्थिति ने इन विद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता को प्रभावित किया है और छात्राओं के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ा दी है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जो मुख्य रूप से ग्रामीण और वंचित वर्ग की बालिकाओं की शिक्षा के लिए स्थापित किए गए हैं, का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। शिक्षिकाओं की कमी के कारण यह उद्देश्य अधूरा रह गया है। वर्तमान में इन विद्यालयों में शिक्षा का दायरा सिलाई, कढ़ाई और पाक कला जैसे पारंपरिक कौशलों तक सीमित हो गया है। हालांकि ये कौशल महत्वपूर्ण हैं, लेकिन आधुनिक समय में विज्ञान, गणित और तकनीकी विषयों की शिक्षा के बिना छात्राएँ प्रतिस्पर्धी दुनिया में पीछे रह सकती हैं। कंप्यूटर साइंस जैसे विषय की अनुपस्थिति तो और भी चिंताजनक है, क्योंकि डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान अनिवार्य हो गया है। इस संकट के कई कारण हैं। पहला, ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने के लिए योग्य शिक्षिकाओं की अनिच्छा। दूसरा, शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में देरी और प्रशासनिक उदासीनता। तीसरा, इन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षिकाओं को पर्याप्त प्रशिक्षण और प्रोत्साहन का अभाव। आठ साल से किसी की तैनाती इन विद्यालयों में नहीं की गई है।

अभिभावक महेश कुमार व चंदन प्रजापति आदि का कहना है कि सरकार और शिक्षा विभाग को चाहिए कि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को तेज किया जाए और विशेष रूप से विज्ञान, गणित और कंप्यूटर साइंस जैसे विषयों के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने के लिए शिक्षिकाओं को प्रोत्साहन और सुविधाएँ प्रदान की जाएँ। स्थानीय शिक्षित महिलाओं को अंशकालिक शिक्षक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का लक्ष्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्ग की बालिकाओं को सशक्त बनाना भी है।

> अभी हाल ही में बेसिक शिक्षा अधिकारी का प्रभार मिला है। सभी कॉलेजों से शिक्षिकाओं की कमी का ब्यौरा मांगा जाएगा। समाधान का प्रयास किया जाएगा। **–अवनीश कुमार पाण्डेय, प्रभारी बीएसए।**

## 43 खाद्य पदार्थ मिले अधोमानक, जुर्माना

**अयोध्या कार्यालय।** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पीके त्रिपाठी ने गत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की। बताया कि इस वित्तीय वर्ष में मई माह तक 121 खाद्य पदार्थो में से 81 जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें 43 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत मिले। 44 वादों का निर्णय किया गया, जिसमें कुल सात लाख 99 हजार का अर्थदण्ड लगाया। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में विभाग द्वारा 600 खाद्य पदार्थो के नमूनें संग्रहित किये गये। इसमें से 546 जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें 330 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत पाये गये। न्यायालय द्वारा उक्त अवधि में 326 वादों का निर्णय किया गया जिसमें कुल 86 लाख 65 हजार का अर्थदंड लगाया गया। इसमें एक प्रकरण में छह माह की सजा सुनायी गयी।

## जनपदीय स्कूली खेल प्रतियोगिताएं दो से

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** जनपदीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी की ओर से घोषित कर दिया गया। दो जुलाई से शुरू होने वाली प्रतियोगिता 11 सितम्बर तक चलेंगी।

| प्रतियोगिता | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|
| सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर-14बालक | 02 जुलाई | जीजीआईसी। |
| सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर 17 बालक | 02 जुलाई | जीजीआईसी। |
| सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर-17 बालिका | 03जुलाई | जीजीआईसी। |
| सबजूनियर नेहरू हॉकी बालक | 12 जुलाई | फॉर्ब्स इंटर कॉलेज। |
| जूनियर नेहरू हॉकी बालक-बालिका अंडर-17 | 15 जुलाई | एसएसवी इंटर कॉलेज। |
| तैराकी, डाइविंग अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका | 17 जुलाई | जीआईसी। |
| वाटरपोलो अंडर-19 | 17 जुलाई | जीआईसी। |
| फुटबॉल अंडर- 14,17,19 बालक-बालिका | 21 व 22 जुलाई | राजकरण इंटर कॉलेज। |
| कुश्ती फ्री स्टाइल अंडर-14,17,19 बालक | 24, 25 जुलाई | मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज। |
| ग्रीकोरोमन अंडर-17, 19 वर्ग | 24, 25 जुलाई | मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज। |
| कुश्ती फ्री स्टाइल अंडर-14,17,19 बालिका | 24, 25 जुलाई- | मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज। |
| हैंडबॉल अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका | 30 व 31 जुलाई | आदर्श इंटर कॉलेज। |
| कबड्डी अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 5 से 7 अगस्त | जीआईसी। |
| हॉकी अंडर-14,17,19 वर्ष बालक व बालिका | 8 अगस्त | जीआईसी। |
| बास्केटबॉल अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका | 11 अगस्त | महाराजा इंटर कॉलेज। |
| तीरंदांजी अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका | 12 अगस्त | आरडी इंटर कॉलेज। |
| बैडमिंटन व टेबल टेनिस अंडर-17,19 बालक , बालिका | 13 व 14 अगस्त | आदर्श इंटर कॉलेज। |
| जूडो अंडर- 14,17, 19 बालक | 16 अगस्त | मनोहर इंटर कॉलेज। |
| बॉक्सिंग अंडर-14, 17, 19 बालक व बालिका अंडर | 17-18 अगस्त | विद्यामंदिर इंटर कॉलेज। |
| वॉलीबॉल अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 18 व 19 अगस्त | विद्यामंदिर इंटर कॉलेज। |
| ताइक्वाण्डो अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 20 अगस्त | एसएसवी इंटर कॉलेज। |
| मलखम्भ अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 21 अगस्त | सन्त बाल विकास इंटर कॉलेज। |
| जिम्नास्टिक अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 22 अगस्त | रामनेवाज इंटर कॉलेज। |
| शूटिंग अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 23 अगस्त | आरडी इंटर कॉलेज। |
| वेटलिफिटिंग अंडर-17,19 बालक-बालिका | 23अगस्त | पृथ्वीराज चौहान इंटर कॉलेज। |
| क्रिकेट अंडर-14,17,19 बालिका | 25 व 27 अगस्त | जीजीआइसी। |
| क्रिकेट अंडर-14,17,19 बालक | 28 से 30 अगस्त | राजकरण, मनोहरलाल व एसएसवी इंटर कॉलेज। |
| खो-खो अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 2 व 3 सितम्बर | बापू बालिका इंटर कॉलेज। |
| कराटे अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 4 सितंबर | आदर्श इंटर कॉलेज। |
| योगासन अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 6 सितंबर | आर्य कन्या इंटर कॉलेज। |
| गतका अंडर-17,19 बालक-बालिका | 8 सितंबर | जीजीआइसी गोसाईगंज। |
| थांगता मार्शल आर्ट अंडर-17,19 वर्ष बालक-बालिका | 9 सितंबर | मनोहर लाल इंटर कॉलेज। |
| कुरास अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 9 सितंबर | आदर्श इंटर कॉलेज। |
| कलारीपयट्टु अंडर-14,17 .19 बालक-बालिका | 10 सितंबर | जीआइसी गोहनिया। |
| वुशु अंडर- 17,19 बालक-बालिका | 11 सितंबर | पृथ्वीराज चौहान इंटर कॉलेज। |
| शतरंज अंडर-14,17,19 बालक-बालिका | 11 सितंबर | आदर्श इंटर कॉलेज। |
| सेपक टाकरा अंडर- 14,17,19 | 11 सितंबर | राजकरण इंटर कॉलेज। |

## अवध विवि में जुटेंगे चार राज्यों के कुलपति व 400 डेलीगेट्स

▸▸ **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कॉन्फ्रेंस 'विकास 2025' चार को**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में चार जुलाई को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की बड़ी कांफ्रेंस 'विकास 2025' होने जा रही है।

इसे लेकर मंगलवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यूजीसी विकास 2025 के आयोजन में सेंट्रल जोन के चार प्रदेश उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं स्वायत्तशासी कॉलेज के प्राचार्य इस कांफ्रेंस में प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभागी विशेषज्ञ कौशल युक्त शिक्षा पर अपने अपने विचार व्यक्त करेंगे। कुलपति ने गठित समितियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी शीघ्र आवंटित कार्यों को पूर्ण करने में जुट जाएं। इसके लिए विभिन्न तैयारी समितियों का गठन किया गया है।

कॉन्फ्रेंस के संयोजक प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ अनुभवजनित ज्ञान प्राप्त करना इस कांफ्रेंस का मूल उद्देश्य है। इसका आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार होगा। ऑनलाइन बैठक वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, प्रो. राम बटुक सिंह, प्रो. संजय पाठक, प्रो. हिमांशु शेखर, प्रो. नीलम पाठक, डॉ. ओम प्रकाश सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. शैलेंद्र कुमार प्रो. सुरेंद्र मिश्र, इंजीनियर आरके सिंह शामिल रहे।

**कार्यालयः नगर निगम अयोध्या**

पत्रांक: 242/न0नि0अयो0/2025–26 दिनांक: 24/06/2025

**विषय–ई–निविदा सूचना न0नि0 अयो0 द्वारा वित्तीय वर्ष (2025–26) के लिये नगर निगम के विभागीय कार्यों हेतु विभिन्न प्रकार के टैक्सी वाहनों को किराये पर प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में।**

**ई–निविदा सूचना**

नगर निगम अयोध्या के द्वारा वित्तीय वर्ष (2025–26) के लिये नगर निगम के विभागीय कार्यो हेतु विभिन्न प्रकार के टैक्सी वाहनों को किराये पर प्राप्त किये जाने हेतु फर्मो के चयन व दरों के स्वीकृतार्थ दिनाँक: 25.06.2025 से 08.07.2025 को अपरान्ह 05:00 बजे तक ऑनलाइन ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की गयी है। प्राप्त निविदाओं को दिनाँक: 09.07.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे खोला जायेगा। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा मूल्य व जमानत धनराशि Net Banking, **Link-https://emdnagarnigamayodhya.in/loginwithotp** के माध्यम से सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार, अपने खाते से कार्य के सापेक्ष आपेक्षित जमानत धनराशि व निविदा शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

**मुख्य अभियन्ता (वि0/याँ0)**
**नगर निगम अयोध्या**

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
• BA (Mass Comm.) • BA (Journalism)
PG Programs
• MA (Mass Comm) • MA (Journalism)
• MA (English) • MA (Psychology)
• MA (Sociology) • MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
• BBA (Finance & Taxation) • B.Com (H)
• BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
• MBA • M.Com. • MCA
• MPH • MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# अकबरपुर, टांडा और किछौछा में रखें निगरानी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**समीक्षा**

डीएम ने बैठक में संचारी अभियान को लेकर दिए निर्देश


अभियान को लेकर बैठक करते डीएम अनुपम शुक्ला व सीएमओ डॉ. संजय कुमार।

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई एवं दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई के सम्बंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से उनके द्वारा की गई तैयारियों को लेकर विभागवार समीक्षा की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद अकबरपुर, टांडा, किछौछा में चिह्नित हाई रिस्क एरिया में साफ-सफाई अभियान पर विशेष ध्यान देने तथा अभियान चलाकर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस अभियान के सफल संचालन के लिए अपने दायित्वों को पूर्ण मनोयोग से निभाएं। दस्तक तथा संचारी अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटी लारवा, साफ-सफाई, फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में उथले हैंडपंप पर लाल निशान लगाने तथा लोगों को उससे पानी न पीने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों और क्षेत्र में जल जीवन मिशन से जलापूर्ति हो रही है, वहां पर लोगों को जल जीवन मिशन से आपूर्ति किए जा रहे हैं जल का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त केन्द्र अधिक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने नष्ट कराया 125 दर्जन केला और 69 किग्रा आम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड-2 के आदेश के क्रम में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से मंगलवार को अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन के सचल दल द्वारा बसखारी में अमीर पुत्र मेंहदी हसन, मो. अली पुत्र यार मोहम्मद, अब्दुल कलाम पुत्र शाह मुहम्मद, प्रवेश मौर्या पुत्र उमेश मौर्या, मो. इश्तियाक पुत्र मो. सलीम, बृजेश कुमार अयोध्या, एहसान पुत्र अजादार हुसैन, संजय कुमार पुत्र मोतीलाल, मो. मक्की पुत्र मो. मकबूल, मो. शमसुद्दीन पुत्र मो. मीन, सब्बीर पुत्र तहरूद्दीन तथा नगर पालिका परिषद अकबरपुर में फल विक्रेता दीपू पुत्र किशोरीलाल सहित कुल 12 फल विक्रेताओं के दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़े-गले और कटे लगभग 125 दर्जन केला तथा लगभग 69 किग्रा आम, पपीता, मौसमी तथा अनार का मौके पर नष्ट करण कराया गया

## सार-संक्षेप

### 5 हजार रुपये रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल गिरफ्तार


रामकरण राम, लेखपाल।

**संवाददाता, आजमगढ़, अमृत विचार :** चकबंदी विभाग में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात रामकरण राम को एंटी करप्शन टीम ने 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले भी कई राजस्व निरीक्षक और चकबंदी विभाग के कर्मचारी रिश्वतखोरी के आरोप में पकड़े जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार मार्टिनगंज तहसील के सराय मोहन गांव निवासी पीड़ित कमलेश राम ने शिकायत की थी कि राजस्व निरीक्षक रामकरण राम ने उनकी पत्नी के नाम बैनामा कराई गई जमीन की पैमाइश के लिए 5000 रुपये रिश्वत मांगी थी। पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने राजस्व निरीक्षक को रंगे हाथ गिरफ्तार करने के लिए पूरी योजना बनाई और केमिकल लगे नोटों के साथ रामकरण को रिश्वत लेते हुए धर दबोचा। 1995 में राजस्व विभाग में नियुक्त हुए रामकरण के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है, जहां से जेल भेजे जाने की संभावना है।

### इटरौरा में मजलिस आज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अकबरपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम इटरौरा स्थित इमामबाड़ा कस्र-ए-हुसैनी में सैयद अहमद अब्बास के 40वें की मजलिस गुरुवार को दिन में 10 बजे से होगी। सैयद अकबर अब्बास ने बताया कि मौलाना सैयद रजी हैदर प्रयागराज और मौलाना सैयद शारिब अब्बास सिंझौली संबोधित करेंगे। सोजखानी मोहम्मद अब्बास व हमनवा करेंगे।

### जुलूस इस्तकबाले अजा कार्यक्रम का होगा आयोजन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जलालपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम कटघरमूसा में मुहर्रम की पूर्व रात्रि में इस्तकबाले अजा के शीर्षक से मातमी जुलूस का वार्षिक कार्यक्रम गुरुवार को रात्रि नौ बजे से आरम्भ होगा। काशिफ अब्बास के अनुसार मौलाना सैयद आसिफ रजा मछलीगांव द्वारा संबोधन होगा। पेशखानी आमिर अब्बास, सफदर जाफरी, नैय्यर अब्बास तथा गाजी अब्बास करेंगे। इसके अतिरिक्त अंजुमन जाफरिया मितूपुर आजमगढ़, अंजुमन जुल्फेकारिया खासपुर टांडा और अंजुमन गुंच, हुसैनी कटघरमूसा दौरान जुलूस नौहोमातम करेगी।

### प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचीं किताबें

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में शिक्षा विभाग ने प्राथमिक विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति कर दी है। ब्लॉक भियांव के बंदीपुर प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर में किताबें पहुंच गई हैं। इसके अलावा मधुपुर, पकखनपुर, विछैला और कई अन्य प्राथमिक विद्यालयों को भी किताबें मिल गई हैं। विद्यालय के हेडमास्टर रमेश सिंह ने बताया कि शासन ने कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए नई पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई हैं। इन किताबों से स्कूली बच्चों की पढ़ाई में सहायता मिलेगी। शिक्षा विभाग की इस पहल से विद्यार्थियों को समय पर पाठ्य सामग्री मिल सकेगी।

### सूफी संत शाह यूनुस का उर्स मेला दे रहा एकता का संदेश


मेले में शामिल शायर। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अमन शांति का पैगाम देने वाले महान सूफी संत शाह यूनुस शाह का 64वां उर्स यूनुसी मेला पूरे शबाब पर है। तीसरे दिन नातिया मुशायरे का आयोजन हुआ। उर्स मेला आयोजन समिति के संयोजक अबुल फायक मसऊद महबूबी के दिशा-निर्देशन में कार्यक्रम के पहले दिन पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के पवित्र जीवन से संबंधित उल्लेख किया गया। उर्स मेला के दूसरे और तीसरे दिन सुबह कुरानखानी एवं रात्रि की बेला में अखिल भारतीय नातिया मुशायरा का आयोजन हुआ। जिसमें शकील आरिफी, अफजल इलाहाबादी, सगीर सबा सासाराम, शाहिद फर्रुखाबादी, सैफ शहजादपुरी, हाफिज कबीर यूनुसी जैसे जाने माने शायरों ने प्रतिभाग कर कलाम पेश किया। उर्स के चौथे दिन शाह यूनुस शाह के धर्मगुरु का फातिहा और शाह महबूबुल हसन का जश्न मनाया गया। जिसमें खानकाही व सूफीयाना कौव्वाली का बेहतरीन प्रदर्शन हुआ। कौव्वाली की लय पर देर रात तक उपस्थित मजमा झूमता रहा। विगत वर्षों की अपेक्षा इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक दिखाई दी। जिससे दरगाह तथा आसपास के इलाकों की रौनक देखते ही बन रही है।

### ईमान के साथ नेकियों का होना जरूरी : मौलाना रजा


इमामबाड़ा बैतुल अजा मीरानपुर में बोलते मौलाना मो. रजा रिजवी।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** इमामबाड़ा बैतुल अजा मीरानपुर में डॉ. कासिम हुसैन कासिद अकबरपुरी की ओर से वार्षिक मजलिस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौलाना अकबर अली वायज जलालपुरी ने मरहूम इब्ने हसन के पुण्य के लिए मजलिस पढ़ते हुए कहा कि सच्चाई और इंसाफ की राह में डरना नहीं चाहिए, चाहे हालात कितने भी मुश्किल क्यों न हों। इसी प्रकार मौलाना मोहम्मद अब्बास ने दिवंगत सादिक हुसैन के सवाब के लिए मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि इस्लाम धर्म में समय का अत्यधिक महत्व है, इसका सदुपयोग करें। जबकि मौलाना मोहम्मद रजा ने मरहूम आबिद हुसैन के पुण्य के लिए मजलिस पढ़ते हुए सूरह अल-बकरा की आयत नंबर 25 के हवाले से कहा कि यहां अल्लाह ने सीधे तौर पर अपने प्यारे नबी को हुक्म दिया है कि वह उन लोगों को खुशखबरी दें, जो सच्चे दिल से ईमान लाए और नेक अमल किए। यानी सिर्फ जबानी ईमान काफी नहीं, बल्कि उस ईमान के साथ नेकियों का होना जरूरी है। अंजुमन अकबरिया की ओर से असरार हुसैन ने नौहाखानी किया। उन्होंने पुरदर्द आवाज में शायर कासिद अकबरपुरी, अशरफ अकबरपुरी और जफर नसीराबाद का कलाम पेश किया। जामिन अब्बास, अलमदार हुसैन, मशहदी, रज्जू आदि ने व्यवस्था संभाली।

## एक नजर

### दहेज हत्या में पति, सास और चचेरे ससुर को आठ-आठ साल की सजा

**अंबेडकरनगर :** जनपद के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के एक मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पति, सास और चचेरे ससुर को आठ साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामला 2015 का है। बता दें कि बेवाना के अटंगी डड़वा निवासी हरिश्चंद्र यादव ने अपनी बेटी की शादी 27 मई को इब्राहिमपुर के गोवर्धनपुर निवासी त्रिलोकी नाथ से की थी। शादी में दहेज के रूप में एक लाख रुपये नकद, अंगूठी, चेन, बाइक और अन्य घरेलू सामान दिया गया था। शादी के कुछ दिन बाद ही पति त्रिलोकी नाथ और सास दुलारी देवी ने एक लाख रुपये की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो 8 नवंबर 2015 को त्रिलोकी नाथ, उसके चाचा रामजनम और बहन पूनम ने लडक़ी का गला दबाकर हत्या कर दी। अपर जिला जज प्रथम जया पाठक की अदालत ने पति त्रिलोकी नाथ, चाचा रामजनम और सास दुलारी देवी को दोषी करार दिया। तीनों पर 9-9 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है।

### नाली पर निर्माण की ग्रामीणों ने एडीओ पंचायत से की शिकायत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** ब्लॉक क्षेत्र जलालपुर के ग्राम पंचायत बासिया में खुली नाली पर पटिया निर्माण कराए जाने से ग्राम वासियो में आक्रोश है। लोगों ने एडियो पंचायत को शिकायती पत्र देकर खुली नाली पर पटिया निर्माण रोके जाने की मांग किया है। ग्राम वासियों का कहना है कि 18 वर्ष पूर्व अग्नू के घर से ककरहिया तालाब तक लगभग 250 मीटर खुली नाली का निर्माण रास्ते के बगल से कराया गया था जो आज तक दुरुस्त है। खुली नाली होने से लोगों को साफ-सफाई करने में आसानी होती थी और पानी भी निकल जाता था, लेकिन पटिया लगा देने से साफ-सफाई के अभाव में नाली में पानी जाम हो जाने से लोगों के घरों में पानी घुस जाएगा। बार-बार मना करने पर भी ग्राम प्रधान द्वारा कार्य बंद नहीं किया गया। ग्राम वासियों की मांग है कि नाली को खुला ही रहने दिया जाए। शिकायत करने वालों में पूरन यादव, सूरजपाल, चंद्र लाल, प्रशांत यादव, सेवाराम, अनिल यादव, अर्जुन यादव, पप्पू यादव आदि रहे।

### 51 दिव्यांगजनों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

**अंबेडकरनगर :** जनपद के विकास खंड भियांव में दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 51 दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र का वितरित किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अंजलि भारतीय मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। विकास अधिकारी विशाल यादव और डॉ. दीप प्रसाद पांडेय ने भी शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वरिष्ठ सहायक सुरेंद्र बहादुर और कम्प्यूटर ऑपरेटर अंशुमान ने प्रमाण पत्र वितरण में सहयोग किया। सभी प्रमाण पत्रों का सत्यापन करने के बाद ही उनका वितरण किया गया। शिविर में अन्य कर्मचारी और अधिकारी भी मौजूद रहे।

# बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां करें पूर्ण

## डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को दिए विभिन्न बीमारियों से निपटने के लिए दवाओं की व्यवस्था करने के निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर


बाढ़ से निपटने और राहत कार्यों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ आपदा से निपटने और राहत कार्यों के प्रबंधन के लिए संभावित बाढ़ की स्थिति से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए बाढ़ के पूर्व, बाढ़ के दौरान तथा बाढ़ के पश्चात की गई तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि जनपद में बाढ़ को प्रभावित करने वाली नदी घाघरा जिसकी लंबाई 70.4 किलोमीटर और तमसा है। जनपद में बाढ़ को प्रभावित करने वाला नाला थिरुआ नाला है। वहीं जनपद में मुख्य रूप से बाढ़ प्रभावित तहसीलें टांडा और आलापुर हैं। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ के समय प्रभावित क्षेत्र के आम जनमानस को आवश्यकता अनुसार खाद्यान्न, ईंधन आदि का आकलन कर आपूर्ति के लिए पूर्व से तैयारी कर लें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि जनपद के नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई तथा नाले के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ कर ली जाए। जिससे बाढ़ के दौरान नगरीय क्षेत्र में जल भराव की स्थिति न उत्पन्न हो। जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर पंपिंगसेट के माध्यम से जल निकासी कराएं। बाढ़ के दौरान बंद हो जाने वाले मुख्य मार्गों के अलावा वैकल्पिक मार्गों के मरम्मत का कार्य तथा संवेदनशील क्षेत्रों तक पहुंचने और सामग्री आपूर्ति के लिए वैकल्पिक मार्गों का चिह्नीकरण, मार्ग में आईं दरारों और गड्ढों का भराव, पानी के निकास व्यवस्था, किनारों की मरम्मत तथा पत्थर से भराव कराए जाने के लिए पूर्व से व्यवस्था सुनिश्चित करें। बाढ़ से प्रभावित शरणालय केंद्र से आपदा क्षेत्र के मध्य संपर्क मार्ग की मरम्मत तथा पुलों और सड़कों की मरम्मत के लिए आवश्यक उपकरणों और सामग्री की समय से उपलब्धता पूर्व से व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ से उत्पन्न होने वाले विभिन्न बीमारियों से निपटने के लिए पर्याप्त दवाओं की व्यवस्था और संक्रामक रोगों और महामारियों से बचने के लिए आवश्यक प्रतिरोधात्मक टीकाकरण व्यवस्था और सघन चिकित्सीय व्यवस्था व बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग, वृद्ध, दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करते हुए सूची तैयार करने के लिए तथा बाढ़ चौकियों पर दवाओं सहित पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती किए जाने संबंधी समस्त तैयारी को पूर्ण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ के दौरान सर्पदंश से होने वाली घटनाओं से निपटने के लिए पर्याप्त वैक्सीन की उपलब्धता भी सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने बाढ़ के दौरान पशुओं के चारे के अभाव की स्थिति से भी निपटने के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल को निर्देशित किया कि बाढ़ के दौरान सर्पदंश से होने वाली घटनाओं से निपटने के लिए पर्याप्त वैक्सीन की उपलब्धता रखें।

### टांडा और आलापुर तहसील के 23 गांव होते हैं प्रभावित

तहसील टांडा में बाढ़ से प्रभावित 10 ग्राम माझा उल्टहवा, करमपुर बरसावां, औसानपुर, महरीपुर, नैपुरा, माझा छज्जापुर, माझा चिंतौरा, माझा रसूलपुर मुबारकपुर, माझा कला, माझा केवटला तथा तहसील आलापुर में बाढ़ से प्रभावित 13 ग्राम माझा कम्हरिया, माझा आराजी देवारा, मकरही सर्ददीनपुर, मिर्जापुर इंदईपुर, धनुकारा, मंसूरगंज, मुबारपुर पीकार, चहोड़ा शाहपुर, बरईपुर, इसौरी नसीरपुर, कम्हरिया, बंगालपुर को बाढ़ प्रभावित गांव चिन्हित किया गया है। जनपद में बाढ़ प्रभावित कुल 23 ग्राम हैं। वहीं 13 बाढ़ चौकियां और बाढ़ राहत शिविर बनाए गए हैं। जनपद किसी भी आपदा में त्वरित सहायता और समाधान के लिए बाढ़ राहत कंट्रोल रूम जिला आपदा नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट में संचालित कर दिया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 05271- 244250, 05271- 244550 है। साथ ही आपदा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर-1077 क्रियाशील है।

### खेलते समय पोल के करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत

**आजमगढ़, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के गौरीशंकर घाट स्थित शनिदेव मंदिर के पास मंगलवार की सुबह एक बालिका की पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार नगर के सीताराम मुहल्ला निवासिनी जान्हवी पांडेय (11) पुत्री पवन पांडेय मंगलवार की सुबह गौरीशंकर घाट स्थित शनिदेव मंदिर के पास दोस्तों के साथ खेल रही थी। खेलते-खेलते उसने वहीं पास में ही लगे एक विद्युत पोल को पकड़ लिया, तभी विद्युत पोल में करंट उतर रहा था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली प्रभारी शशि मौलि पांडेय भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अनियंत्रित पिकअप की टक्कर शिक्षक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर


शिक्षक की मौत के बाद सीएचसी में परिजनों से जानकारी लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जनपद के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सड़क हादसे में चंदनपुर जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक आद्या प्रसाद की मौत हो गई।

बता दें कि आलापुर थाना क्षेत्र के जुनेदपुर इंदईपुर निवासी आद्या प्रसाद 56 वर्ष पुत्र रामदरस आलापुर तहसील क्षेत्र के चंदनपुर में राजकीय हाईस्कूल में प्रभारी प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत थे। वह स्कूल से अपने घर वापस जा रहे थे इसी दौरान बावली चौक पर अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहागीरगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दर्दनाक सड़क हादसे में शिक्षक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि अनियंत्रित अज्ञात पिकअप की चपेट में आने से यह हादसा हुआ है। वहीं पुलिस टीम मामले की आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। शिक्षक आद्या प्रसाद की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। विद्यालय के सहकर्मी, छात्र और ग्रामीण दुखी हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अजय प्रताप यादव नें बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पिकप की तलाश जारी है।

# धरने पर बैठीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष की बिगड़ी तबियत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रिंकल सिंह अपने पति भाजपा नेता संजय सिंह के साथ मंगलवार को एक बार फिर धरने पर बैठ गईं। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही पार्टी के जिलाध्यक्ष पर भी गम्भीर आरोप लगाए हैं। थाने पर धरना दे रही रिंकल सिह को बाद में महिला पुलिस थाने की पुलिस अपने साथ जिला मुख्यालय लेकर चली आई। दोपहर बाद उनकी तबियत अचानक खराब हो गई तो उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां तमाम भाजपा नेता और कार्यकर्ता उन्हें देखने पहुंचे।

भाजपा नेता रिंकल सिंह का आरोप है कि पांच दिन पहले उनके गांव जैतूपुर में कुछ व्यक्ति गांव के तालाब में मेढ़ा बना रहे थे। जबकि इसी तालाब में गांव के साथ साथ दो अन्य गांव का पानी आता है। मेढ़ा बनाये जाने का जब उन्होंने विरोध किया तो ये लोग असलहा लेकर उनके घर में घुस कर उनके पति संजय सिंह पर हमला कर दिया। इस मामले में महरुआ पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन गिरफ्तारी नहीं कर रही थी। इसके चलते रिंकल सिंह मंगलवार को अपने पति और बेटे के साथ धरने पर बैठ गईं, तो उनकी तबियत बिगड़ गई। वहीं इस सीओ भीटी लक्ष्मी कांत मिश्र ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच चल रही है।

### बीमारी से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** हंसवर क्षेत्र के मेढी सुलेमपुर में विजय यादव ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। विजय की शादी 2014 में सुरास दरवेशपुर में हुई थी। वह अपने पीछे पत्नी सहित 10 वर्षीय पुत्र और 8 वर्षीय पुत्री को छोड़ गया। विजय के अत्यधिक नशा करने के कारण परिवार से उन्हें निष्काषित कर दिया गया था, जिसके बाद वह खुद को अकेला महसूस करने लगा और घर का खर्च नहीं चल पा रहा था और हर समय अत्यधिक तनाव में रहने लगे थे। परिजनों ने बताया विजय यादव मजदूरी करता था, गरीबी के कारण उसने नशा करना शुरू कर दिया। जिससे उसका लीवर और किडनी की खराब गई। आर्थिक तंगी के चलते व इलाज न करा पाने के चलते विजय ने आखिरकार जिंदगी से हार मानकर आत्महत्या कर ली।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अंकित अनुरागी के गलत चाल चलन एवं अराजक तत्वों के साथ उठने बैठने को लेकर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। उसके द्वारा किये गये कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **कृष्णा कुमारी पुत्री मंगल निवासी – नई बस्ती, पठानपुरा राठ (हमीरपुर) उ0प्र0**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 212073648 में मेरा नाम महेशा अंकित है, जबकि सभी आईडी प्रूफ में अनीता देवी पत्नी पुरुषोत्तम लाल माधौपुर सुल्तानपुर अरखा ऊंचाहार जिला रायबरेली दर्ज है। महेशा पत्नी पुरुषोत्तम लाल और अनीता पत्नी पुरुषोत्तम लाल दोनों ही नाम मेरे हैं। मैं दोनों नामों से जानी जाती हूं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं Arun Pandey पुत्र राम करन पाण्डेय, निवासी– W/20, मानस नगर, अलीनगर सुनहरा, संत सांई पब्लिक स्कूल के पास, लखनऊ, उ0प्र0–226023, मेरी पुत्री Sakshi Pandey के सभी शैक्षिक दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मेरा नाम त्रुटिवश – Arun Kumar Pandey अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि सत्य एवं वास्तविक नाम Arun Pandey है, जो कि आधार कार्ड नं0–45580218 8219 में दर्ज है। अतः मेरा वास्तविक नाम Arun Pandey उपरोक्त पुत्री – Sakshi Pandey के समस्त दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मान्य किया जाय।

**सूचना**

मेरा पुत्र दीपक दीक्षित गलत संगत में पड़ गया है। इस कारण मैंने उससे सम्बंध विच्छेद कर लिए। यदि उससे कोई किसी प्रकार का लेन देन करता है। तो वह इसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मैंने उसे अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **विजय कुमार पुत्र रघुवीर सहाय, निवासी– 89 यमुना विहार कालोनी – करनपुरा , इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सिमरह सिद्दीक पुत्री उमर सिद्दीक तबरेज, निवासिनी–544क/44 सरदार नगर कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ,** मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 11–02–2010 है जोकि आधार कार्ड पर भी अंकित है। लेकिन मेरे हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 10–02–2010 अंकित हो गयी है जो गलत है। अतः मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखो में दर्ज किया जाय।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सैयद रजा का चाल–चलन ठीक नहीं है। वह मेरा भरण पोषण नहीं करता है और आए दिन झगड़ा लड़ाई करता है। जिससे तंग होकर मैं उसे अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। **अहमद रजा पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद राजा निवासी – मोहल्ला बमपुलुस, कस्बा व थाना एवं तहसील– करनैलगंज जिला गोंडा**

**निर्देश**

मंडलायुक्त ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं राजस्व विभाग की समीक्षा, कहा–शिकायतों को संज्ञान में लें सीडीओ

# पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंगलवार को मंडलायुक्त सभागार मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं राजस्व की शासन स्तर से जारी प्रगति व रैंकिंग के आधार पर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मंडलायुक्त विवेक ने आजमगढ़, मऊ एवं बलिया को सीएम डैशबोर्ड पर माह मई 2025 में ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार आने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी तथा आगे भी ग्रेडिंग एवं रैंकिंग को लगातार बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने बैठक में कहा कि विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलें तथा विद्युत से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उसके निस्तारण के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि पहली किस्त जारी होने के बाद निर्माण कार्य पूर्ण होते ही दूसरी किस्त भी जारी करें। उन्होंने कहा कि पलायन करने वाले तथा अपात्रों को सूची से हटा दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति मृतक है तो उसके वारिस के चयन हेतु ग्राम सभा से प्रस्ताव पास कराएं।

मनरेगा की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लें। उन्होंने कहा कि जो ग्राम प्रधान जेसीबी या अन्य मशीनों से कार्य कराएं, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि मेडिकल उपकरणों का रख-रखाव सही रखें तथा सभी चिकित्सालय में सिटी स्कैन मशीन क्रियाशील होनी चाहिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि सभी वृद्धाश्रमों का निरीक्षण कर लिया जाए तथा बारिश को देखते हुए प्रत्येक 15 दिन में व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें। वहीं 15वां वित्त आयोग एवं 5वां वित्त आयोग की धनराशि को खर्च करने हेतु पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत करने तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी आजमगढ़ रविंद्र कुमार, जिलाधिकारी मऊ प्रवीण मिश्रा, जिलाधिकारी बलिया मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ परीक्षित खटाना, मुख्य विकास अधिकारी मऊ प्रशान्त नागर, मुख्य विकास अधिकारी बलिया ओजस्वी राज सहित तीनों जनपदों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


विकास कार्यों की समीक्षा करते मंडलायुक्त विवेक। अमृत विचार

### पौधरोपण के लिए स्थान का चयन कर लें: विवेक

बैठक में सामाजिक वानिकी प्रभाग की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त विवेक ने कहा कि पौधरोपण के लिए स्थान का चयन कर लें तथा समय से गड्ढ़ों की खोदाई करा लें। उन्होंने कहा की कि मांग के अनुसार विभागों को वृक्ष उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग पूरी संवेदनशीलता से पौधरोपण कराएं तथा जियो टैग भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधान व सेक्रेटरी को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी की सफलता का पैमाना विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्य धारा में लाना है।

# बिजली विभाग पर फूटा उपभोक्ताओं का गुस्सा

## पूरबटोला फीडर से 10 घंटे ठप रही आपूर्ति, नाराज उपभोक्ताओं ने तुलसीपुर रोड किया जाम

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार**। बिजली आपूर्ति में हो रही लगातार बाधा से परेशान लोगों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। बीती रात करीब 10 बजे बिजली गुल हो गई। दो बजे तक बहाल ना होने पर उपभोक्ता सड़कों पर उतर आए और तुलसीपुर रोड को जाम कर दिया। पूरबटोला फीडर से तकनीकी खराबी के चलते करीब 10 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। भीषण गर्मी में लोग पूरी रात तड़पते रहे।



बिजली कटौती के खिलाफ तुलसीपुर रोड पर धरना देते नगरवासी। अमृत विचार

स्थानीय लोगों का आरोप है कि डीएवी इंटर कॉलेज के पास बिजली का तार आए दिन टूट जाता है। लेकिन विभाग इसकी स्थायी मरम्मत कराने के बजाय अस्थाई समाधान कर मामले को टालता रहता है। इससे बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित होती है। विरोध कर रहे लोगों ने बताया कि रात में कम से दस - दस बार कटौती होती है। जेई और एसडीओ को फोन करें तो फोन नहीं उठता। पावरहाउस का फोन भी बिजी या स्विच ऑफ रहता है। लग भी जाए तो रिसीव ही नहीं होता। इससे नाराज होकर लोगों ने रात में ही सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

सभासद संदीप मिश्रा ने कहा बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों की नींद हराम हो गई। डीएवी के पास रोज तार टूटता है फिर भी विभाग आंखें मूंदे बैठा है। सभासद नंदलाल तिवारी ने कहा जनता की पीड़ा को अनदेखा किया जा रहा है। बिजली विभाग की कार्यशैली से लोग बुरी तरह त्रस्त हैं। रोज रोज का काम हो गया है। सोमवार रात भी लगभग आठ घंटे की कटौती हुई थी। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया तो अगली बार आंदोलन और बड़ा होगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया।

## तेंदुए की आशंका पर लगाया ट्रैपिंग कैमरा

▸▸ वन विभाग ने ग्रामीणों की शिकायत पर की कार्रवाई

संवाददाता, जरवा, बलरामपुर

**अमृत विचार**। सुहेलवा वन्य जीव प्रभाग के जनकपुर रेंज अंतर्गत चौहत्तर कला गांव में तेंदुए की लगातार गतिविधियों की आशंका के मद्देनजर वन विभाग सतर्क हो गया है। ग्रामीणों द्वारा जंगल से तेंदुआ के बार-बार बाहर आने की शिकायतों के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के समीप ट्रैपिंग कैमरा लगवाया है।



चौहत्तर कला गांव में ट्रैपिंग कैमरा लगाते वन विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

वन क्षेत्राधिकारी अमरजीत प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से इस संबंध में एक औपचारिक आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसे तत्काल अग्रेषित कर दिया गया है। उनकी अनुमति मिलते ही पिंजरा (केज ट्रैप) भी लगाया जाएगा ताकि किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। स्थापित ट्रैपिंग कैमरा न केवल तेंदुए की उपस्थिति की पुष्टि करेगा, बल्कि अन्य वन्य जीवों की गतिविधियों को भी रिकॉर्ड करने में सक्षम होगा। इससे विभाग को उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखने और सुरक्षा के दृष्टिकोण से आगे की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी।

राम कैलाश, अशोक, ओमप्रकाश, विकाश, रियाज, भगीरथ, दीपक समेत कई ग्रामीणों में तेंदुए की आशंका को लेकर भय का माहौल बना हुआ है, और पिंजरा लगवाने की मांग की है। ऐसे में वन विभाग की यह तत्परता ग्रामीणों के लिए राहत की बात मानी जा रही है। अधिकारी ने यह भी अपील की है कि जब तक तेंदुए की पुष्टि न हो जाए, ग्रामीण सतर्क रहें और अकेले जंगल की ओर न जाएं।

## बलरामपुर से कोलकाता जाने के लिए सीधा रास्ता खुला

▸▸ अब यहां से चलाई जाएगी आसनसोल एक्सप्रेस

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बलरामपुर के यात्रियों को अब कोलकाता जाने के लिए गोरखपुर नहीं जाना पड़ेगा। रेलवे बोर्ड ने गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस (13507/13509) के मार्ग विस्तार को मंजूरी देते हुए अब इसे बलरामपुर से संचालित करने का फैसला लिया है। इस महत्वपूर्ण फैसले से बलरामपुर सहित आसपास के जिलों महराजगंज और सिद्धार्थनगर के यात्रियों को कोलकाता तक सीधी रेल सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

रेल प्रशासन के अनुसार यह ट्रेन बलरामपुर से बढ़नी, आनंदनगर होते हुए गोरखपुर पहुंचेगी और वहां से अपने निर्धारित मार्ग के अनुसार आसनसोल होते हुए कोलकाता जाएगी। गोरखपुर से यह ट्रेन सुबह 5:55 बजे रवाना होकर बलरामपुर सुबह 9:00 बजे पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन बलरामपुर से शाम 5:00 बजे चलेगी और रात 8:05 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। रास्ते में आनंदनगर, सिद्धार्थनगर, बढ़नी और तुलसीपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा।

पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन संचालन से पहले बलरामपुर रेलवे स्टेशन पर शुभारंभ समारोह आयोजित किया जाएगा। ट्रेन की शुरुआत की तारीख रेलवे द्वारा जल्द घोषित की जाएगी। बलरामपुर से कोलकाता तक सीधी ट्रेन सुविधा शुरू होने से आम यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों को काफी राहत मिलेगी।

## संचारी रोग रोकथाम के लिए नगर पालिका ने बनाई रणनीति

**बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय नगर में संचारी दस्तक अभियान की बैठक नगर पालिका में सम्पन्न हुई। इस अभियान का उद्देश्य संचार से फैलने वाली बीमारियों जैसे मलेरिया और डेंगू को रोकना है। बैठक में नोडल स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका सहित नौ विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हर वर्ष संचारी दस्तक कार्यक्रम चार-चार माह के अंतराल पर मनाया जाता है और इस बार जुलाई माह में यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगर क्षेत्र में नालों और नालियों की नियमित साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, और सार्वजनिक नलों पर पीने योग्य पानी की जांच की जाएगी।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए नियमित साफ-सफाई, फॉगिंग, और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना आवश्यक है।

## स्टॉप डायरिया अभियान का किया उद्घाटन

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में 'स्टॉप डायरिया अभियान-2025' का शुभारंभ किया गया।




स्टाप डायरिया अभियान का उद्घाटन करते सीएमओ। अमृत विचार

डायरिया से होने वाली मृत्यु को शून्य तक लाने के उद्देश्य पर बल देने के लिए इस महत्वपूर्ण अभियान को 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत डायरिया से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु समुदाय स्तर पर जन जागरूकता से संबंधित कई अहम गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्टॉप डायरिया अभियान हमारे बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर डॉ राज कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डीएमओ राजेश पाण्डेय, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## हिंदू संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन, मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

▸▸ समुदाय विशेष के लोगों पर मारपीट व आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप

**गोंडा, अमृत विचार** : विगत दो दिन पूर्व पर थाना परसपुर क्षेत्र के मगलौसा भौरीगंज में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा हिंदू परिवारों पर हमले किए जाने व आपत्तिजनक तालिबानी शब्दों का प्रयोग किए जाने से आक्रोशित विहिप बजरंग दल और केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को डीएम कार्यालय पर दिया।



मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते विहिप व बजरंगदल कार्यकर्ता। अमृत विचार

अपराह्न 12:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और यहां पर विहिप सामाजिक समरसता के प्रांत प्रमुख धर्मेंद्र व विहिप के सह विभाग मंत्री भरत गिरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि परसपुर के भौरीगंज में अक्सर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा हिंदू आयोजनों पर बवाल किया जाता है, पिछले दुर्गा पूजा में भी इन लोगों ने आवश्यक रूप से भी उपद्रव किया पीड़ित परिवार द्वारा दी गई तहरीर के विपरीत स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एनसीआर लिखा एवं अभियुक्तों का शांति भंग में चालान किया गया जिससे वह तत्काल छूट गए और उनका मन बढ़ा हुआ है। ऐसे में मांग की गई है कि पुलिस को निर्देशित किया जाए कि समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर रासुका के अंतर्गत कार्रवाई की जाए।

अभी एक हिंदू परिवार के ऊपर सामूहिक रूप से बड़ी भीड़ लेकर हमला बोल दिया व परिवार को मारा पीटा, धारदार हथियार लहराए और बोटी बोटी काट डालने की धमकी दी जिसका वीडियो भी वायरल है। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसी छोटी-छोटी घटनाएं एक दिन कोई बड़ा रूप ले सकती हैं। इसलिए इन सभी के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाए। पदाधिकारियों का कहना था कि पीड़ित परिवार द्वारा दी गई तहरीर के विपरीत स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एनसीआर लिखा एवं अभियुक्तों का शांति भंग में चालान किया गया जिससे वह तत्काल छूट गए और उनका मन बढ़ा हुआ है। ऐसे में मांग की गई है कि पुलिस को निर्देशित किया जाए कि समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर रासुका के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। उक्त अवसर पर बाबा रामस्वरूप, दास, धर्मेंद्र, भरत गिरि, राजकुमार शुक्ल, बबलू वर्मा, सुनील निषाद, विजय वर्मा, सोनू सोनकर, आनंद वर्मा, केपी सिंह, श्याम जी मिश्र, ब्रह्मदत्त, अजय शुक्ल, दीपेंद्र इत्यादि उपस्थित रहे।

सख्ती | नए नियम ने गो आश्रय केंद्रों के संचालन में बढ़ाई दिक्कत

## अब भूसा खरीद की रसीद प्रस्तुत करने पर होगा भुगतान

संवाददाता, बेलसर, गोंडा

**अमृत विचार** : नए नियम ने गो आश्रय केंद्रों के संचालन में मुसीबत बढ़ा दी है। अब भूसा खरीद की रसीद, भूसा कांटा कराने की रसीद एवं गाड़ी की फोटो एवं गाड़ी नंबर देने पर ही बिलों का भुगतान हो सकेगा।




गो आश्रय केंद्र। अमृत विचार

बेलसर विकासखंड के 48 ग्राम पंचायतों में कुल तेरह गो आश्रय केंद्र हैं। इनमे करीब 2200 पशुओं को संरक्षित किया गया है। प्रति पशुओं को खिलाने के लिए पचास रुपये दिए जाने का प्रावधान है। गो आश्रय केंद्रों का संचालन करने वाले ग्राम प्रधान/स्वयं सहायता समूहों के अध्यक्ष सीजन में भूसा की खरीद गांवों अथवा आसपास के लोगों से कर लिया करते थे। जिसका सत्यापन ग्राम पंचायत अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी करते थे। सत्यापन के बाद भुगतान कर दिया जाता था। एक ग्राम प्रधान ने बताया कि अब नए नियम में भूसा खरीद की रसीद, धर्म कांटा की रसीद, भूसा लादने वाली गाड़ी का फोटो एवं गाड़ी नंबर देने के बाद भुगतान होगा। ग्राम प्रधान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिकांश लोगों ने सीजन में गांव से अथवा आसपास से भूसा खरीद लिया है उसका स्टॉक मौजूद है। अब कैसे हमारा भुगतान होगा यह हमारे सामने बड़ी समस्या बनी हुई है। पटल देख रहे पटल सहायक अशफाक ने बताया कि जब तक नए नियम के अनुसार सभी पेपर नहीं मिलेंगे तब तक पेपर ऑनलाइन नहीं होगा। ऑनलाइन नहीं होगा तो भुगतान नहीं हो पाएगा। खंड विकास अधिकारी विजय कांत मिश्र ने बताया कि इसके संबंध में जिले के अधिकारियों का जो निर्देश मिलेगा उसका अनुपालन कराया जायेगा।

### अपर जिला जज ने किया वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण

**गोंडा** : अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने मंगलवार को जिला अस्पताल स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन स्टाप सेंटर में आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा की। वन स्टाप सेंटर पर सचिव ने प्रबंधक चेतना सिंह को प्रपत्रों को व्यवस्थित रूप से रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि जिन महिलाओं एवं बच्चियों को विधिक सहायता की आवश्यकता है, उनके मामलों को चिन्हित कर अविलंब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय को भेजा जाय। प्रबंधक चेतना सिंह ने बताया कि वर्तमान में 17 पीड़िताओं को वन स्टाप सेंटर में रखा गया है। वन स्टाप सेंटर की प्रबंधक चेतना सिंह, काउंसलर दीपशिखा व विधिक सेवा प्राधिकरण के डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चोरी के टुल्लू पंप के साथ तीन गिरफ्तार

**कटरा बाजार** । मंगलवार को कटरा बाजार पुलिस ने चोरी के टुल्लू पम्प के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के पिपरी माझा के मजरा गड़रियन पुरवा निवासी शिवकुमार उर्फ गड्डे पुत्र बच्चू लाल को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से तीन चोरी के टुल्लू पम्प एक उषा कम्पनी का ग्रे कलर, एक शार्प स्मार्ट हरे रंग का एक सीजी मार्क हरे रंग का बरामद हुआ है। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है।

### सुंदरकांड व रामनाम जप कार्यक्रम आयोजित

**दुर्जनपुर घाट, गोंडा** । आषाढ़ कृष्ण पक्ष के चतुर्दशी तिथि पर क्षेत्र कल्याण के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को बाजार में सुंदरकांड व रामनाम जप के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संदीप तिवारी की ओर से आयोजित भंडारे का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य विनोद पांडेय व रामधोख मिश्र ने किया। सहयोगी ग्राम प्रधान गेड़सर लल्ला सिंह, प्रधान शीशव विशाल मिश्रा, साकेत शुक्ल, मनोज मधुकर, आकाश प्रदीप, अनमोल पांडेय, शुभम पाठक, संदीप सिंह, विशाल सिंह आदि रहे।

### महिलाओं को दिया गया रोजगारपरक प्रशिक्षण

**बलरामपुर** । विकास भवन स्थित इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) से महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया गया। गैसड़ी ब्लॉक के ग्राम पंचायत महादेव शिवपुर में महिलाओं को खिलौना निर्माण एवं बिक्री उद्यम का 14 दिवसीय प्रशिक्षण मिला है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाली 35 महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आरसेटी निदेशक पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क था और इसका उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। प्रशिक्षित महिलाएं युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत बैंक से बिना ब्याज के चार वर्ष तक पांच लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकती हैं। इसके माध्यम से महिलाएं अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इस अवसर पर आरसेटी संकाय सदस्य इंद्रेश कुमार पटेल, कार्यालय सहायक अंकुर सिंह और कुलदीप तिवारी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में युवक की गई जान

**तुलसीपुर, बलरामपुर** । पुरवा रोड पर तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से पुरवा निवासी इमरान की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे से लेकर पीएम के लिए भेजा है। मृतक अपने नौ वर्षीय भतीजे मो. कैफ को स्कूल छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी व बाइक चालक वाहन सहित इमरान पर ही जा गिरा। परिजनों ने घायल को तत्काल एक निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि अभी तक परिजनों के तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। मामले पर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। वाहन चालक को मय मोटरसाइकिल मुहल्ले वालों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

### युवाओं को दिया जाएगा तकनीकी प्रशिक्षण

**बलरामपुर** । विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों और दस्तकारों को कौशल वृद्धि के लिए नि:शुल्क और आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक कारीगरों की आजीविका में सुधार करना और उनके जीवन स्तर को उन्नत करना है। उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे ने बताया कि योजना के तहत पात्र अभ्यर्थियों को 10 दिवसीय नि:शुल्क और आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। सफल प्रशिक्षण के बाद, उन्हें आधुनिकतम तकनीकी पर आधारित उन्नत किस्म की टूल किट वितरित की जाएगी और प्रति प्रशिक्षार्थी को 4000 रुपये की धनराशि मानदेय के रूप में दी जाएगी।

### ग्राम पंचायतों के विकास के लिए हुई कार्यशाला

**बलरामपुर** । राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत विकास भवन स्थित जिला पंचायत एवं रिसोर्स सेंटर में मंगलवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन देवीपाटन मंडल के उपनिदेशक पंचायत गिरीश चंद्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में विकास सूचकांक, पंचायत उन्नत सूचकांक एवं ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) पर विस्तार से चर्चा की गई।

## सार-संक्षेप

### नीट में 699वीं रैंक लाने वाले यश राज गोयल सम्मानित



यश राज गोयल का सम्मान करते प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षक। अमृत विचार

**तुलसीपुर, बलरामपुर** । नगर तुलसीपुर के नीट परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 699 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले यश राज गोयल को मंगलवार को आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल भवनियापुर तुलसीपुर के प्रांगण में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डी. बी. सिंह सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डी. बी. सिंह ने यश की सराहना करते हुए कहा कि स्वाध्याय के बल पर इस क्षेत्र में रहकर इतनी बड़ी रैंक प्राप्त करना एक विद्यार्थी की मजबूत इच्छा शक्ति, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचायक है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। सम्मान समारोह के दौरान यश राज ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, "ईश्वर ने सभी को दिन के 24 घंटे समान रूप से दिए हैं, लेकिन सफलता के लिए सबसे जरूरी है उस समय का सही प्रबंधन करना।" उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता, परिवारजनों और उनके धैर्यपूर्ण सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अमित, ज्ञानेश्वर, अलकेश, बीना, शिवांगी, आकाश समेत समस्त शिक्षकगण ने यश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके आत्मविकास और संघर्षशीलता की सराहना की।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हुआ पौधरोपण

**जरवा, बलरामपुर** । राष्ट्रवादी विचारक और महान बलिदानी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर सोमवार सायंकाल को तुलसीपुर रेंज के अंतर्गत तुलसीपुर-जरवा मार्ग पर "प्रदेश व्यापी वृहद पौधारोपण अभियान — एक पेड़ मां के नाम" के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को व निधन 23 जून 1953 को हुआ। पुण्यतिथि की अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने स्वयं पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में एसडीओ तुलसीपुर मनोज कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी अमरजीत प्रसाद, ग्राम प्रधान सगीर, घनश्याम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दिया।



पौधरोपण करते विधायक कैलाशनाथ शुक्ला।

विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है। उनके बलिदान दिवस पर "एक पेड़ मां के नाम" जैसा भावनात्मक और पर्यावरणीय अभियान आयोजित कर हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। एसडीओ मनोज कुमार और क्षेत्रीय वन अधिकारी अमरजीत प्रसाद ने भी लोगों को वृक्षों के महत्व के बारे में जागरूक किया और सभी से अनुरोध किया कि वे न केवल पौधारोपण करें, बल्कि उनकी देखभाल भी सुनिश्चित करें।

### मंडी सचिव ने समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

**गोंडा** : उतरौला रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी में नवागत मंडी सचिव राजेश यादव का सब्जी मंडी के पदाधिकारियों व व्यापारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। व्यापारियों की ओर से मंडी सचिव को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मंडी सचिव ने फल व सब्जी मंडी में पहुंचकर निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया। व्यापारियों की ओर से पेयजल, विद्युत, साफ सफाई व्यवस्था समेत अन्य समस्याओं को मंडी सचिव से अवगत कराया गया जिस पर मंडी सचिव ने निस्तारण का आश्वासन दिया है। व्यापारियों ने मंडी सचिव को अवगत कराया की मंडी परिसर में पानी की टंकी बनी हुई है लेकिन आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिस पर सचिव की ओर से मंडी परिसर में वाटर कूलर लगाने आने का आश्वासन दिया गया है। व्यापारियों ने बताया कि मंडी परिसर में मवेशी आ जाते हैं जिससे काफी समस्या होती है। जिस पर सुरक्षा बढ़ाने की भी बात सचिव ने कही है। मंडी सचिव का स्वागत करने वालों में सब्जी मंडी के व्यापारी नेता राहत अली, उस्मान शहजादे, हामिद अली रायनी समेत अन्य लोग रहे। इस दौरान मंडी कर्मचारियों में मंडी निरीक्षक भूपेंद्र यति, अहमद अली, सूर्य नारायण प्रदीप मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे। उतरौला रोड स्थित सब्जी एवं फल मंडी में सफाई कार्य तेजी देखी जा रही है। नवागत सचिव के सख्त तेवर का असर है कि दो दिन में ही फल एवं सब्जी मंडी में काफी बदलाव देखा जा रहा है। साफ सफाई व्यवस्था चाक चौबंद की जा रही है। उतरौला रोड स्थित सब्जी एवं फल मंडी में इन दिनों सफाई व्यवस्था में सुधार देखा जा रहा है।



नवागत मंडी सचिव का स्वागत करते व्यापारी।

### पंद्रह साल से एक ही स्थान पर रहे 18 सफाई कर्मी बदले

**बेलसर (गोंडा)** । पंद्रह साल से एक ही स्थान पर रहे 18 सफाई कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किए गए हैं। बेलसर ब्लॉक में 48 ग्राम पंचायतों में 74 राजस्व गांव हैं। इनमें 88 सफाई कर्मियों की तैनाती है। विभागीय सूत्रों की मानें तो एक ही स्थान पर पंद्रह साल से सेवा दे रहे 18 सफाई कर्मियों के कार्य क्षेत्र में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बदलाव किया है। इस बदलाव से दो सफाई कर्मियों ने ब्लॉक के बाहर अपना स्थानांतरण करवा लिया है। दीनानाथ उमरी बेगमगंज से इस्माइलपुर, चंद्र प्रकाश दोहरी जीत से सिधौटी, अन्नू कुमार अकोनी से तेलहा, राम बिहारी पकवान गांव से उमरी बेगमगंज, राम वरन पूरे फकीर से कुरहा, दीप कुमार सिसई से मुकुंदपुर, बजरंग बहादुर एली परसोली से अकोनी, बृज नारायण गुप्ता बदलेपुर से सिसई, विजय शंकर गुप्ता हिलालपुर से बदलेपुर, धर्मपाल फेहरा से एली परसौली, जय बहादुर सिंह भिखारीपुर से दलेल नगर, सुनीता आर्य नागदही से लव्वा टपरा किया गया है। इसके अतिरिक्त छ अन्य सफाई कर्मियों की सूची अभी ब्लॉक कार्यालय तक नहीं पहुंची है। माना जा रहा है ये छ लोग अपने कार्यस्थल पर बने रहने के लिए अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों की गणेश परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं कुछ लोग दूरी अधिक को लेकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय चक्कर काट रहे हैं लेकिन अभी उनको आश्वासन ही मिल रहा है। सहायक विकास अधिकारी रवि प्रकाश मिश्र ने बताया कि जिला स्तर से कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिनको सूची उपलब्ध हो गई है उन्हें नवीन कार्य क्षेत्र में तत्काल कार्यभार ग्रहण कर अपना योगदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया है।

### अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहे बिना मान्यता के स्कूल

**गोंडा** : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने युग्मन/पेयरिंग कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा है कि सरकारी स्कूलों में घट रही छात्र संख्या में अवैध रूप से संचालित हो रहे स्कूलों की भूमिका अहम है और यह स्कूल अधिकारियों की मिलीभगत से संचालित हो रहे हैं। संघ ने युग्मन/ पेयरिंग आदेश को निरस्त करने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे गए पत्र मे मन कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार सर्व शिक्षा अभियान को लेकर आई थी। सरकार की सोच थी कि 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। इस अभियान के अंतर्गत सरकार ने प्रत्येक गांव व मजरे में प्राथमिक विद्यालय व एक किमी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना के लिए भवन सहित तमाम संसाधन उपलब्ध कराए लेकिन आज कम छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों को समाप्त करके अन्य विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है। यह पूरी तरह से अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या वृद्धि की दर घट रही है दूसरी तरफ विभाग ने तमाम अधो मानक विद्यालयों को मान्यता प्रदान कर रखी है। तमाम ग़ैर मान्यता के विद्यालय अधिकारियों की मिलीभगत से संचालित हो रहे है ऐसे में नामांकन कम होना स्वाभाविक है। जिला मंत्री विजय नरायन पांडेय ने कहा कि सरकार ने विधानसभा में माना है कि छात्र व शिक्षक अनुपात प्रदेश में मानक के अनुसार सही है तो फिर विद्यालयों को बंद करने की जरूरत क्या है। यदि सरकार को लगता है कि शिक्षकों की आवश्यकता है तो उसकी कमी नई भर्ती करके करनी चाहिए न कि विद्यालय बंद करके। इससे गांव देहात के तमाम बच्चों से शिक्षा दूर हो जाएगी। मीडिया प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व में करीब 20 हजार विद्यालयों का मर्जर करके शिक्षकों की पदोन्नति के अवसर समाप्त कर दिए गए। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से युग्मन/ पेयरिंग आदेश को निरस्त करने की मांग की है।

## एक नजर

### मातेश्वरी जगदम्बा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि


माल्यार्पण करतीं अनामिका।

**परसपुर (गोंडा)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा की 60 वीं पुण्यतिथि सेवा केंद्र पर श्रद्धा व आध्यात्मिक भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सेवा केंद्र की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका बहन ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा का जन्म 1919 में अमृतसर के एक सामान्य परिवार में हुआ था। उन्होंने 24 जून 1965 को अपने नश्वर शरीर का त्याग कर पूर्णता को प्राप्त किया। कार्यक्रम में सभासद विपिन कुमार सिंह, राधेश्याम मिश्रा, कमला प्रसाद सिंह, अनूप सिंह, सुनील कुमार, सरदार सिंह, विश्वनाथ, डॉ. प्रफुल्ल मिश्रा, डॉ. सुरेश चंद्र तिवारी, मिथिलेश सिंह, रेनू सिंह, उमा माता, सुषमा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### प्रधानाध्यापकों को दिए स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण

**रुपईडीह, गोंडा।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह की देखरेख में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह के यूनिसेफ के ब्लॉक मॉनिटर श्याम सिंह व स्वास्थ्य पर्यवेक्षक केपी तिवारी ने मच्छर जनित रोगों व उनके बचाव पर चर्चा करते हुए आगामी एक जुलाई से शुरू हो रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाए जाने के लिए उनके दायित्वों से अवगत कराया।

### पानी टंकी का निर्माण ठप

**रुपईडीह, गोंडा।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत वीरपुर झलहिया में एक साल से जल जीवन मिशन के तहत निर्मित होने वाली पानी की टंकी का निर्माण कार्य ठप है। प्रधान पुत्र रिंकू ओझा ने जिला विकास अधिकारी से मिलकर मौके की जांच कर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कराए जाने की मांग की।

### भंडारे के साथ कथा का हुआ समापन

**रुपईडीह।** क्षेत्रीय जनता के सहयोग से दलपतपुर गांव के ब्रह्म बाबा स्थान पर गत् 16 जून से हो रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का समापन भंडारे के साथ हुआ। इस भंडारे में कार्यक्रम के कथा व्यास पंडित रमेश दत्त तिवारी की अगुवाई में बच्चों, पुरुषों व महिलाओं को मिलाकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### ट्रक के पीछे टकराई स्कार्पियो, पांच घायल

**नवाबगंज** : अयोध्या– गोरखपुर फोरलेन हाइवे पर मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे अयोध्या की तरफ से गोरखपुर की तरफ जा रही स्कार्पियो महेशपुर गांव के पास होटल रॉयल हेरिटेज के सामने आगे जा रही एक ट्रक अचानक रूक गई जिससे पीछे से आ रही स्कार्पियो अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। समाजसेवी चंदन कुमार वर्मा की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अपने सरकारी वाहन से सभी घायलों को अयोध्या के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि स्कार्पियो में सवार राजेन्द्र, संदीप, शिवम्, विद्या देवी, गुड़िया निवासी तिलहटा मुंडेरा झगहा जिला गोरखपुर दिल्ली से इलाज कराकर वापस अपने घर गोरखपुर जा रहे थे। चालक मौके से ट्रक समेत भाग गया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक पर हमला, मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

**कटरा बाजार।** विकासखंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई गांव में कुछ लोगों ने एक युवक ने हमला कर दिया जिसमें युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। भगहरिया निवासी अल्फाज खान की तहरीर पर कौड़िया थाने में चार लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि उसकी सिसैया दलेल ख़ां में फर्नीचर की दुकान है। वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था तभी रंजिश को लेकर विपक्षी अइफ़ू, फारूख, चुनई व पुतन निवासीगण सिसैया दलेल ख़ां उसे मां बहन की गाली देने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तब विपक्षियों ने प्रार्थी को मूका–थप्पड़ व लाठी डंडा से पीटा और ईंट पत्थर व चलाकर मारा पीटा। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# डीएम ने 6 गांवों में परखी योजनाओं की हकीकत

## चौपाल लगाकर सुनीं फरियाद, प्रत्येक समस्या का समाधान गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश

संवाददाता, मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार।** मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मनकापुर ब्लॉक क्षेत्र की छह ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान गुणवत्तापूर्वक व समयबद्ध ढंग से किया जाए।

चौपाल की शुरुआत ग्राम पंचायत मनकापुर से हुई, जहां एक निजी इंटर कॉलेज परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां अपेक्षाकृत कम शिकायतें मिलने पर डीएम ने ग्राम प्रधान रमाकांत सिंह, तहसील, ब्लॉक और जिला स्तरीय अधिकारियों की प्रशंसा की। चौहानपुर के पंडित ओमप्रकाश तिवारी ने पुराने मकान में दरवाजा लगाने से विपक्षियों द्वारा रोके जाने की शिकायत की, जिस पर डीएम ने एसडीएम और कोतवाल को संयुक्त रूप से कार्रवाई कर समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया।


गांव में चौपाल के दौरान ग्रामीणों से मुखातिब होकर वार्ता करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

बैरीपुर रामनाथ में रामबहादुर ने लेखपाल की मिलीभगत से ग्राम समाज की भूमि पर पक्का निर्माण होने की शिकायत की। डीएम ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को तत्काल जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया। ग्राम चौबेपुर में ग्राम प्रधान लीलावती सिंह ने डीएम का स्वागत किया। यहां उर्मिला सहित करीब 20 ग्रामीणों ने शौचालय की मांग रखी, जिस पर डीएम ने पंचायत सहायक को तुरंत ऑनलाइन आवेदन कराने को कहा। एसडीएम अवनीश त्रिपाठी को अतिक्रमण अभियान चलाकर मार्ग खाली कराने के निर्देश दिए गए। धुसवा गांव में आयोजित चौपाल में अमरनाथ वर्मा ने तालाब में अवैध मत्स्य पालन की शिकायत के समाधान पर संतोष जताया। मनोज वर्मा प्रधान घुनाही ने सड़क पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया, जिस पर डीएम ने एसडीएम को जांच कर एफआईआर दर्ज कराने को कहा। गौरीशंकर ने चकमार्ग पटाई की शिकायत की, जिस पर बताया गया कि आईडी जनरेट हो चुकी है और कार्य जल्द शुरू होगा। भिटौरा गांव में शेर बहादुर सिंह ने हैंडपंप रिबोर और ह्यूम पाइप खरीद में घोटाले की शिकायत की, जिस पर डीएम ने बीडीओ को जांच के निर्देश दिए। सुशीला ने बिजली आपूर्ति की समस्या उठाई।

हरनाटायर गांव में सबसे अधिक भूमि विवादों की शिकायतें सामने आईं। रामबदल ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत की, जिसे लेखपाल द्वारा आंशिक रूप से हटवाया गया था। डीएम ने शेष अतिक्रमण हटाने के निर्देश दोबारा दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, परियोजना निदेशक चंद्रशेखर, डीपीआरओ लालजी दुबे, एसडीएम अवनीश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद यादव मौजूद रहे।

## बसपा नेता पर जमीन कब्जाने का आरोप

**नवाबगंज, गोंडा** : नवाबगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासिनी महिला वसीमा खातून ने थाने पर दी गई लिखित तहरीर में बताया कि वह एक विधवा महिला हैं। उनका बेटे बाहर रहते हैं। गांव के ही रसूखदार बसपा नेता अब्दुल राजिक उस्मानी उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जमीन बेचने का दबाव भी बना रहे हैं। पीड़ित महिला ने बताया कि विपक्षी द्वारा एक बैनामा दस्तावेज 1999 का दिखाया जा रहा है, जबकि उनके पति की मृत्यु बैनामा दस्तावेज के छः माह पहले ही हो गई थी। अवैध कब्जे के इस मामले में उपजिलाधिकारी से भी पीड़ित महिला द्वारा शिकायत की गई है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि फिलहाल दोनों पक्षों को कोई निर्माण न करने की हिदायत दी गई है। दोनों पक्षों से वैध दस्तावेज मांगे गए हैं। बसपा नेता अब्दुल राजिक उस्मानी का कहना है कि आरोप बेबुनियाद है। जिस जमीन को लेकर शिकायत हुई है। उस जमीन को उन्होंने बैनामा ले रखा है। खारिज-दाखिल की प्रक्रिया चल रही है।

## मेडिकल कॉलेज के 22 जूनियर रेजिडेंट को सेवा समाप्ति की नोटिस, मचा हड़कंप

▶▶ इनके स्थान पर 2018-19 बैच के 71 एमबीबीएस अभ्यर्थी देंगे सेवा

**गोंडा, अमृत विचार** : स्थानीय मेडिकल कॉलेज मे सेवा दे रहे 22 जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की सेवा समाप्त किए जाने का फरमान जारी किया गया है। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी आदेश से हड़कंप मचा हुआ है।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से जारी आदेश में कहा गया है नीट परीक्षा वर्ष 2018-19 बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत 96 पद के सापेक्ष 71 अभ्यर्थियों को गोंडा मेडिकल कॉलेज आवंटित किया गया है। जिनको आगामी 28 जून को कार्यभार ग्रहण करना है। इस आदेश के दृष्टिगत जो मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट सेवा दे रहे हैं उनकी सेवा समाप्त की जाएगी। इस आदेश से पूरे चिकित्सकों में खलबली मची हुई है। जिन चिकित्सकों की सेवा समाप्त की गई है उनमें सभी जूनियर रेजिडेंट है। प्रधानाचार्य की ओर से जारी की गई नोटिस में डॉ आनंद स्वरूप श्रीवास्तव, दीपक सिंह, दीपक श्रीवास्तव, प्रत्यूष आनंद श्रीवास्तव, अनुराग कुमार


राजकीय मेडिकल कॉलेज गोंडा।

वर्मा प्रकाश सिंह भदोरिया, विवेक कुमार गौतम, विकास वर्मा, राजू कुमार चौरसिया, निकिता लधवानी, शाल्बी श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार, ज्ञानदीप तिवारी, मोहम्मद आमिर हुसैन, डॉक्टर राकेश तिवारी, अतुल मिश्रा, खालिद बिलाल, रहमतुल्ला, प्रतिभा, विश्व विजय, रूपनारायण पांडे तथा डॉक्टर अरुण कुमार सिंह हैं। इन सभी डॉक्टरों की सेवा 27 जून को समाप्त होगी, साथ यह दिए भी निर्देश दिया गया है कि जो लोग अस्पताल के हॉस्टल में रहते हैं वे उसको खाली करते हुए उसकी सूचना वार्डन को जरूर दें। माना जा रहा है कि इससे उन मरीजों को समस्या होगी जो लगातार चिकित्सकों से अपना इलाज कर रहे हैं। नये जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स को मेडिकल कॉलेज आवंटन के बाद उनके ज्वाइन किए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।

वहीं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ धनंजय श्रीकांत कोटा स्थाने ने बताया कि अनिवार्य सेवा बांड के तहत 71 में अभ्यर्थियों को स्थानीय मेडिकल कॉलेज में आवंटन मिला है जिनको आगामी 28 जून को ज्वाइन करना है। जिसको देखते हुए मेडिकल कॉलेज में सेवा दे रहे 22 जूनियर डॉक्टर की सेवा समाप्त किए जाने की नोटिस दी गई है। उन्होंने बताया कि जब इन डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज में ज्वाइन किया गया था तो इस नियम की जानकारी दी गई थी कि आगामी बैच के आने पर लोगों को हटा दिया जाएगा। अब नये बैच के अभ्यर्थियों को आवंटन मिला है। इसलिए लोगों को हटाए जाने के नोटिस दी गई है।

## सीएचसी में हाई वोल्टेज से फुंक रहे उपकरण

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में लगा ट्रांसफार्मर मरीजों के लिए नहीं, बल्कि मशीनों के लिए आफत बन गया है। ट्रांसफार्मर से निकल रहा अत्यधिक हाई वोल्टेज अस्पताल के उपकरणों को चट कर रहा है। हालत यह है कि चिकित्सालय में लगे जरूरी मशीनें बार–बार फुंक जा रही हैं, जिससे इलाज में बाधा आ रही है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनुज ने शनिवार को तहसील दिवस में जिलाधिकारी नेहा शर्मा को प्रार्थना पत्र सौंपकर इस गंभीर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में लगा ट्रांसफार्मर नियमित रूप से 270 से 280 वोल्ट तक बिजली दे रहा है, जबकि सामान्य वोल्टेज 220 होना चाहिए। ऐसे में एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड, ऑक्सीजन सपोर्ट समेत तमाम जरूरी उपकरण खराब हो चुके हैं। डॉ. अनुज ने जिलाधिकारी से ट्रांसफार्मर तत्काल बदलवाने की मांग की थी, जिसपर डीएम ने एक्सईएन को निर्देश भी दिए। लेकिन अधीक्षक के मुताबिक मंगलवार तक कोई अधिकारी मौके पर जांच करने तक नहीं पहुंचा। वहीं, बिजली विभाग के एसडीओ आकाश श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की जानकारी मिलने के बाद अवर अभियंता को भेजकर जांच कराई जा रही है और जल्द समाधान कराया जाएगा।

## मगरमच्छ का निवाला बने बालक का शव नदी से बरामद

▶▶ दो दिन एसडीआरएफ की टीम ने चलाया रेस्क्यू अभियान

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार:** रविवार को ग्राम पंचायत सोनौली मोहम्मदपुर में सरयू में भैंस नहलाने के दौरान मगरमच्छ के हमले से डूबे युवक का शव छत विक्षत अवस्था में घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर दूर ऐली परसौली में मंगलवार की सुबह मिला।

सोनौली मोहम्मदपुर चैलहन पुरवा बच्चीमाझा निवासी राजा बाबू यादव (15)पुत्र कुंवर बहादुर रविवार को दोपहर सरयू नदी में अपने मवेशियों को नहलाते हुए नदी पार कर रहा था। इसी बीच वहां पहले से ही रह रहे मगरमच्छ ने उसको दबोच लिया। लोगों ने बताया कि इस स्थान पर मगरमच्छों का बसेरा है और यहां अक्सर वह पानी से बाहर देखने को मिलते हैं। पिछले एक माह के भीतर सरयू नदी में इस तरीके की यह तीसरी घटना है जिससे गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों और एसडीआरएफ की टीम की कड़ी मशक्कत के बाद भी सोमवार शाम तक शव को खोजा नहीं जा सका था। मंगलवार की सुबह कुछ लोग नाव से नदी के उस पार जा रहे थे तो हाईटेंशन लाइन के टावर के पास एक शव उतराता हुआ दिखा। सूचना के बाद मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त करने के बाद उसे गांव वालों की सहायता से बाहर निकाल लिया गया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक उमरी बेगमगंज नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत

**गौरा चौकी** : खोड़ारे के अंतर्गत ग्राम भानपुर और बनगवां के बीच अनियंत्रित बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। विकास कुमार वर्मा (22) पुत्र जगराम वर्मा निवासी ग्राम इजदीपुर, छपिया अपनी मोटरसाइकिल से बनगवां से गौरा चौकी बाजार जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बोलेरो ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार को टक्कर मार दी और फरार हो गया। घटना में विकास की मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस से सीएचसी भिजवाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस बारे में चौकी प्रभारी राम आशीष मौर्य ने बताया कि मृतक के परिजन की तहरीर के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।



## करंट की चपेट में आने से बालक की मौत

▶▶ ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से निकली केबल पर बालक का पैर पड़ने से हादसा

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** वजीरगंज थाना क्षेत्र के पेडराही स्थित मुर्गी बाड़े के पास जमीन पर पड़ी बंच केबल में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर 10 वर्षीय बालक लवकुश पुत्र किशनलाल निवासी मझगवां की मौत हो गयी।

मृतक बालक की मां ने मुर्गी फार्म संचालक को दोषी मानते हुए तहरीर दी है जबकि सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से निकली केबल जमीन पर पड़ी है और ग्रामीण की मानें तो केबल में लगे वायर में एक एल्यूमीनियम के तार में करंट प्रवाहित हो रहा था और बच्चे का पैर केबल पर पड़ गया और उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मुर्गी बाड़े में करंट होता तो उसमें रहने वाला व्यक्ति और मुर्गियां भी मर जातीं।

मां ननका देवी के मुताबिक मंगलवार सुबह उनका बेटा शौच के लिए गया था जो मुर्गी बाड़े के पास से गुजर रहा था कि तभी केबल में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। साथ गए बड़े भाई रोहित की सूचना पर परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव घर वापस लाकर पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक दो भाइयों में छोटा है। पिता दिल्ली में रहते हैं। वे घर को रवाना हो चुके हैं।

उपलब्धि | 192 अंक पाकर सुशांत ने हासिल की 694वीं रैंक

# सुशांत, सीबी सरोज व भानु प्रताप ने पास की श्रेष्ठ परीक्षा

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय जांच एजेंसी के माध्यम से आयोजित श्रेष्ठ परीक्षा में परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले जिले के तीन छात्रों ने सफलता हासिल कर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वजीरगंज क्षेत्र कंपोजिट विद्यालय बाबा मठिया के छात्र सुशांत ने 192 अंक पाकर ऑल इंडिया 694 वीं रैंक हासिल की है जबकि परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर के छात्र सीबी सरोज नो 180 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 1015 पायी है। बेलवा नोहर के ही भानु प्रताप 132 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 4100 पर रहे। छात्रों की सफलता पर अफसरों व शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई है।



छात्र सुशांत को सम्मानित करतीं बीईओ हेमलता त्रिपाठी व विद्यालय के शिक्षक।

सुशांत ने परीक्षा में 192 अंक अर्जित करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 694वीं रैंक प्राप्त की है। खंड शिक्षा अधिकारी वजीरगंज हेमलता त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक सुनील कुमार आनन्द, शिक्षक


सीबी सरोज।


भानु प्रताप।

रमेश कुमार व शिव प्रसाद सहित समस्त विद्यालय परिवार ने छात्र को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सुनील कुमार आनन्द ने बताया कि सुशांत का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में भी हुआ है। वहीं सुशांत के पिता शत्रोहन ने बेटे का सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार को दिया।

इसी तरह परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर के दो छात्र सीबी सरोज व भानु प्रताप ने भी श्रेष्ठ परीक्षा पास की है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सीबी सरोज ने 180 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 1015 हासिल किया जबकि भानु प्रताप ने 132 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 4100 पर रहे। विद्यालय के दोनों बच्चों का श्रेष्ठ परीक्षा में चयन होने पर खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार तिवारी आदि लोगों ने बधाई दी है।

## सार-संक्षेप

### श्रीराम का वनवास त्याग और तपस्या का प्रतीक

**गौरा चौकी, गोंडा** : पिपराबारा खां गांव के माई राम कुटी पर चल रहे राम कथा के छठवें दिन मध्य प्रदेश ग्वालियर से आए कथावाचक पथिक दास उर्फ झल्लर दास ने भगवान राम के वनवास के बारे में भक्तों को बताया। कहा कि अयोध्या के राजा दशरथ ने पुत्र के बनवास वियोग में प्राण त्याग दिए। राम के बन जाते समय लक्ष्मण और सीता भी वन जाने का रामचंद्र जी से आग्रह करने लगे। रामचंद्र जी ने वन जाने से मना कर दिया। सीता जी ने कहा जिस वन में आप जाएंगे वही मेरी अयोध्या है। आपके बिना अयोध्या नर्क के समान है। लक्ष्मण के काफी आग्रह पर उन्हें अपने साथ ले लिए। इस दौरान भरत जी अपने ननिहाल गए हुए थे। पिता की प्राण त्याग देने बड़े भाई रामचंद्र जी का वनवास होने की सूचना सुनकर बहुत दुखी हुए। वहां से अयोध्या वापस आ गए और माताजी कैकई से सिंहासन पर बैठने से मना कर दिया। राम को ढूंढते हुए वन की तरफ चले गए। वन पहुंच कर रामचंद्र जी से वापस आने का आग्रह किया लेकिन रामचंद्र जी ने पिता के वचन का पालन करते हुए वापस नहीं लौटने का प्रण किया। तब भरत ने रामचंद्र जी के वापस आने तक उनका चरण पादुका लाकर अयोध्या के सिंहासन पर रख दिया। इस दौरान राजा दशरथ के प्राण त्यागने और भारत के वन वापस आकर चरण पादुका सिंहासन के चरित्र पर चित्रण से श्रोता भाव विभोर हो गए।


पथिकदास महाराज।

### डीएसआर तकनीक से करें धान की बोआई, बढ़ेगा उत्पादन


सीधी बोआई विधि से बोई गई धान की फसल। अमृत विचार

**गोंडा** : धान की खेती करने वाले किसान अगर परंपरागत रोपाई को छोड़कर डीएसआर तकनीक से धान की सीधी बोआई करें तो इससे न सिर्फ धान की खेती में आने वाले लागत व श्रम की बचत होगी बल्कि धान का उत्पादन भी बढेगा। यह कहना है कि पानी संस्थान के जिला प्रबंधक राजीव मिश्र का जो देवी पाटन मंडल में पुरस्कार परियोजना के अंतर्गत किसानों को पानी बचाने व उन्नत खेती को लेकर जागरुकता अभियान चला रहे हैं। राजीव मिश्र का कहना है कि पानी संस्थान पुरस्कार परियोजना के अंतर्गत जिले के 7 ब्लॉकों छपिया, मनकापुर, झंझरी, पड़रीकृपाल, मुजेहना, इटियाथोक व रूपईडीह तथा श्रावस्ती जनपद के इकौना ब्लॉक में कार्य कर रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य खेती में लागत और पानी की खपत को कम करना, किसानों की आमदनी बढ़ाना, और सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव–गांव तक पहुचाकर उससे किसानों को जोड़ना है। इस समय पानी संस्थान किसान को पारंपरिक धान की रोपाई छोड़कर सीधी बुवाई (डीएसआर तकनीक) को अपनाने को जागरूक कर रहा है। राजीव मिश्र का कहना है कि यह तकनीक न केवल पानी और श्रम की बचत करती है, बल्कि खेती की लागत घटाकर उत्पादकता बढ़ाने में भी मदद कर रही है। इस विधि में बीज को सीधे खेत में बोया जाता है, जिससे नर्सरी लगाने, रोपाई और बार–बार सिंचाई की जरूरत नहीं रहती। इससे 25 से 30 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। साथ ही इस तकनीक से मजदूरी में भी कमी आती है और किसान समय पर बोआई कर सकते हैं। मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है कार्बन उत्सर्जन कम होता है और फसल का अंकुरण भी समान रूप से होता है। राजीव बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में डीएसआर तकनीक बेहद उपयोगी साबित हो रही है। किसानों को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है और तकनीकी सहायता भी दी जा रही है।

### साहब घर नहीं बनवाने दे रहे हैं दबंग, पीड़ित ने लगाई गुहार

**तरबगंज** : जुझारीपुर गांव निवासी शिवशंकर चौहान ने एसडीएम तरबगंज को दिए शिकायती पत्र में कहा कि साहब दबंग लोग हमें घर नहीं बनवाने दें रहें हैं, जबकि पुराने घर को गिरवाकर नया घर बनवा रहे थे। पीड़ित ने बताया कि गांव में हमारा पुराना घर है जो जर्जर अवस्था में हो गया था। उसे गिराकर नया बनवा रहे हैं। लेकिन गांव के दबंग करिया अवैध हस्तक्षेप कर परेशान कर रहे हैं। घर नहीं बनने दे रहे हैं जबकि जमीन उसके नाम है। उसने एसडीएम से पैमाइश कराने की मांग की है। जिससे पता चल सके की जमीन का रकबा कितना है। उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना ने बताया कि शिकायत मिली है जिस पर राजस्व निरीक्षक व थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि मौके की पैमाइश करवा कर जमीन मालिक को कब्जा दिलायें। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत मिली है जमीन का विवाद हैं राजस्व कर्मी का होना आवश्यक है।

### भाजपा की नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरेगी कांग्रेस


बैठक करते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा** : शहर कांग्रेस कमेटी की एक बैठक कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश की बीजेपी सरकारी सरकार में जनविरोधी नीतियों का कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करते हुए शिक्षा, कर्मचारी, स्वास्थ्य, निजीकरण करने पर जनहित में कांग्रेस जन सड़क पर उतर कर विरोध दर्ज कराएंगे। प्रदेश और केंद्र की दोनों भाजपा सरकार एक के बाद एक सरकारी संस्थाओं को अपने पूंजीपति मित्रों के साथ मिलकर निजी हाथों में देती जा रही है। जब इंदिरा जी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में साहूकारी प्रथा को समाप्त कर बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था जिससे देश की आम जनता को कम ब्याज दर पर कर्ज लेकर आर्थिक मजबूती प्रदान किया, वहीं आज बैंकों को एक दूसरे में विलय कर दिया जिससे तमाम कर्मचारी घटते जा रहे हैं। बैठक में सुभाष चंद्र पांडे, वसीम सिद्दीकी, शिवेंद्र शर्मा, शहजादे मेवाती, ब्रिजेन्द्र कोरी, नबी बक्स, जरनील हयात, राजा बाबू, जानकी देवी, निर्मला देवी, राधे श्याम शामिल रहे।

### पूरी तरह से क्षतिग्रस्त सड़क को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी



विरोध जताते छात्र पंचायत के सदस्य। अमृत विचार

**इटियाथोक** : इटियाथोक– बाबागंज मार्ग पर आवर्धक लेंस लेकर मंगलवार को छात्र पंचायत के कार्यकर्ता मोहनपुर असधा गाँव के पास पानी में सड़क खोजते नजर आये। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने कहा कि करीब 20 किलोमीटर लम्बी यह सड़क गायब हो गई है। हम लोग कड़ी मेहनत से इसे ढूंढे लेकिन नहीं मिली। यदि किसी व्यक्ति को यह सड़क मिलती है तो छात्र पंचायत उसको 1100 इनाम के रूप में देगी। बरसात के बाद इस पर जगह–जगह मौजूद गड्ढों में कीचड़ व गन्दा पानी जमा हो गया है। लोगों को आवागमन में भारी समस्या आ रही है। इस रास्ते से रोज हजारों लोगों का आना जाना रहता है। पूरी तरह से क्षतिग्रस्त सड़क की वजह से वाहनों को भारी नुकसान हो रहा है। बाइक सवार, राहगीर अक्सर गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। यह सड़क पिछले कई वर्षों से खराब है। शिवम पांडेय ने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर आंदोलन प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। हमारी मुख्यमंत्री से मांग है कि इसे जल्द बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम लोग प्रतिदिन इस रोड पर विभिन्न तरीके से अपनी मांग करते रहेंगे। इस अवसर पर अभिषेक वर्मा, उमेश यादव, उमंग मिश्रा, रंजीत पांडेय, राजेश मौर्या, शुभम आदि लोग रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे ॥

दुष्ट और सांप, इन दोनों में सांप अच्छा है, न कि दुष्ट। सांप तो एक ही बार डसता है, किन्तु दुष्ट तो पग-पग पर डसता रहता है।


## संपादकीय

# महत्वपूर्ण उपलब्धि

स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य और आवास में प्रगति के आधार पर भारत 2025 के वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक में शीर्ष 100 देशों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में देश की प्रगति को दर्शाती है। अभिमान की बात है कि देश की प्रगति का श्रेय बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार, गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच और स्वास्थ्य सेवा को दिया जा रहा है। यह पहली बार है कि एसडीजी की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष देशों की सूची में प्रवेश किया है। गौरतलब है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करना, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, पर्यावरण की रक्षा करना और 2030 तक वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करना है। इनमें गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य शामिल हैं। यह रैंकिंग भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका को भी ध्यान में रखना होगा। भारत को अपने पड़ोसी देशों और अन्य विकासशील देशों के साथ सहयोग करना होगा ताकि वे भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है।

भारत को अपनी नीतियों और योजनाओं को एसडीजी के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अभी केवल शुरुआत है, भारत को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत को गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# जब लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया।

बांग्लादेश युद्ध की कामयाबी ने इंदिरा गांधी को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 352 सीटें हासिल हुई थीं। विपक्ष हताश था। उसी बीच 1973 में गुजरात में छात्रों का आंदोलन शुरु हुआ। फौरी कारण हॉस्टल में भोजन की दरों में बढोतरी था। फिर यह आंदोलन फैलता गया। मांगे जुड़ती गईं। मोरारजी देसाई गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल की बर्खास्तगी और विधानसभा भंग करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। जबरदस्त जनदबाव के बीच केंद्र को विधानसभा भंग करनी पड़ी। उधर बिहार का छात्र आंदोलन वहां की गफूर सरकार के खिलाफ़ था। आजादी के बाद से राजनीति से दूर रहने वाले जयप्रकाश नारायण की शख्सियत बहुत बड़ी थी। आंदोलन से उनके जुड़ाव का देशव्यापी प्रभाव पड़ा। जिधर वह निकले छात्र-युवा, "अंधकार में एक प्रकाश-जयप्रकाश-जयप्रकाश" के नारों के साथ उमड़ पड़े। पटना में बेकाबू पुलिस ने उन पर भी लाठियां चला दीं। नानाजी देशमुख और अंगरक्षक ने खुद पर प्रहार झेलकर जेपी की रक्षा की। इस हमले ने आंदोलन का अनेक राज्यों में विस्तार किया।

उधर 12 जून 1975 की तारीख ने देश की दिशा ही बदल दी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिराजी का रायबरेली से लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोप में रद कर दिया। 1971 में वह इस क्षेत्र से सोशलिस्ट नेता राज नारायण से चुनाव जीती थीं। 12 जून को ही गुजरात विधानसभा के चुनाव नतीजे आए। जनता मोर्चे की बढ़त ने कांग्रेस पर दोहरा दबाव बनाया। निर्वाचन रद होने के बाद इंदिराजी पर इस्तीफ़े का भारी दबाव था। उनके छोटे पुत्र संजय गांधी उस समय तक मदद में सक्रिय हो चुके थे। समर्थकों और दिल्ली तथा पास-पड़ोस से जुटाई जा रही भीड़ इंदिराजी समर्थन में नारे लगा रही थी। हाईकोर्ट ने उन्हें अपील के लिए 15 दिन का समय दिया था। बीच के 12 दिन भारी संशय और तनाव भरे थे। पर 24 जून को सुप्रीमकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ के जस्टिस कृष्णा अय्यर ने उन्हें राहत दी। जस्टिस अय्यर ने लोकसभा में मतदान के उनके अधिकार पर पाबंदी लगाई लेकिन प्रधानमंत्रीके पद पर बने रहने की इजाजत दे दी। विपक्ष फिर भी आक्रामक था। 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान की सभा ऐतिहासिक थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं ने जनता से संघर्ष तेज करने की अपील की। कहा कि सरकार कानूनी और नैतिक दोनों ही नज़रियों से सत्ता में रहने का हक़ खो चुकी है। उसके आदेश न माने जाएं।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए। योजना पर मंत्रिमंडल की सहमति की औपचारिकता अगली सुबह निभाई गई। 25 जून की रात को ही राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने बिना नानुकुर के इस पर दस्तख़त कर दिए। वह रात विरोधियों पर कहर बन कर टूटी। जयप्रकाश नारायण सहित तमाम विरोधी नेता बीच रात सोते से थानों पर ले जाए गए। लोगों को ख़बर होने के पहले भोर में ही उन्हें अलग-अलग जेलों के लिए रवाना कर दिया गया। गिरफ्तारियों का यह सिलसिला देशव्यापी था। अखबारों की बिजली काटी गई। सेंसरशिप लागू की गई। नागरिक अधिकार छीन लिए गए। लाखों विपक्षी जेल में थे। बाकी देश खुली जेल था। लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था। अगले उन्नीस महीने सत्तादल की मनमानी और पुलिस-प्रशासन की जुल्म ज्यादती की तकलीफ़देह दास्तानों से भरपूर थे।

> सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए।

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नही किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया। 28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42वें संशोधन का दायरा व्यापक था। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। किसी केंद्रीय कानून के सर्वोच्च न्यायालय और राज्य के कानून के परीक्षण का अधिकार हाई कोर्ट को दिया गया। पर इसका उपबंध अदालतों के लिए किसी कानून को रद करना मुश्किल करता था। वह था "किसी भी संविधानिक वैधता के प्रश्न पर पांच से अधिक न्यायधीशों की बेंच द्वारा दो तिहाई बहुमत से निर्णय लिया जाएगा। यदि बेंच के न्यायाधीशों की संख्या पांच ही हो तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।" 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नही बना पायीं थीं। इस संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छः वर्ष कर दिया गया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को माखौल में बदल दिया। विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था। अनेक जजों और अखबारों ने सत्ता से तालमेल बिठाना सीख लिया था। जो ढर्रे पर नही आए, उन्हें पुलिस तथा अन्य सरकारी एजेंसियों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता पर गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गयी। 18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीख़ें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा। पर इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी-उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम दिया। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदख़ल नहीं किया। रायबरेली जहां से पिछली बार इंदिराजी जीतकर अदालत से हारी थीं, को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं। 24 मार्च 1977 को मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की सरकार बनी। इमरजेंसी की ज्यादतियों के खिलाफ़ एकजुट हुए इस पार्टी के घटक जल्दी ही आपस में उलझने लगे। 15 जुलाई 1979 को मोरारजी सरकार का इस्तीफ़ा हो गया। इस सरकार की नाकामियों और उस वक्त या बाद में उसके किरदारों की भूमिका एक अलग विषय है। पर लोकतंत्र और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले इस सरकार के एक बड़े योगदान को जरुर याद रखना चाहेंगे। साथ में मशहूर वकील शांति भूषण को याद कर सकते हैं। यह शांति भूषण थे, जिन्होंने राजनारायण के वकील के तौर पर हाईकोर्ट में जबरदस्त पैरवी करके इंदिराजी का चुनाव रद कराया था। उन्ही शांति भूषण ने जनता पार्टी की सरकार के कानून मंत्री के तौर पर, इमरजेंसी में नखविहीन कर दी गईं अदालतों की गरिमा वापस कराई।

## प्रसंगवश

# आपदा की चेतावनी देती एक मछली

विगत दिनों तमिलनाडु के तट पर एक महाकाय मछली दिखने से लोग भयग्रस्त हो गए। क्योंकि देखी गई मछली को प्रलय का अग्रदूत माना जाता है। लोकश्रुतियां हैं कि जहां भी यह मछली दिखती है भयानक भूकंप या सुनामी आ जाती है। अब चूंकि मेरा मछलियों के विभाग से लंबा वास्ता रहा है, लोग मुझसे इसके बारे में विस्तार से जानना चाह रहे हैं।

> ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है।

यदि मेरी याददाश्त सही है तो मुझे इस मछली को देखने का मौका मुंबई में 1992-1993 में मिला था जब मैं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ फिशरीज एजुकेशन (अब विश्वविद्यालय) में 'इन सर्विस' ट्रेनिंग के दौरान विशाल समुद्री पोत सरस्वती पर सुदूर समुद्र में था जहां बड़े यांत्रिक जालों से मछलियां पकड़ी जा रही थीं ताकि प्रशिक्षुओं को समुद्री मत्स्य संपदा से परिचित कराया जा सके।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक दिन यह विशालकाय फीताकार मछली जाल में आई दिखी तो सब हैरान रह गए थे। हमारे प्रशिक्षक ने बताया था कि वह दुर्लभ 'ओरफिश' है। यह नाम पहली बार वहीं सुना था। समुद्री पोत के क्रू मेंबर्स ने तब इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई थी क्योंकि इसके मांस का टेक्स्चर अच्छा न होने के कारण इसकी कोई खास वैल्यू नहीं थी।

दरअसल ओरफ़िश गहरे समुद्र की मछलियों के एक छोटे से परिवार रेगलेसिडे से संबंधित है। यह विशालकाय और बहुत लंबी पेलाजिक लैम्प्रिफॉर्म मछली हैं। ये समशीतोष्ण महासागर क्षेत्रों से लेकर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों तक फैले क्षेत्रों में पाई जाती हैं। मगर बहुत कम ही देखी जाती हैं। ओरफ़िश परिवार में तीन प्रजातियां शामिल हैं। इनमें से ही एक, विशालकाय ओरफ़िश (रेगलेकस ग्लीसन) है और एक सबसे लंबी बोनी मछली है जो लंबाई में लगभग 8 मीटर (26 फीट) तक बढ़ जाती है।

ओरफिश को आम तौर पर "प्रलय को लाने वाली मछली" कहा जाता है। जापानी संस्कृति में, जब कोई ओरफिश सतह के पास दिखाई देती है, तो इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा की चेतावनी के रूप में लिया जाता है।

मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि गहरे समुद्र में रहने वाली यह मछली तब सतह पर दिखाई देती हैं जब वे बीमार होती हैं, या मर रही होते हैं। जबकि आम लोगों में ओरफिश को देखना बेहद दुर्लभ माना जाता है और एक बार से अधिक दिखाई देने के बाद, इसे चेतावनी माना जाता है।

तमिलनाडु में देखे जाने से पहले, एक ओरफिश ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में स्ट्रैहान के पास के तट पर बहकर आई थी। ऐतिहासिक रूप से, मछली की उपस्थिति को बाद की प्राकृतिक आपदाओं, जैसे भूकंप या सुनामी आदि से जोड़ा गया है। केतोहोकू भूकंप और सुनामी के बाद जिसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए, जापान में कई लोगों ने 2009 और 2010 में देश के समुद्र तटों पर बहकर आई 20 ओरफ़िश को जिम्मेदार बताया था।

हालांकि 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि ओरफ़िश की उपस्थिति और उसके बाद के भूकंपों के बीच का संबंध एक "भ्रामक सहसंबंध" है। मगर अब तमिलनाडु के तटीय वासी डरे सहमे किसी भारी आपदा का इंतजार कर रहे हैं।

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है। लेकिन आमतौर पर अगर कोई सतह पर तैरती है, तो वह दबाव कम होने के कारण मर जाती है। ओरफिश जिस गहराई पर रहती है, वहां बहुत कम या कोई धारा नहीं होती है। नतीजतन, वे बहुत कम मांसपेशियों का निर्माण करती हैं और वे उथले अशांत पानी में जीवित नहीं रह सकती हैं।

# मुद्रा, बैंकिंग और आर्थिक विषमता



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं, बल्कि सत्ता, नीति और सामाजिक विभाजन का उपकरण बन चुकी है। मुद्रा और बैंकिंग प्रणाली के विकास ने समाज में जहां आर्थिक क्रियाओं को तीव्रता और विस्तार दिया, वहीं एक गहरे और स्थायी आर्थिक विषमता के बीज भी बो दिए। सोने की ठोस मुद्रा से लेकर आज की अमूर्त डिजिटल मनी तक की यात्रा, केवल तकनीकी विकास की कथा नहीं है, बल्कि यह सत्ता-संबंधों और सामाजिक न्याय की गाथा भी है।

प्रारंभिक समाजों में वस्तु-विनिमय से शुरू होकर मुद्रा का विकास हुआ। जब मुद्रा धातु-आधारित थी- विशेषकर सोना या चांदी- तब उसका कुछ अंतर्निहित मूल्य था। किंतु जैसे-जैसे राज्य ने कागज़ी मुद्रा जारी करना शुरू किया, मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसकी स्वीकृतिऔर राज्य की गारंटी पर निर्भर हो गया।

डिजिटल युग में यह और भी अमूर्त हो गई-अब यह केवल बहीखाते में दर्ज अंक हैं। इस अमूर्तता ने मुद्रा को एक राजनीतिक उपकरण बना दिया- जिसकी सृजन व नियंत्रण की शक्ति सीमित संस्थाओं के हाथ में केंद्रित हो गई।

जब राज्य अधिक मुद्रा छापता है, तो उससे उत्पन्न होती है मुद्रास्फीति-जिससे मुद्रा की क्रयशक्ति घटती है। परंतु यह गिरावट सभी पर समान प्रभाव नहीं डालतीः मजदूर की आय स्थिर रहती है, पर उसकी जीवन-शैली महंगी हो जाती है, पूंजीपति की संपत्ति का मूल्य बढ़ जाता है- जैसे ज़मीन, शेयर, सोना। इस प्रकार मुद्रा की अमूर्तता और सृजन की असमान प्रणाली, श्रम के शोषण और संपत्ति आधारित आय के वर्चस्व को स्थापित करती है। डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई जैसी प्रणालियां सुविधाजनक अवश्य हैं, पर इनके पीछे एक सर्वव्यापक निगरानी तंत्र भी सक्रिय है। इससे निम्न और मध्यम वर्ग के आर्थिक व्यवहार पर निगरानी, अंकन और मूल्यांकन संभव हो जाता है- जिससे सामाजिक सहायता योजनाओं, क्रेडिट स्कोर या सामाजिक हैसियत में भेदभाव संभव हो जाता है।

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं। इससे श्रमिक और उत्पादक वर्ग की भूमिका गौण हो गई है, और वित्तीय वर्ग सामाजिक शक्ति के केन्द्र में आ गए हैं। यह वही संरचना है जो आर्थिक विषमता को न केवल जन्म देती है, बल्कि उसे संस्थागत रूप भी देती है। जॉन मेनार्ड कीन्स ने इन बातों पर ध्यान दिया था।

यह तर्क दिया जा सकता है कि मुद्रा और बैंकिंग के ये रूप केवल आधुनिकता के स्वाभाविक परिणाम हैं। किंतु यह सत्य नहीं है। यह पूरी व्यवस्था राजनीतिक और नीतिगत विकल्पों द्वारा निर्मित की गई है।

मुद्रा की सृजन प्रक्रिया पर लोकतांत्रिक नियंत्रण नहीं है। इस बात पर सोचा जाना चाहिए कि बैंक अपने जमाकर्ता को फिक्स्ड डिपोजिट पर जो सूद देता है उसकी दर मुद्रास्फीति की दर की तुलना में क्या है।

मुद्रा और बैंकिंग के अमूर्त रूपों ने जहां आर्थिक गतिविधियों को व्यापक और तीव्र बनाया, वहीं उन्होंने समाज में गहराती आर्थिक विषमता को वैधता और स्थायित्व भी दिया। यदि इस प्रवृत्ति को रोका न गया, तो हम एक ऐसे समाज की ओर अग्रसर हैं जहां मुद्रा की सुविधा केवल एक वर्ग के लिए है और शोषण की अनिवार्यता शेष समाज के लिए। क्या मुद्रा, चाहे वह भौतिक हो, डिजिटल हो या क्रिप्टो हो, संस्थानशून्यता, में काम करती है या किसी खास तरह के संस्थान से सामंजस्य स्थापित करके चलती है? मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं है, यह एक सामाजिक अनुबंध, राजनीतिक शक्ति और न्याय की प्रक्रिया का हिस्सा है। जब राज्य या बैंक मुद्रा का निर्माण करते हैं, तो वे केवल आर्थिक प्रवाह नहीं, सामाजिक संबंधों की संरचना भी तय कर रहे होते हैं।

जिस समाज में मुद्रा तक पहुंच आर्थिक हैसियत, क्रेडिट स्कोर, या संपत्ति पर निर्भर हो, वहां मुद्रा सामाजिक विभाजन का औजार बन जाती है और इस प्रकार, सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। मुद्रा के अर्थशास्त्र को केवल तकनीकी या मूल्य-सिद्धांत की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक नजरिए से देखना ज़रूरी है। हमने इसी व्यापक दृष्टिकोण की ओर कदम बढ़ाया है-और वह न केवल उपयोगी है, बल्कि समय की मांग भी है।

## सोशल फोरम

# कल्पित बंधुत्व

> इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!

पिछले 100 सालों में हमारे देश में किसिम-किसिम के अंतर्राष्ट्रीयतावादी हुए। उनमें कुछ अपने को 'विश्वमानव' तो कुछ 'विश्व क्रांतिकारी' समझने लगे थे। उनके लिए देश हमेशा एक छोटी जगह रही है। उन सभी ने अपने-अपने नशे में देशप्रेम को फिजूल की चीज मान लिया। अंतर्राष्ट्रीयता एक कल्पित बंधुत्व है, वह मनुष्य के चित्त को व्यापक करती है। पर जब एक नशा बन जाती है भारतीयता, स्थानीय राष्ट्रीयता, मातृभाषा, लोक संस्कृति जैसी चीजें फिजूल लगने लगती हैं। इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कुछ बुद्धिजीवी लंबे समय से भारतीय राष्ट्र को एक 'कल्पित समुदाय' के रूप में देखते रह गए और खुद अंतर्राष्ट्रीयतावाद एक कल्पित भावना में बदल गया– एक कल्पित बंधुत्व, एक कल्पित स्वतंत्रता और एक कल्पित समानता! ऐसी कई भ्रांतिपूर्ण जगहें बन गईं जिनमें सारे बड़े स्वप्न खो गए, यथार्थ खो गए और हर तरफ 'भ्रांतिपूर्ण' छा गया! यह भी देखा जा सकता है कि बड़े व्यापारियों का कोई देश नहीं होता। अरबों में खेलने वाले ऐसे कई व्यापारी 'डबल सिटिजनशिप' रखते हैं। वे अपनी कल्पना 'विश्व नागरिक' के रूप में करते हैं। उनके लिए मुनाफा ही उनका देश है! दूसरी तरफ, बहुत से लोग पेड़ की एक डाल लेकर, उसे ही नचा-नचा कर पूरा पेड़ बताते हैं। वे पूरे भारत की चिंता नहीं करते। देश में जब से लोकप्रियतावादी लोकल प्रचारों का बोलबाला बढ़ा है इतिहास, संस्कृति के साथ देश को भी खंड-खंड देखा जा रहा है। इसे विभिन्न संकुचित स्वार्थों की जमीन से देखा जा रहा है, जहां प्रेम नहीं घृणा है। घृणा के रंग कई हैं, पर नतीजा एक है विनाश।

-फेसबुक वॉल से

# विकास से महाविनाश की ओर



निरंकार सिंह
वरिष्ठ लेखक

> बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दुनिया भर के वैज्ञानिक अब अनुभव कर रहे हैं कि आधुनिक औद्योगिक विकास के जिस रास्ते पर हम जा रहे हैं वह विकास नहीं बल्कि महाविनाश की ओर ले जा रहा है। आज हमारे देश के तमाम शहर और कस्बे मोटर और मोटर सायकिलों के कारण जाम, धूल-धुंआ और गहरे प्रदूषण के शिकार हो गए हैं। जहां सांस लेने के लिए न शुद्ध हवा है और न तो पीने के लिए साफ पानी ही है। हमारी फसलें और सब्जियां भी खतरनाक कीटनाशकों से ग्रस्त हैं। उधर कई देशों के बीच चल रही जंग से भी हमारा पर्यावरण गहरे प्रदूषण की चपेट में है। जंग सिर्फ इंसानों की जान ही नहीं लेता बल्कि यह हमारी धरती को भी गंभीर रूप से बीमार कर रहा है। बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दरअसल बहुत से लोग यह सोचते हैं कि पर्यावरण या जलवायु परिवर्तन भविष्य की घटना है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। वे यह नहीं जानते इस बड़े संकट से हम जूझ रहे हैं। दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्र और लोग आज जलवायु परिवर्तन की चल रही प्रक्रिया से प्रभावित हैं। जलवायु परिवर्तन पर्यावरण को कई अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें तापमान में वृद्धि, समुद्र का जलस्तर बढ़ना, सूखा, बाढ़ और बहुत कुछ शामिल है। ये घटनाएं उन चीजों को प्रभावित करती हैं जिन पर हम निर्भर हैं और जिन्हें हम महत्व देते हैं, जैसे पानी, ऊर्जा, परिवहन, वन्यजीव, कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य।

इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 4.9 डिग्री तक फारेनहाइट बढ़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो ये धरती पर भीषण तबाही मच जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के गर्म होने से महासागरों का जलस्तर इतना बढ़ जाएगा कि कई द्वीप देश हमेशा के लिए डूब जाएंगे। हैम्बर्ग विश्वविद्यालय में ध्रुवीय अनुसंधान के प्रोफेसर और इस शोध में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिक डर्क नॉट्ज के अनुसार धरती के बढ़ते तापमान से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली जगहों में आर्कटिक सबसे ऊपर है। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के आसपास का क्षेत्र लगातार गर्म होता जा रहा है। प्रोफेसर डर्क नॉट्ज के अनुसार, आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। अध्ययन से पता चला है कि आर्कटिक में दैनिक तापमान आने वाले समय में सभी पुराने रिकॉर्ड से पार चला जाएगा। आर्कटिक महासागर लगातार कई गर्मियों तक अपने बर्फ के आवरण को खो देगा। ग्रीनलैंड का पिघलने वाला क्षेत्र चौगुना हो जाएगा और पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र आधे से भी कम हो जाएगा। ये परिवर्तन केवल बर्फ और पानी तक सीमित नहीं होंगे। वन, वन्यजीव और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के जोखिम का सामना कर रहा है। महासागरों में पानी का स्तर बढ़ा तो मानव बस्तियों और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान होगा।

डरहम विश्वविद्यालय का अध्ययन विज्ञान पत्रिका कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरमेंट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। प्रमुख शोधार्थी प्रोफेसर क्रिस स्टोक्स ने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के बावजूद समुद्र के स्तर में वृद्धि की गति तेज होती रहेगी। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण से अंटार्कटिका के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंटार्कटिका शायद एक तरह के टाइम बम के ऊपर तैर रहा है। अंटार्कटिका में कम से कम 100 ऐसे ज्वालामुखी हैं जिनके बारे में बहुत अधिक जानकारी मौजूद नहीं है। इनमें से कुछ पश्चिमी तट पर स्थित है तो वहीं कुछ ज्वालामुखी सतह के ऊपर हैं। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो बर्फ की चादर से कई किलोमीटर नीचे स्थित है। जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलती बर्फ से नीचे की चट्टानों का वजन भी कम हो रहा है। कंप्यूटर सिमुलेशन के आधार पर यह दावा किया गया है कि अगर अंटार्टिक बर्फ की चादर को ज्यादा नुकसान होता है तो नीचे दबे हुए ज्वालामुखी के फटने का खतरा काफी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर सिमुलेशन की मदद से ये जानने का प्रयास किया कि, बर्फ की चादर पिघलने से अंटार्कटिका के ज्लावामुखियों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। इन सिमुलेशनों से यह निष्कर्ष निकला कि धीरे-धीरे पिघलती हुई बर्फ के कारण ज्लावामुखी विस्फोट की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना हैं कि दुःख की बात ये है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। अगर और बुरी हालत बनती है तो इसके नतीजे भुगतने के लिए सभी जीवों को तैयार रहना पड़ेगा क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर रोकथाम हो ही नहीं रही है। उससे पूरा वायुमण्डल खराब होता जा रहा है। लेकिन अभी भी यदि हम नहीं संभले तो शायद जल्दी ही वापस लौटने के लिए बहुत ही देर हो चुकी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# दीवार से टकराई अनियंत्रित कार, युवक की गयी जान

## गायघाट के पास लक्ष्मणपुर-मटेही मार्ग पर हुआ हादसा




संवाददाता, नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार:** एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की जान चली गई। घटना मंगलवार की देर शाम गायघाट के पास लक्ष्मणपुर मटेही मार्ग पर हुई जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दीवार से जा टकराई। हादसे में कार सवार युवक की मृत्यु हो गई। युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान दीपक कुमार (22) पुत्र विजय कुमार निवासी मिनदूरपुरवा थाना रामगांव जनपद बहराइच के रूप में हुई है।

कोतवाल नानपारा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही नानपारा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक ने स्कूटी में मारी टक्कर, केस दर्ज

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार :** नगर कोतवाली के पीपल तिराहे के पास शनिवार रात दस बजे तेज रफ्तार अपाचे बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसके चलते स्कूटी सवार नाजिरपुरा पूर्वी निवासी अब्दुल वाजिद पुत्र अब्दुल वाहिद घायल होकर गिर पड़े। घायल को मेडिकल कालेज पहुंचाए जाने के बजाय घायल के साथ मारपीट की। पीड़ित ने आकाश सोनी व सूरज सोनी को नामजद करते हुए पुलिस को बताया कि बाइक सवार दोनों युवक नशे में धुत थे। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना व मारपीट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नौ पुलिसकर्मियों का हुआ तबादला

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** एसपी रामनयन सिंह ने कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए एक निरीक्षक, सात दरोगाओं सहित नौ पुलिस कर्मियों के इधर से उधर किया है। पुलिस लाइन में लंबे समय से तैनात चार पुलिसकर्मियों को लंबी प्रतीक्षा के बाद थानों पर तैनात किया गया है।

एसपी ने साइबर क्राइम थाने में तैनात निरीक्षक संतोष कुमार अवस्थी को महिला सहायता प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया है। पुलिस लाइन में तैनात रहे दरोगा आलोक सिंह को नानपारा कोतवाली में एसएसआई की जिम्मेदारी दी है। नानपारा कोतवाली में एसएसआई रहे नरसिंह अब विशेश्वरगंज थाने में एसएसआई की जिम्मेदारी देखेंगे। पुलिस लाइन में तैनात रहे दरोगा दीपक सिंह को रूपईडीहा थाने की बाबागंज पुलिस चौकी प्रभारी का दायित्व मिला है। पुलिस लाइन में तैनात दरोगा हरीश चंद्र को नानपारा कोतवाली की गुरगुट्टा पुलिस चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। एसपी ने गुरगुट्टा चौकी प्रभारी राजेश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया था। मोतीपुर थाने पर तैनात दरोगा सुरेश चंद्र गिरी को इसी थाने की दौलतपुर पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है। सुजौली थाने में तैनात दरोगा मंजेश कुमार अब बिछिया पुलिस चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी संभालेंगे। देहात कोतवाली मे तैनात दरोगा पंकज चौरसिया को दरगाह थाने की जीजीआईसी पुलिस चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सुंभाशु सिंह को जरवलरोड थाने की घाघरा घाट पुलिस चौकी तबादला किया गया है।

# उधारी मांगने पर दबंगों ने पीटा

**मटेरा/ बहराइच:** उधारी मांगने पर पिता-पुत्र ने साथियों संग पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मटेरा इलाके अमवा भारी गांव निवासी असलम ने बताया की उसने लीलापारा निवासी मो उमर इलेक्ट्रॉनिक का सामान उधार लेकर गए थे। जिसका पैसा मांगने पर मो. उमर ने अपने पुत्र इमरान व साथी रिहान, रज्जब के साथ आकर बड़े भाई व भतीजे को मारने-पीटने लगे शोर सुनकर पड़ोस के दुकानदारों ने आकर बचाया। दबंग पुलिस से शिकायत करने पर जान माल की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल अभिनव प्रताप सिंह ने बताया की पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# निर्माणाधीन दीवार गिराने के मामले में 8 पर मुकदमा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** पति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से दुखी महिला के प्लाट पर निर्माणाधीन दिवार को सोमवार को लगभग एक दर्जन महिला पुरुष हमलावरों ने दिनदहाड़े ढहा दिया। विरोध कर रही महिला के साथ मारपीट कर उसके बेटे को भी गायब किए जाने की धमकी से वह बेहद डरी है। पीड़िता ने थाने में दो महिलाओं सहित आठ नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। रूपईडीहा थाने के नई बस्ती साकेत नगर निवासनी पूजा सोनी के पति राजू सोनी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। पूजा अपने बेटे के साथ रह रही है। उसने एक प्लाट 18 जुलाई 2018 को देवी दीन पुत्र शिव सागर से खरीदा था। उसी प्लाट में वह रहने को भवन का निर्माण करा रही है। सोमवार दोपहर में लगभग 11 बजे हमलावरों ने दिनदहाड़े हमलाकर निर्माणाधीन दीवार ध्वस्त कर दी। पीड़िता के विरोध करने पर मारपीट की। यही नहीं उसके बेटे को भी गायब करने की धमकी दी। लोगों ने पुलिस को वारदात की सूचना दी पर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पीड़िता की तहरीर पर मारपीट, तोड़फोड़ की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

# डीएम ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**बहराइच, अमृत विचार:** आईजीआरएस व सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती हुई डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि नहीं होनी चाहिए। 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि वाले विभाग विशेष प्रयास कर सुधार लायें। डीएम ने निर्देश दिया कि असंतुष्ट फीड बैंक वाले विभाग स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर जियो टैग फोटो के साथ निस्तारण आख्या को पोर्टल पर फीड करें। बैठक में बाट-माप अधिकारी की अनुपस्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने सम्बन्धित का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए रैंक में सुधार लाये ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये। उन्होंने कहा कि निचले स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ऐसे सन्दर्भों के निस्तारण की गुणवत्ता में उदासीनता बरते जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जाय। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सन्दर्भों के निस्तारण में संतुष्टि व असंतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाये, क्योंकि इसी से रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### चोरों ने लाखों के माल पर हाथ किया साफ

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में लगातार हो रही ताबड़तोड़ चोरियों से लोगों में दहशत बढ़ रही है। पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा पुलिस कर नहीं पाती। चोर एक ओर बड़ी वारदात अंजाम दे देते है। गजपतिपुर के लोनियनपुरवा में चोरो ने सूने घर में घुस कमरे के ताले काट आलमारी, बख्शे में रखे कीमती सामान को पार कर दिया। पीड़ित जब घर आए तो उन्हे इसकी भनक लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहकीकात की है। देहात कोतवाली के गजपतिपुर के मजरे लोनियनपुरवा निवासी रवि कुमार पाठक, उनकी पत्नी प्रिया पाठक, उनका बेटा बनारस 19 जून को बनारस गए थे। वहां से घर आने पर उन्हे अंदर जाने पर कमरों के ताले टूटे, सामान बिखरा मिला। चोर आलमारी में रखा चार थान सोने, तीन थान चांदी, फूल व स्टील के बर्तन, 10 हजार नगदी सहित लगभग पांच लाख की संपत्ति गायब मिली।

### लेखपाल को फोन पर जान-माल की धमकी

**बहराइच, अमृत विचार :** मिहींपुरवा तहसील के सर्रा मुंदरी के राजस्व लेखपाल को एक व्यक्ति ने मोबाइल फोन पर काल कर मारपीट व जानमाल की धमकी दी। जिसके चलते खौफजदा लेखपाल ने एक को नामजद कर केस दर्ज कराया है। मोतीपुर थाने के सर्रा मुंदरी ग्राम पंचायत के राजस्व लेखपाल विजय कुमार को 21 जून को एक व्यक्ति ने मोबाइल से काल कर मारपीट व जानमाल की धमकी दी। लेखपाल को अभद्र भाषा में धमकाते हुए इलाके में आने पल मारपीट की चेतावनी दिए जाने पर की गई थाने में शिकायत पर पुलिस हरकत में आ गई है।

### एएसपी ग्रामीण ने पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण

**बहराइच, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर मंगलवार की परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इसके बाद अर्दली रूम में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रिजर्व पुलिस लाइन में सलामी लेने के बाद पुलिस बल की दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में निर्देशित किया। पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई का जायजा लिया तथा सम्बन्धित को बेहतर साफ–सफाई रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। क्वार्टर गार्ड पर भी सलामी ली तथा शस्त्रों के रख रखाव का निरीक्षण कर उनकी साफ–सफाई हेतु दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त परिवहन शाखा का निरीक्षण किया।

### युवती के अपहरण व धर्मांतरण मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के हुजूरपुर पुलिस ने दो माह पूर्व युवती के अपहरण, धर्मांतरण व निकाह मामले में फरार चल रहे आरोपी को लखनऊ से पुलिस ने गिरफ्तार किया। इससे पूर्व पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। आरोपी धर्मान्तरण व निकाह कराने का दोषी है। कोर्ट में पेश किए जाने पर इसे जेल भेज दिया गया है। हुजूरपुर एसएचओ बृजेन्द्र कुमार मिश्रा को जानकारी मिली कि तीन मई को एक 20 वर्षीय युवती के अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन व निकाह मामले में प्रकाश में आया आरोपी लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब के मगट गांव निवासी अमिन कैसरबाग बस स्टैंड के पास पना लिए हुए है। उन्होंने तत्काल विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर गठित पुलिस टीम को लखनऊ दबिश को भेजा। लखनऊ में कैसरबाग बस स्टैंड के पास उसे धर दबोचा गया। कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर उसे शहर लाकर कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया। युवती के अपहरण, धर्मांतरण व निकाह मामले में पीड़ित परिजनों को जानमाल की धमकियां मिल रही थीं। तीन आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

### नहर में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव

**पयागपुर, बहराइच :** थाना क्षेत्र के ग्राम इंद्रापुर सोहरियावां के निकट झारखंडी मंदिर के पास स्थित सरयू नहर में मंगलवार को एक अज्ञात युवक जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष का शव पानी मे उतराता मिला।ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को नहर से निकलवा कर उसकी शिनाख्त कराई लेकिन पहचान नही हो सका। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

### फेस ऑथेंटिकेशन कार्य की कच्छप गति पर डीएम खफा

**बहराइच, अमृत विचार :** पोषण टैकर एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान प्रदेश में 72वीं रैंक होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए प्रगति में सुधार लायें। डीएम ने कहा कि फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन ग्राम्य विकास, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, शिक्षा, कृषि इत्यादि विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त किया जाय। नियमित रूप से समीक्षा करने के बावजूद ब्लाक नवाबगंज, शिवपुर व चित्तौरा में अपेक्षित प्रगति न होने पर निर्देश दिया कि क्षेत्र में भ्रमण कर फेस ऑथेंटिकेशन की कार्यवाही करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

### कोल्ड स्टोरेज में करंट से युवक की मौत

**कैसरगंज, बहराइच :** नपं कैसरगंज स्थित कोल्ड स्टोरेज में मंगलवार को करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 21 वर्षीय मिथिलेश कुमार वर्मा पुत्र पप्पू वर्मा निवासी गंगापुरवा जरवलरोड के रूप में हुई है। वह पिछले ढाई माह से कोल्ड स्टोरेज में बर्फ निकालने का कार्य कर रहा था।मिथिलेश रोज की तरह अपने कार्य में लगा उसे तेज करंट लग गया और वह बेहोश होकर मौके पर गिर पड़ा। उसे सीएचसी ले जाया गया जहां मृत घोषित किया गया।

# विद्यालयों को मर्ज किया जाना शिक्षा विरोधी: महेंद्र

**पयागपुर, बहराइच:** पचास से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालय में मर्ज करने जैसे सरकार के तुगलकी फरमान के विरोध में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा। संगठन के ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा विद्यालयों को मर्ज किये जाने का निर्णय पूरी तरह शिक्षा विरोधी है जिसका हम शिक्षक पुरजोर विरोध करते हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 ए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा नीति निर्देशक तत्वों के अनुच्छेद 46 सामाजिक न्याय के मूल भावना की यह स्पष्ट अवहेलना है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से सबसे ज्यादा नुकसान दलित आदिवासी पिछड़े एवं हर वर्ग के गरीब परिवारों के बच्चों का होगा। संगठन के ब्लाक मंत्री गोपाल शुक्ल ने कहा कि जिन स्कूलों को छोटा कहकर बंद किया जा रहा है वहीं गांव के बच्चों के लिए आत्मविश्वास एवं सामाजिक जुड़ाव का साधन है। संगठन के नेता द्वय ने बताया कि शुक्रवार दोपहर में सैकड़ों शिक्षकों की मौजूदगी में खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप मर्जर नीति का विरोध किया जायेगा।

# बदहाल बिजली आपूर्ति पर भड़के विधायक

**जताई नाराजगी**

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** सरकार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों को निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक अबाध बिजली आपूर्ति देने के लाख दावे कर रही हो पर हालात कुछ और ही हैं। 133 केवीए विद्युत उपकेंद्र पयागपुर में रविवार रात से ध्वस्त हुई विद्युत व्यवस्था क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप से सोमवार की रात बहाल हुई। गर्मी का दौर शुरू होते ही बेपटरी हो चुकी विद्युत आपूर्ति को पटरी पर लाने में जिम्मेदारों के पसीने छूट रहे हैं। थोड़ी देर पर फीडरों का फ्यूज उड़ना, जगह-जगह से तारों का टूटना सहित अत्यधिक लोड का हवाला देकर अक्सर विजली गायब रहती है।



बिजली कटौती को लेकर अधिकारियों से बात करते विधायक सुभाष त्रिपाठी।

उपभोक्ता आपूर्ति बहाल होने की जानकारी सोशल मिडिया जैसे प्लेटफामों पर लेते दिखते हैं जिन्हें प्रयास जारी है। थोड़ा समय लगेगा जैसा आश्वासन मिलता रहता है। रविवार की रात से गुल हुई बिजली ने उपभोक्ताओं को खासा मुशीबतें पैदा की। भीषण गर्मी में जहां लोगों ने रतजगा किया वहीं सोमवार को विद्युत चलित सभी कार्य पूरी तरह ठप रहे। उपभोक्ताओं में बढ़ते आक्रोश की जानकारी मिलते ही सोमवार की रात्रि विधुत उपकेंद्र पहुंचे क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने अधिकारियों की जमकर क्लास लगायी। उन्होंने आधे घण्टे में आपूर्ति बहाल न होने पर वहीं पर धरने पर बैठ जाने की बात कही। विधायक के उग्र तेवर देखकर अधिकारियों के होश उड़ गये। उधर, ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो लोग बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर दानेंद्र शर्मा, बिट्टन सिंह सहित उपभोक्ता उमेश तिवारी, पंकज शुक्ला, चंद्रशेखर तिवारी, नीरज तिवारी, कुलदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# ढाई महीने में 470 वाहन किए गए सीज, 20711 का किया चालान

**बहराइच, अमृत विचार:** एसपी रामनयन सिंह के निर्देश पर जनपद पुलिस और यातायात पुलिस ने जिले में संचालित अवैध वाहनों के खिलाफ ढाई माह से अभियान चला रखा है इस अभियान में पुलिस और यातायात पुलिस ने 470 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की है जबकि 200711 वाहनों का चालान किया गया है। नगर क्षेत्र समेत जिले के विभिन्न कस्बों में संचालित अवैध वाहनों के चलते जाम की समस्या बन जाती थी। संबंधित थाने की पुलिस को लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी। सभी क्षेत्रों में जाम की समस्या से लोग घंटों परेशान रहते थे। पुलिस के पास अक्सर शिकायत आई थी। जाम की अधिक समस्या नगर क्षेत्र में थी। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने सभी थानों की पुलिस और यातायात पुलिस को अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने की निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद जिले के सभी कस्बों में अभियान चलाया गया। ढाई महीने से अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर 470 अवैध वाहनों के खिलाफ सीजर की कार्रवाई की है। जबकि 20711 वाहनों का चालान किया गया है।

# युवती ने की आत्महत्या, पुलिस ने एक को हिरासत में लिया

**बहराइच, अमृत विचार:** फखरपुर थाना क्षेत्र में एक युवती ने आत्महत्या कर ली बताया जाता है कि युवती अपने एक रिश्तेदार के लड़के से शादी करना चाहती थी लेकिन परिवार के लोग राजी नहीं थे हालांकि पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। साईं पुरवा निवासी निजामुद्दीन ने थाने पर सूचना दिया कि संदिग्ध परिस्थिति में उसकी बेटी की मृत्यु हो गई है। जिस पर पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पड़ोस के ही चाचा व चेचरे भाई के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया कर लिया। पुलिस ने जब छानबीन की तो पता चला है कि रेहाना का अपने चचेरे भाई से संबंध था। जिसे उसके माता-पिता पसंद नहीं करते थे। रेहाना की मां ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में एक दिन पहले देख लिया था।


## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1.1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4.1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6.1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8.1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10.1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3.1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5.1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7.1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8.1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा–सादा, गर्वरहित।




### वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | | 3 कृ | | 4 ले | न |
| म | | | प | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू -19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | | | | |
| 3 | | | | 7 | | | | 8 |
| | 5 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 1 | 3 | | | 7 |
| | 1 | | 4 | | 5 | | 8 | |
| 5 | | | 6 | 9 | | 2 | 4 | |
| | | 7 | | | 2 | 1 | 5 | |
| 9 | | | | 4 | | | | 3 |
| | | | | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 18 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या-16.00 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.40 तक तत्पश्चात अर्द्रा।

**मेष** – आज समाज में आपका मान–सम्मान बढ़ेगा। आय के नए संसाधन विकसित हो सकते हैं। शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। भाग्य आपका साथ देगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे। किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – आज संतान के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। मार्केटिंग संबंधी कार्य लाभकारी सिद्ध होंगे। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**मिथुन** – आज आपकी दिनचर्या थोड़ी सुस्त हो सकती है। लेकिन आपको बड़ी जिम्मेदारियों का पालन करना पड़ेगा। दिन की शुरुआत नकारात्मक रहने वाली है। दोपहर के बाद धीरे–धीरे आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। विचारशैली में नयापन आयेगा।

**कर्क** – आज पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा से परेशानी हो सकती है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। अपने अहंकारी व्यवहार पर नियंत्रण रखें। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह** – आज अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। जॉब में आपकी आय बढ़ सकती है। आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख–शांति का वातावरण रहेगा। आत्मचिंतन के माध्यम से अपनी कमियों को दूर करेंगे।

**कन्या** – आज निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। नया कार्य आज शुरू कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**तुला** – आज आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। संपति की डील से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। आज आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। दूसरों की गलतियां ढूंढने में समय व्यर्थ न करें।

**धनु** – आज दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुये थे शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के सुझाव से काम करना हितकर होगा।

**मकर** – आज जॉब में परिवर्तन का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। दिन का प्रारम्भिक भाग तनाव युक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है। कुछ लोग आपके अच्छे कार्यों व योगदान की उपेक्षा कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी दूसरे के हित प्रभावित हों। प्रेमी जन से मतभिन्नता के कारण झगड़ा हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। अपच के कारण आपको परेशानी होगी। सरकारी कार्यों में आपको लाभ होगा।

# जेल अधीक्षक समेत 3 गवाहों को तलब करने की मांग

## कोर्ट ने सुनवाई को 3 जुलाई की तय की तिथि, अधिवक्ता पर हुए हमला से जुड़ा मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** वर्ष 2004 में अधिवक्ता राकेश मिश्र पर हुए जानलेवा हमले के बहुचर्चित मामले में मंगलवार को एक बार फिर कोर्ट में हलचल तेज हो गई। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश पांडेय की अदालत में बचाव पक्ष ने तीन महत्वपूर्ण गवाहों को सफाई साक्ष्य में तलब किए जाने की अर्जी दाखिल की। आरोपी रजनीश प्रताप सिंह उर्फ विपिन व अवनीश प्रताप सिंह की ओर से अधिवक्ता संतोष पांडेय ने अर्जी दाखिल कर जेल अधीक्षक, तत्कालीन सरकारी गनर वीरेंद्र बहादुर सिंह एवं बल्दीराय थाने के बिसांवा गांव निवासी अमरनाथ को सफाई साक्ष्य हेतु गवाही के लिए बुलाए जाने की मांग की है। अर्जी में कहा गया कि भले ही मुकदमे में सफाई साक्ष्य समाप्त कर बहस की तिथि तय हो चुकी है, लेकिन न्यायिक निर्णय के लिए उक्त गवाहों की उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख नियत की है।

मालूम हो कि यह घटना 25 जून 2004 की है, जब अधिवक्ता अशोक मिश्र व राकेश मिश्र अपने पिता सभाजीत मिश्र से जेल में मुलाकात कर गभड़िया ओवरब्रिज से लौट रहे थे। इसी दौरान जानलेवा हमला हुआ, जिसमें राकेश मिश्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लंभुआ कोतवाली के रामगढ़ निवासी हनुमान सिंह, उनके भतीजे रजनीश प्रताप सिंह व अवनीश प्रताप सिंह तथा दो अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला एवं साजिश का केस दर्ज कराया गया था।

### इमरान हत्याकांड में गवाही जारी

मुसाफिरखाना थानाक्षेत्र के औरंगाबाद मेंश्चार साल पूर्व इमरान हत्याकांड में मंगलवार को अभियोजन के पांचवे गवाह मंसूर की गवाही अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत में दर्ज की गई जिससे बचाव पक्ष के वकील सुरेश तिवारी ने जिरह की। जिरह पूरी न होने के कारण कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 26 जून की तारीख तय की है। अभियोजन के मुताबिक 25 अप्रैल 2021 की घटना में वादी अमीर उल्ला ने आरोपियों मोईन, मोतीन, मोजीन, मोहम्मद कमर, सुहेल आदि के खिलाफ केस दर्ज कराया था। हमले में इमरान की दौरान इलाज दूसरे दिन मौत हो गई थी।

### विजय नारायण हत्याकांड में गवाही 27 को

शहर के चर्चित विजय नारायण सिंह हत्याकांड में मंगलवार को अभियोजन गवाह दिनेश कुमार की गवाही देने हाजिर हुए। अभियोजन पक्ष से वादी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया बचाव पक्ष के मौका लेने के कारण जिरह के लिए 27 जून की तारीख तय की है। गौरतलब है कि सात अप्रैल 2024 को दरियापुर तिराहे पर कोतवाली नगर के नारायनपुर निवासी विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि उनके साथी अनूप शर्मा घायल हो गए थे। इस मामले में अम्बेडकरनगर जिले के महरुआ थाने के लोधवा हरिनाथ पुर गांव निवासी अजय सिंह सिलावट समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। मामले में जिला कारागार रायबरेली में निरुद्ध आरोपी अजय सिंह सिलावट की पेशी जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दर्ज की गई।

### अभय सिंह की हत्या के मामले में सुनवाई 5 जुलाई को

कोतवाली देहात थाने के पकड़ी गांव निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष राम अभिलाख सिंह के भतीजे अभय सिंह की शहर के पयागीपुर चौराहे के पास गोली मारकर हत्या के मामले वादी मुकदमा राम अभिलाख सिंह को कोर्ट ने जिरह के पांच जुलाई को तलब किया है। तीन सितंबर 2024 को राम अभिलाख सिंह के भतीजे अभय सिंह की शहर के पयागीपुर चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में राम अभिलाख सिंह ने सोनबरसा गांव के मुकेश यादव, आकाश सिंह, सत्यम सिंह व प्रदीप यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### जेल में निरुद्ध आरोपी को कोर्ट से राहत

जयसिंहपुर थानाक्षेत्र के बढ़ौली चौराहे के निकट बीते माह अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के मामले में जौनपुर जिले के खुटहन थानाक्षेत्र के शेरपुर पथरा निवासी जेल में निरुद्ध आरोपित राहुल बिन्द की जमानत कोर्ट ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील रजनीश शुक्ल के मुताबिक जयसिंहपुर थाने के उपनिरीक्षक अनूप सिंह ने कथित बीती 26 मई की घटना में आरोपी के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामदगी दिखाते हुए जेल भेज दिया था।

### फ्लैट कब्जा विवाद में उपभोक्ता आयोग ने परिवाद किया निरस्त

जिला उपभोक्ता आयोग ने कोतवाली नगर क्षेत्र के ठठेरी बाजार निवासी जयंती गुप्ता द्वारा उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के खिलाफ दाखिल परिवाद को खारिज कर दिया। आयोग ने पाया कि फ्लैट का कब्जा व रजिस्ट्री दी जा चुकी थी और परिवादिनी ने स्वयं शपथ पत्र देकर वाद वापस लेने की बात कही थी। अध्यक्ष राम लखन सिंह चन्द्रौल व सदस्य भारत भूषण तिवारी ने आदेश में वाद व्यय दोनों पक्षों को स्वयं वहन करने को कहा।



दीवानी न्यायालय परिसर में मौजूद अधिवक्ता व वादकारीगण। अमृत विचार

### बीमा कंपनी को 17.28 लाख देने का आदेश

▶▶ पोल्ट्री फार्म क्षति मामले में उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला

संवाददाता, सुलतानपुर : जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष राम लखन सिंह चन्द्रौल और सदस्य भारत भूषण तिवारी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बीमा कंपनी नेशनल इन्श्योरेन्स लिमिटेड को पोल्ट्री फार्म में हुई क्षति की भरपाई हेतु 17,28,289 रुपये दो माह के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। गभड़िया निवासी ( शालीमार पोलेट्री) फार्म के परिवादी तबरेज खान ने आरोप लगाया था कि भारी वर्षा व आंधी के कारण उसके पोल्ट्री फार्म की दीवारें व शेड गिर गए, जिससे मुर्गियों, अंडों, उपकरणों आदि को भारी नुकसान पहुंचा। बीमा कंपनी द्वारा दावा निरस्त किए जाने पर यह मुकदमा दाखिल किया गया था। आयोग ने बीमा कंपनी द्वारा नियुक्त सर्वेयर की रिपोर्ट को विश्वसनीय मानते हुए बीमा कंपनी को क्षतिपूर्ति के रूप में 17 .28 लाख रुपये, मानसिक कष्ट के लिए 1000 एवं वाद व्यय 500 रुपए अदा करने का आदेश दिया है। तय समय पर भुगतान न करने की दशा में दावा दाखिल करने की तिथि से भुगतान तक 6 : वार्षिक ब्याज भी देय होगा।

### एमएलसी शैलेंद्र सिंह व पूर्व विधायक सोनू सिंह के मामलों में बहस की तिथि तय

संवाददाता, सुलतानपुर : एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन और धमकी मामले में दो अलग-अलग मामलों में बहस की तिथि नियत की है। पहले मामले में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में बहस की सुनवाई 14 जुलाई को होगी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक यह मामला 11 मई 2019 का है, जब चुनाव उड़नदस्ता प्रभारी गजेंद्र कुमार सिंह की शिकायत पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप है कि शैलेंद्र सिंह ने उतुरी स्थित एक शिक्षण संस्थान के सामने 50 से अधिक लोगों को भोजन कराया, जो आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। इस मामले में उनके समर्थक जयप्रकाश और अजय सिंह को भी आरोपी बनाया गया है। वहीं, दूसरे मामले में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू और तीन अन्य पर गाली-गलौज व हत्या की धमकी देने के मामले में बहस की तारीख 11 जुलाई तय की गई है। धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग गांव में 18 जून 2022 को नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में गांव के बैजनाथ निषाद की तहरीर पर मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने चंद्रभद्र सिंह सोनू, फूलचन्द्र निषाद, रोशन सिंह और पप्पू सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

# बाल्टी में तेल देने से इनकार पर पंपकर्मियों से मारपीट, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

▶▶ आग नियंत्रण बाल्टी से बालू गिरा तेल मांगने पर बढ़ा विवाद

▶▶ 11 हजार की नकदी ले भागे आरोपी, लाठी-डंडों से हमला कर दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के डोमनपुर गांव स्थित आरएस फिलिंग स्टेशन पर सोमवार शाम उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक युवक द्वारा बाल्टी में तेल मांगने से इनकार करने पर पंपकर्मियों के साथ मारपीट की गई और गाली-गलौज व धमकी दी गई। पंप मालिक रमाशंकर तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

घटना के अनुसार, धरावा गांव निवासी समीर पुत्र कमरुद्दीन आग नियंत्रण के लिए रखी गई बालू की बाल्टी को खाली कर उसमें तेल भरवाने की मांग कर रहा था। जब पंप कर्मी ने ऐसा करने से इनकार किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। पंप मालिक का आरोप है कि कुछ ही देर में समीर के साथ रवि, रफ्फू, सरदार, सैफ सहित 5-6 अज्ञात युवक भी वहां पहुंच गए और पंपकर्मियों से धक्का-मुक्की शुरू कर दी।

हंगामे के दौरान पंप पर रखे 11 हजार रुपये की नकदी भी गायब हो गई। भीड़ इकट्ठा होने पर सभी आरोपी लाठी-डंडों और असलहों से लैस होकर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। आरोपियों में से एक मोटर साइकिल घटनास्थल पर ही छूट गई। पंप मालिक रमाशंकर तिवारी ने बताया कि ये युवक पहले भी कई बार पंप पर आकर विवाद कर चुके हैं, लेकिन कभी सख्त कार्रवाई न होने के चलते इनके हौसले बुलंद हो गए हैं। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और विधिक कार्यवाही प्रचलित है। जांच के उपरांत दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



नवागत लेखाधिकारी का स्वागत करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### लेखाधिकारी से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सुलतानपुर संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी विपिन द्विवेदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की वेतन, देयताओं व अंतरजनपदीय स्थानांतरण से जुड़ी समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। वित्त एवं लेखाधिकारी श्री द्विवेदी ने आश्वस्त किया कि सभी कार्य त्वरित गति से निस्तारित किए जाएंगे और शिक्षकों को वेतन हर माह की पहली तारीख को उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतरजनपदीय स्थानांतरण से आए शिक्षकों में जिनकी एलपीसी प्राप्त हो गई है, उनके वेतन शीघ्र लगाए जाएंगे। वहीं, गैर जनपद गए शिक्षकों की एलपीसी भेजने की प्रक्रिया भी जारी है, इस संबंध में बीएसए कार्यालय से आवश्यक निर्देश प्राप्त हो चुके हैं। प्रतिनिधिमंडल में जिलामंत्री राम आशीष मौर्य, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति, मंत्री देशराज, फिरोज अहमद, श्रीपाल यादव, धर्मेंद्र तिवारी, सोहन कुमार, संघर्ष समिति से दिनेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सूरापुर की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा पत्र

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बे की जनसमस्याओं को लेकर सूरापुर व्यापार मंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए समाधान की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष वीके अग्रहरि विजय ने बताया कि ज्ञापन में बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या से निपटने के लिए चार पीआरडी जवान व एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी की तैनाती, बैटरी रिक्शा व टैम्पो स्टैंड को बाजार से 500 मीटर बाहर स्थानांतरित करने, शारदा सहायक नहर तक जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने और अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई है। इसके अलावा सूरापुर कस्बे के लिए अलग विद्युत फीडर बनाए जाने की भी मांग की गई है। अध्यक्ष ने बताया कि टोल टैक्स बचाने के लिए भारी वाहन बाजार के भीतर प्रवेश करते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इस पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है।

### मीट के विवाद में मां-बेटे ने युवक को पीटा, केस दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पलिया देवापुर गांव में सोमवार को मीट को लेकर हुए विवाद में मां-बेटे द्वारा एक युवक की पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सिकंदर और बृजेश निषाद के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। तभी बृजेश की मां मौके पर पहुंच गई और दोनों ने मिलकर सिकंदर की पिटाई कर दी। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। सिकंदर ने थाने में बृजेश निषाद व उसकी मां ( नाम अज्ञात) के खिलाफ तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि आवश्यक कानूनी कार्यवाही जारी है।

### ई-रिक्शा व बाइक से टक्कर, 10 घायल, 4 की हालत गंभीर

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन पर मंगलवार दोपहर कामतागंज बाजार के पास एक सवारी भरे ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर में 10 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा फोरलेन के किनारे पक्के नाले पर पलट गया, जिससे उसमें सवार महिलाएं और बच्चे दब गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को बाहर निकाला और तत्काल सीएचसी भदैंया पहुंचाया। घायलों में प्रमिला तिवारी ( 55), दीप्ति तिवारी ( 35), पूनम तिवारी ( 21), शुभ तिवारी ( 7), पंकज तिवारी ( 9), दिव्यांशी तिवारी ( 11), मनीषा ( 23), जय ( 14), नंदा देवी ( 40) और ई-रिक्शा चालक पप्पू शामिल हैं। वहीं, बाइक सवार भदैया निवासी हौसिला प्रसाद व उनकी पत्नी नंदा देवी को भी गंभीर चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने प्रमिला तिवारी, शुभ तिवारी, दिव्यांशी तिवारी और नंदा देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।



बच्चों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

### तीन बच्चों का श्रेष्ठा परीक्षा में चयन

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोरसरा ग्राम पंचायत के कैथाना उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अरुण कुमार प्रजापति द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग सेंटर की मेहनत रंग लाई है। उनकी तैयारी से तीन अनुसूचित वर्ग के छात्र श्रेय्या, आदर्श और वैभव श्रेष्ठा परीक्षा में सफल होकर आवासीय सीबीएसई विद्यालय में चयनित हुए हैं। गौरतलब है कि अरुण प्रजापति बीते वर्षों से घूरीपुर गांव में किराए के कमरे में क्षेत्र के बच्चों को शाम के समय दो घंटे निशुल्क पढ़ाते हैं। 1 जून को लखनऊ में आयोजित श्रेष्ठा परीक्षा में उनकी कोचिंग के 12 छात्रों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से तीन ने सफलता हासिल की। इस परीक्षा में अनुसूचित वर्ग के कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्रों को चयन के उपरांत कक्षा 9 से 12 तक निशुल्क सीबीएसई बोर्ड स्कूल में आवासीय शिक्षा का अवसर मिलता है। सफलता की खबर मिलते ही ग्रामीण संतराम वर्मा, प्रेमनाथ सिंह और प्रदीप ने कोचिंग पहुंचकर बच्चों का सम्मान किया और गुरुजी अरुण प्रजापति को बधाई दी।

## एक नजर

### रास्ते के विवाद में दंपति व बेटे को पीटा, 6 नामजद

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हसनपुर टैनी गांव में रास्ते को लेकर हुए पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सोमवार सुबह करीब 9 बजे मोतीलाल, उनकी पत्नी और बेटे अजय पर गांव के छह लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर फूलबदन, डब्ल्यू, बेचन, दिलीप, दिनेश और राकेश के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### किशोरी को बहला-फुसला कर भगाया, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को 16 जून की सुबह करीब 11 बजे एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब पता नहीं चला, तो सोमवार को किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने बीरी हाजीपुर निवासी शिवम और उसके परिजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### पुरानी रंजिश में मारपीट तीन घायल, 7 पर केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हसनपुर टैनी गांव में पुरानी रंजिश के चलते सोमवार को लाठी-डंडों और धारदार हथियार से राकेश कुमार, संजीव व पुष्पा पर हमला कर दिया गया। हमले में तीनों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव के ही अनिल, सुनील, अजय, मोतीलाल, राजीराम, मुकेश और सुशील के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है।

### महिला की चेन चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बिजेथुआ महावीरन मंदिर में दर्शन करने आई प्रतापगढ़ की महिला श्रद्धालु लक्ष्मी का सोने की चैन ( 14 ग्राम) अज्ञात महिलाओं ने चुरा लिया। घटना 7 जून की है, जब वह मंदिर परिसर में भीड़ के बीच मौजूद थीं। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# जीवित व्यक्ति की जमीन दूसरों के नाम दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**राजस्व विभाग की चूक**

▶▶ पीड़ित पहुंचा कोर्ट की शरण में जमीन वापस दिलाने की मांग

**अमृत विचारः** तहसील सदर क्षेत्र के राजस्व ग्राम कुड़वार से राजस्व विभाग की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां एक जीवित व्यक्ति की खतौनी में दर्ज भूमि को मृतक की वसीयत के आधार पर अन्य व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया गया। अपनी जमीन बचाने और खुद को जीवित साबित करने के लिए पीड़ित ने अब सिविल न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

गांव पूरे बेनी माधव निवासी जगदीश प्रसाद यादव पुत्र राम कलप यादव की खतौनी में दर्ज गाटा संख्या 638 व 742 की जमीन को राजस्व विभाग ने मृतक जगदीश प्रसाद पांडेय की वसीयत के आधार पर उनके पांचों बहुओं ऊषा, नीलम, अनीता, पूनम और मालती के नाम दर्ज कर दिया। जबकि, पीड़ित जगदीश यादव अभी जीवित हैं और उनका दावा है कि उन्होंने न तो कोई वसीयत की और न ही बैनामा किया।

इस गंभीर त्रुटि की जानकारी होने पर पीड़ित ने कुड़वार पुलिस और तहसील प्रशासन से कई बार गुहार लगाई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। अंततः उन्होंने सिविल न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपनी भूमि वापस दिलाने की याचना की।

### वसीयत में मृतक और जीवित दोनों की भूमि दर्ज फिर भी पारित हुआ आदेश

करीब छह वर्ष पहले मृतक जगदीश प्रसाद पांडेय की पांच बहुओं ने नायब तहसीलदार कुड़वार की अदालत में वसीयत के आधार पर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज कराने हेतु वाद प्रस्तुत किया था। मामले में मृतक के पुत्र गिरजाशंकर पांडेय ने वसीयत को फर्जी बताते हुए आपत्ति दाखिल की थी, लेकिन 2 मई 2025 को न्यायालय ने गवाहों के बयान और दस्तावेजों के आधार पर वसीयत को वैध मानते हुए आदेश पारित कर दिया। इस आदेश में मृतक की बहुओं के नाम जिन गाटों में भूमि दर्ज की गई, उनमें जीवित जगदीश यादव की जमीन ( गाटा संख्या 638 व 742) भी सम्मिलित हो गई, जिससे राजस्व विभाग की गंभीर लापरवाही उजागर हुई है।

# उपचुनाव में आप की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

संवाददाता, सुलतानपुर

▶▶ तिकोनिया पार्क में लड्डू बांट कर कार्यकर्ताओं ने दी एक दूसरे को बधाई

**अमृत विचारः** देश के पांच विधानसभा उपचुनावों में दो सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को शहर के तिकोनिया पार्क में जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र एडवोकेट के नेतृत्व में जश्न मनाया। पार्टी ने एक सीट पंजाब और एक सीट गुजरात में जीतकर भाजपा के गढ़ में सेंध लगाई है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व की सराहना की।

जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र ने कहा कि आम आदमी पार्टी ही देश को जाति-धर्म की नफरती राजनीति से दूर ले जाकर विकास की राजनीति की ओर ले जाएगी। कार्यक्रम में महासचिव रामबिलास तिवारी, प्रदेश सचिव शहजादा शकील, पूर्व जिलाध्यक्ष रवींद्र तिवारी, बृजेश प्रजापति, मक़सूद अंसारी, संगठन मंत्री जय प्रकाश यादव, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सादाब, पवन दुबे, संगम अग्रहरी, धर्मराज सिंह, अरविंद गौतम, हरिपाल, जितेंद्र गौतम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभद्र टिप्पणी मामले में एक गिरफ्तार, अन्य की तलाश

▶▶ हिंदू महासभा और भीम आर्मी कार्यकर्ताओं की सक्रियता से क्षेत्र में तनाव की स्थिति

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म के विरुद्ध की गई अभद्र टिप्पणी के मामले में करौंदीकला पुलिस ने एक आरोपी लाल साहब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष के अनुसार, इस प्रकरण में लाल साहब के अलावा अनिल कुमार गौतम पुत्र संपति निवासी पहाड़पुर कला, चंद्रशेखर पुत्र राम आसरे निवासी गौरा टिकरी समेत कुल पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। इधर, घटना के बाद क्षेत्र में सामाजिक संगठनों की सक्रियता भी बढ़ गई है। हिंदू महासभा के कार्यकर्ता जहां जनसंपर्क कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं भीम आर्मी के कार्यकर्ता दलित समुदाय के बीच जाकर आरोपियों को निर्दोष बताकर समर्थन जुटा रहे हैं।

हिंदू संगठनों का आरोप है कि पुलिस की ढिलाई के चलते कुछ आरोपी अब भी खुलेआम बाइक से घूम रहे हैं। वहीं गांवों में सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं के चलते क्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस ने शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# फीका पड़ा मातृत्व अभियान का उद्देश्य

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के अंतर्गत मंगलवार को बल्दीराय तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देहली बाजार और विंदेश्वरीगंज में विशेष स्वास्थ्य मेलों का आयोजन हुआ। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा देना था, लेकिन अपेक्षित जनसहभागिता न मिलने से यह आयोजन औपचारिकता बनकर रह गया।

देहली बाजार पीएचसी पर जहां 9 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ, वहीं विंदेश्वरीगंज केंद्र पर मात्र 2 महिलाएं ही पहुंच सकीं। दोनों ही स्थानों पर अल्ट्रासाउंड, सामान्य रक्त जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर इत्यादि जांचें निःशुल्क की गईं। देहली बाजार में सीएचओ हिमांशी ओझा, फार्मासिस्ट मनोज श्रीवास्तव, एएनएम अमिता श्रीवास्तव और स्टाफ नर्स राजनंदिनी मौजूद रहीं, जबकि विंदेश्वरीगंज में डॉक्टर आकांक्षा, लैब टेक्नीशियन निशा यादव, स्टाफ नर्स सरिता पाल और आशा बहुएं उपस्थित थीं।



महिलाओं का परीक्षण करतीं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी।

▶▶ देहली बाजार में 9 तो विंदेश्वरीगंज में मात्र 2 गर्भवती महिलाओं ने लिया लाभ

आवासीय क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं की सीमित भागीदारी से स्वास्थ्य विभाग की जागरूकता रणनीति पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के लिए और अधिक प्रभावशाली संवाद व स्थानीय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

**फूटा गुस्सा** जानलेवा हमले के विरोध में आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने उठाई कार्रवाई की मांग

# एबीवीपी ने केरल सरकार व एसएफआई का पुतला जलाया

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कुशभवनपुर स्थित राणा प्रताप पीजी कॉलेज गेट पर केरल सरकार और वामपंथी छात्र संगठन एसएफआई का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन केरल में पीएम श्री योजना लागू करने की मांग कर रहे कार्यकर्ताओं व अभाविप के प्रदेश मंत्री पर हुए हमले के विरोध में किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केरल सरकार मुर्दाबाद और वामपंथियों शर्म करो जैसे नारे लगाए। अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभेन्द्र वीर सिंह ने आरोप लगाया कि केरल सरकार की शह पर एसएफआई के कार्यकर्ताओं ने छात्रों पर हमला किया, जो लोकतंत्र और शिक्षा विरोधी सोच को दर्शाता है। विभाग संयोजक विपुल और जिला संयोजक तेजस पांडेय ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर राज मिश्रा, हेमंत, विक्रम, शिवांस, अभय सिंह, अमन वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राणा प्रताप महाविद्यालय गेट पर पुतला दहन करते एबीवीपी के लोग। अमृत विचार

### कांग्रेस ने विद्यालय बंद करने पर जताया विरोध

▶▶ राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

जिला संवाददाता, सुलतानपुर : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले प्राइमरी विद्यालयों को बंद कर अन्य विद्यालयों में संबद्ध करने के आदेश के विरोध में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यह आदेश गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है। सरकार के इस निर्णय से गांवों में स्थित छोटे विद्यालयों को बंद कर दिया जाएगा, जिससे गरीब अभिभावक बच्चों को दूरस्थ विद्यालयों में भेजने में असमर्थ रहेंगे और बच्चों की शिक्षा बाधित होगी। ज्ञापन में बताया गया कि केवल सुलतानपुर जनपद में ही करीब पांच सौ प्राथमिक विद्यालय इस आदेश से प्रभावित हो सकते हैं, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। ज्ञापन सौंपने वालों में मोहसिन सलीम, सलाहुद्दीन हाशमी, हामिद राईनी, अपरबल सिंह, शरद श्रीवास्तव, इकराम खान, विनय त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी एडवोकेट, विवेक श्रीवास्तव, अवधेश गौतम समेत कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### युवक से मारपीट कर दी जातिसूचक गाली, 3 पर केस

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दसऊपुर गांव निवासी दलित युवक शीतला प्रसाद ने मोकलपुर गांव के तीन लोगों पर जातीय उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए एससी/एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार, सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे वह विष्णु श्रीवास्तव के घर से मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान मोकलपुर गांव के राजमणि यादव व उनके दो पुत्रों ने उसे अपने दरवाजे पर रोक लिया और लात-घूंसों एवं डंडों से पीटा। शीतला प्रसाद का आरोप है कि मारपीट के दौरान जातिसूचक गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी भी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को भेजा गया है। प्रकरण की जांच जारी है।

# 21 साल बाद निकला जिन्न, 20 लाख के घोटाले में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

**▶ महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने दिए आदेश, आधा दर्जन कर्मी फंसे**

**▶ जांच के दौरान कई स्वास्थ्यकर्मियों की हो चुकी मौत, कुछ हो चुके सेवानिवृत्त**

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** 21 वर्ष की जांच के बाद 20 लाख के मैलाथियान घोटाले में महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने सोमवार को आधा दर्जन स्वास्थ्यकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके बाद यहां स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में तत्कालीन सीएमओ समेत 29 लोगों पर 20 लाख रूपये के मैलाथियान के फर्जी रूप से आपूर्ति किए जाने का आरोप था।

खबर के अनुसार बताया जाता है कि सोमवार को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने पत्रांक संख्या 4 (डी)/ एलटी-फार्मा/ अभियो/2025/ 611 एक पत्र भेजा, जिसमें जिले के 12 पीएचसी व सीएचसी पर वर्ष 2003-04 में 20 लाख के मैलाथियान कीटनाशक की फर्जी आपूर्ति कर भुगतान किए जाने के प्रकरण में आरोपी के रूप में निरोपित किए गये कर्मियों के विरूद्ध धारा-19, भ्र.नि.अधि. 1988 एवं धारा-197 द.प्र.सं. के अंतर्गत सक्षम न्यायालय में अभियोग चलाये जाने हेतु अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। बात दें कि 21 वर्ष पहले वर्ष 2003-2004 में जिले में 20 लाख के मैलाथियान की फर्जी आपूर्ति एवं भुगतान का मामला उजागर हुआ था, जिसमे तत्कालीन सीएमओ समेत 29 स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जांच चल रही थी। कई बार आरोपियों के बयान भी दर्ज किए गये थे। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के यहां चल रही जांच पूरी होते ही शासन ने अभियोग की स्वीकृति प्रदान दी। 21 साल पुराने इस मामले में महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के पत्र से इस प्रकरण का जिन्न एक बार फिर बाहर आ गया है। सबसे रोचक पहलु यह है कि इस मामले में आरोपित 29 कर्मियों में कई की मृत्यु हो चुकी है, कई सेवानिवृत्त हो चुके हैं। बाकी बचे दो दर्जन लोगों में कई बलरामपुर व लखनऊ जनपद में कार्यरत हैं। उन जिलों को भी मुकदमा दर्ज कराने के आदेश जारी कर दिये गए हैं।

## सड़क हादसे में दो की जान गई, लोगों ने जाम लगाया

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** विशुनपुर कला गांव निवासी राजकुमार (30) पुत्र बुधराम एवं हसन रजा (52) पुत्र नसरुल्लाह निवासी पचपेड़वा गांव थाना कठेला समय माता इटवा-पहाड़ापुर मोड़ पर दुकान बन्द कर घर लौट रहे थे। इटवा थाना क्षेत्र के सेमरी-झकहिया के बीच पीछे से आ रही पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें दोनों की मौत हो गई। चालक पिकअप समेत फरार हो गया। हादसे से गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष इटवा ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम हाउस सिद्धार्थनगर भेज दिया और कार्रवाई में जुट गई।

## पहली बारिश ने खोली विकास कार्यों की पोल

संवाददाता, सिद्धार्थ नगर


बारिश के बाद मार्ग पर जलजमाव।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत बढ़नी के विभिन्न मोहल्लों, आजाद नगर, कल्लन डिहवा, लोहिया नगर आदि जगहों पर बारिश ने विकास कार्यों के दावों की पोल खोल दी है। पहली ही बारिश में मोहल्लों और गलियों में जलभराव हो गया है। इससे लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

रविवार की देर रात से शुरू हुई बारिश से सड़कों एवं नालियों में जलभराव हो गया और कई लोगों के मकान में निचले सतह पर पानी भर गया है। इससे जनजीवन प्रभावित हो गया है। आजाद नगर निवासी पवन वर्मा ने बताया कि नगर प्रशासन की और से समय रहते नालियों की साफ-सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। इससे सड़कों पर पानी जमा हो गया है। कुछ जगह तो पानी घरों के अंदर तक पहुंचने लगा है। इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। कस्बे निवासी नितेश रौनियार ने बताया कि बरसात में सड़के पानी से लबालब है। इससे पैदल चलना तो दूर बाइक और अन्य वाहन भी ठीक से नहीं निकल पा रहे हैं। इससे बीमारियों के फैलने कभी खतरा बढ़ गया। कस्बे के लोगों ने जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। ईओ अजय कुमार ने कहा कस्बे में नालियों की साफ सफाई कराई जा रही है। नाला बन जाने से काफी हद तक जल निकासी की समस्या से निजात मिल जाएगी।

## एसपी नार्थ ने पुलिस बल के साथ किया नौसढ़ क्षेत्र में गश्त, वाहनों की जांच की

संवाददाता, गोरखपुर


वाहनों की चेकिंग करते एसपी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव गीडा थाना अंतर्गत के नौसढ़ क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किये। उन्होंने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच बाइक सवारों को हेलमेट पहनने के निर्देश दिए। कहा कि हेलमेट पहनने से आप सुरक्षित रहेंगे अपने घर सुरक्षित पहुंचेंगे इसलिए सर को ढक कर ही निकले। हेलमेट लगाने से दुर्घटना होने पर बड़ी घटना घटित होने से बचा जा सकता है। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। व्यापारियों को किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधे पुलिस से संपर्क करने को कहा। एसपी नार्थ ने व्यापारियों से आग्रह किया कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने में आम नागरिकों और व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। इस पैदल गश्त से क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। इस दौरान गीडा थाना प्रभारी चौकी प्रभारी नौसढ़ पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### गश्त कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का अहसास

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार** ।जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल ,थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त चेकिंग किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिह्नित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।

## संदिग्ध हालात में दुकान में जला मिला सामान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** इटवा थाना क्षेत्र के पिपरा मुर्गिहवा निवासी शादाब अहमद सिद्दीकी की बढ़नी रोड पर स्थित दूसरी मंजिल पर कंप्यूटर सेल एंड सर्विस की है। प्रतिदन की भांति वह सोमवार की रात भी लगभग आठ बजे वह दुकान बंद करके घर चले गए। मंगलवार की सुबह जब उन्होंने दुकान खोला तो वह यह देख कर अवाक रह गये कि अंदर का सारा सामान जल कर राख हो चुका है। उन्हें लगा कि अंदर शार्ट सर्किट से ऐसा हुआ होगा। लेकिन अगर ऐसा हुआ तो मुख्य सडक पर हुए हादसे की भनक किसी को क्यों नहीं लगी। लिहाजा कुछ लोग इसके पीछे किसी नियोजित षडयंत्र की आशंका बता रहे हैं। इस संबंध में तहसीलदार देवेंद्र मणि तिवारी का कहना है कि लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आशंका है कि आग शार्ट सर्किट से लगी है।

## उप्र की कानून व्यवस्था खराब भ्रष्टाचार चरम परः माता प्रसाद

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बहुत खराब स्थिति में है और भ्रष्टाचार चरम पर है। स्थानीय सर्किट हाउस पर एक भेंट वार्ता के दौरान माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि यूपी में लोग जब जिसको चाहते हैं, गोली मार देते हैं। जब चाहते हैं, अपहरण कर लेते हैं। उप्र पुलिस अपराध नहीं रोक पा रही है। पुलिस ठीक से रात्रि गश्त नहीं कर रही है। इसलिए नकबजनी, चोरियां अधिक हो रही हैं और इन घटनाओं को कारित करने वाले जो यंग ब्लड हैं, उनको रोकने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। हर साल बाढ़ की विभीषिका के सवाल पर माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि सरकार से मिलने वाली धनराशि को काम में लगाया नहीं जाता, बल्कि उसे निकाल कर खा लिया जाता है। इसकी शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष मेरे क्षेत्र के एक बन्धे पर 2 करोड़ 80 लाख रुपया निकालकर खा लिया गया। इसके बारें में पूछने पर किसी ने सही उत्तर आज तक नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब बाढ़ आने को होता है, तब ये लोग बचाव की तैयारी करते हैं। ये लोग जून के महीने में तैयारी शुरू करते हैं और तब तक बारिश और बाढ़ आ जाती है। उनका किया हुआ सब उसी पानी और बाढ़ में छिप जाता है। इस बार भी जिस प्रकार की तैयारी है, उससे निश्चित है कि बाढ़ काफी नुकसान पहुंचायेगी। आज तक प्रशासन एक भी गैप ठीक से नहीं भरवा पाया है और हमारे कलेक्टर साहब रोज दौड़ा भी करते हैं।

## सार-संक्षेप

### महारानी दुर्गावती को दी श्रद्धांजलि


महारानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि देते लोग। फोटो : अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** वीरांगना महारानी दुर्गावती गोंडवाना साम्राज्य की वीर शासिका थी। उन्होंने 51 युद्धों में विजय प्राप्त की और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए 1564 में शहादत दी। उनका बलिदान भारतीय इतिहास में अमर रहेगा। यह बातें सपा के जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहीं। वह मंगलवार को संगठन के जिला कार्यालय पर वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुर्गावती ने मुगलों के सामने कभी सिर नहीं झुकाया। उनकी शहादत एक प्रेरणा है। रानी दुर्गावती का जीवन साहस, संघर्ष और नायकत्व का प्रतीक बन चुका है। कार्यक्रम को सपा जिला महासचिव कमरुज्मा खान, सपा प्रदेश सचिव राम मिलन भारती, सयुस जिलाध्यक्ष राम सेवक लोधी, राम बहोर कन्नौजिया, विजय चौधरी, सुधा त्रिपाठी, मो. हारुन, चंद्रहास यादव, चंद्रभान पहलवान, अशोक पांडेय, बृजभान यादव, अखिलेश मौर्या, अंगद यादव, कृष्ण नाथ यादव, राकेश यादव आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के पूर्व सभी ने उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

### हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार** ।थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने हत्या के प्रयास में वांछित सुनील पुत्र संजय साकिन बेलवनवा थाना खेसरहा को थानाक्षेत्र जोगिया उदयपुर के गोनहा-ककरही मार्ग पर आलाकत्ल एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 1 से प्रदेश के स्कूलों में होगी ऑनलाइन हाजिरी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बड़ा फैसला लिया है। छात्र-शिक्षकों की अब बायोमेट्रिक उपस्थिति लगेगी। बता दें कि उत्तर प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों में ये प्रणाली लागू होगी। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए अनिवार्य होगा। वहीं सभी शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों के लिए भी अनिवार्य है।

### धोखाधड़ी में एक दबोचा गया

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थानाध्यक्ष लोटन दिनेश कुमार सरोज और उनकी टीम ने धोखाधड़ी, जालसाजी के मामले में वांछित चल रहे सभाजीत पुत्र रामनरायन निवासी खखरा बुजुर्ग थाना लोटन को कस्बा तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### डीएम ने आमी नदी के लिए एस्टीमेट बनाने को कहा


बैठक लेते जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर। फोटो : अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** आमी नदी की सफाई जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह एवं अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद सिद्धार्थनगर में आमी नदी की कुल लम्बाई 44 किमी0 है जिसमें 27 किलोमीटर विकास खण्ड डुमरियागंज, तथा 17 किमी0 विकास खण्ड खेसरहा एवं मिठवल में है। जनपद में आमी नदी सिकहरा ताल से निकलती है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार सफाई ,खुदाई का कार्य कराकर गहरी कराये। इसके साथ नगर पंचायत भारतभारी के 02 राजस्व ग्राम भी आते है। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि इसका स्टीमेट बनवाकर कार्य कराये। जिलाधिकारी ने सिकहरा ताल का सौन्दर्यीकरण कराये जाने हेतु स्टीमेट बनाकर प्रजेन्टेशन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। वृक्षारोपण कराये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने चयनित 318 किमी0 में गड्ढा खुदवाने हेतु निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा ससन्दीप सिंह, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सतीश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी डुमरियागंज कार्तिकेय मिश्र, खेसरहा अमित सिंह, मिठवल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### वार्ड 55 में नाले की खोदाईदाई से सड़क बनी दलदल

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महानगर के वार्ड नंबर 55 बंधू सिंह नगर के बगल स्थित इलाके में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नाले निर्माण कार्य से स्थानीय लोगों की परेशानियाँ बढ़ती जा रही हैं। ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन से नाले की खुदाई लगातार जारी है, लेकिन खुदाई से निकले मलबे को सड़क किनारे ही फेंक दिया गया है। बताया जाता है कि हाल ही में हुई बारिश के बाद यह मलबा कीचड़ में तब्दील हो गया है जिससे राहगीरों के लिए सड़क पार करना जोखिम भरा हो गया है। कई बार बच्चे और बुज़ुर्ग इस फिसलन में गिरते-गिरते बचे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इलाके के निवासियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अधिकारी शायद ही कभी साइट का निरीक्षण करने आते हैं। उनकी इस लापरवाही का फायदा ठेकेदार उठा रहे हैं, जो निर्माण कार्य को मनमाने ढंग से कर रहे हैं। न तो मलबे की समुचित निकासी हो रही है, न ही किसी प्रकार की चेतावनी या सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। पूर्व पार्षद मोहम्मद अख्तर ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। मोहम्मद अख्तर की माने तो "यहां रोजाना लोग गिरते-पड़ते नजर आते हैं, लेकिन प्रशासन बेखबर है। हमने कई बार शिकायत की है पर कोई सुनवाई नहीं हो रही।" क्षेत्रीय लोगों में इस लापरवाही को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। स्थानीय पार्षद और नगर निगम प्रशासन से इस बाबत जवाबदही तय करने की मांग की जा रही है ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और भविष्य में इस तरह की लापरवाही न दोहराई जाए।

## प्रेमी युगल की मंदिर में जबरन कराई गई शादी

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचारः** जनपद के हाटा कोतवाली क्षेत्र के प्रसिद्ध मंझरिया देवी मंदिर परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मंदिर में एकांत में बैठे प्रेमी युगल को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जुट गई और ग्रामीणों ने प्रेमी युवक से जबरन युवती की मांग भरवा दी। यह पूरी घटना वीडियो में कैद हो गई, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सुकरौली निवासी व्यवसायी का पुत्र और गिदहा धनहा निवासी युवती के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार को दोनों मंझरिया देवी मंदिर परिसर में एकांत में बैठे थे, तभी किसी ने सूचना देकर ग्रामीणों को बुला लिया। कुछ ही देर में सैकड़ों की संख्या में लोग मंदिर पर आ गए। मौके पर युवती की मां को भी बुला लिया गया। हंगामे के बीच ग्रामीणों ने मंदिर में सिंदूर मंगाकर युवती की मांग भरवाई। युवक के पिता ने इसे सोची-समझी साजिश बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ उत्तेजित हो उठी और झड़प की स्थिति आ गई। किसी तरह स्थिति को नियंत्रण में किया गया।

## पीएचसी में 6 साल से डॉक्टर नहीं, कहां जाएं मरीज

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**पीएचसी कटहना**

- इलाज के लिए भटकने को मजबूर 30 हजार की आबादी

**अमृत विचार।** जोगिया ब्लॉक के ग्राम कटहना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटहना में छह वर्ष से डॉक्टर की तैनाती नहीं है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। इलाज के लिए पीड़ितों को जिला मुख्यालय या तहसील मुख्यालय शोहरतगढ़ जाना पड़ता है। इससे आर्थिक बोझ बढ़ने के साथ ही समय भी बर्बाद हो रहा है। लेकिन, स्वास्थ्य प्रशासन को इसकी तनिक भी पराह नहीं है।

जोगिया ब्लॉक के कटहना पीएचसी पर 30 हजार से अधिक आबादी के इलाज का जिम्मा है। क्षेत्र के 30 गांव के लोगों को इलाज की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से 90 के दशक में यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया गया। कुछ समय तक परिसर में डॉक्टर निवास करते थे, तब वहां 70-80 मरीज प्रतिदिन इलाज कराने आते थे। कोरोना काल में यहां तैनात महिला डॉक्टर को शोहरतगढ़ सीएससी भेज दिया गया। उसी समय से यहां कोई डॉक्टर नहीं बैठ रहा है। हजारों लोगों का इलाज फार्मासिस्ट के भरोसे रह गया है। पहले रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में डाक्टर आते थे। जुलाई में महिला डॉक्टर की तैनाती हुई और कुछ दिन तक सेवाएं भी दीं। इसके बाद उन्होंने भी आना बंद कर दिया। अब आरोग्य मेले में भी कोई डॉक्टर नहीं आता है। क्षेत्रीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से नियमित रूप से डॉक्टर की तैनाती की मांग की है। लोगों को इलाज के लिए मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज, शोहरतगढ़ या निजी अस्पताल में जाना पड़ रहा है। जहां उनका रुपया भी खर्च हो रहा है। करौंदा निवासी पद्माकर शुक्ल, गंगा मिश्र आदि ने डाक्टर की तैनाती की मांग की है।

### सीएमओ बोले, जांच कर कारवाई करेंगे

मुख्य चिकित्साधिकारी आरके चौरसिया का कहना है कि अभी वह जिले में जल्द आये हैं। उनकी जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटहना में डॉक्टर की तैनाती हुई थी, मगर वह किस कारण से नहीं जा रही हैं, इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शिव मंदिर में दो युवकों ने आपस में रचा ली शादी

**कुशीनगर अमृत विचारः** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के खैरटिया शीतलापुर गांव में स्थित शिव मंदिर में दो युवकों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी किया। विवाह से पूर्व एक युवक ने अपना लिंग परिवर्तन करा लिया था। शादी की पारंपरिक रस्में निभाई गईं। युवक से बनी युवती लाल साड़ी पहनकर युवक के साथ सात फेरे लिए। युवती ने कहा कि शादी पूरा होने का एहसास हुआ है। युवक ने कहा कि प्यार शरीर से नहीं, आत्मा से होता है। उन्हें लोगों की राय से कोई फर्क नहीं पड़ता। कई प्रगतिशील लोगों ने इसे समाज के बदलते नजरिए का प्रतीक माना।

## बारिश के दौरान ट्रेनों के सुरक्षित चालन के लिए हुई विशेष तैयारी

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** मानसून के दौरान सुरक्षित एवं संरक्षित संचलन हेतु विशेष सावधानियां अपनाई जाती हैं। पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा वर्षा काल में आकस्मिक आवश्यक वस्तुओं बोल्डर, क्वेरी डस्ट/मोटा बालू/सिन्डर, खाली सीमेन्ट के बैग, सर्विस गर्डर, वुडेन स्लीपर, सी.सी. क्रिब, जी.आई. वायर, जेनरेटर टार्च, टेन्ट तथा तारपोलिन आदि का पिछले मानसूनों के अनुभव के आधार पर पर्याप्त भंडारण ऐसे स्थान पर किया गया है, जिससे आवश्यकतानुसार इनका लदान सुविधानुसार हो सके।

मानसून के दौरान विशेष परिस्थितियों में तात्कालिक राहत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु बोल्डर एवं क्वेरी डस्ट विभिन्न स्टेशनों पर वैगनों में लोड कर रखे जाते हैं। इज्जतनगर मंडल के कासगंज स्टेशन पर ऑन व्हील 04 वैगन बोल्डर एवं 04 वैगन क्वेरी डस्ट, गुलरभोज स्टेशन पर 10 वैगन बोल्डर, लखनऊ मंडल के गोंडा स्टेशन पर 20 वैगन बोल्डर एवं 10 वैगन क्वेरी डस्ट, नकहा जंगल स्टेशन (गोरखपुर) पर 12 वैगन बोल्डर एवं 04 वैगन क्वेरी डस्ट तथा वाराणसी मंडल के छपरा स्टेशन पर 12 वैगन बोल्डर एवं 04 वैगन क्वेरी डस्ट तैयार रखा गया है। ऑन व्हील मैटेरियल को किसी भी आकस्मिक आवश्यकता पर तुरन्त चलाया जा सकता है। मानसून को ध्यान में रखते हुए आकस्मिक आवश्यकता हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, इज्जतनगर तथा वाराणसी मंडलों के चिन्हित लोकेशनों पर ऑन ग्राउण्ड बोल्डर, क्वेरी डस्ट, सैंड, सिंडर आदि तैयार रखे गये हैं। वर्षा काल में सुचारू एवं संरक्षित रेल परिचालन हेतु मानसून की दृष्टि से संवेदनशील रेलपथों एवं पुलों की पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाती है। इज्जतनगर मंडल के 74 स्थानों पर स्टेशनरी एवं 17 स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग, लखनऊ मंडल के 24 स्थानों पर स्टेशनरी एवं 18 स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग तथा वाराणसी मंडल के 15 स्थानों पर स्टेशनरी एवं 12 स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग से निगरानी की जा रही है। तटबन्धों में उन स्थलों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है जहाँ विगत वर्षों में कटान की समस्या आई हो अथवा अन्य किसी कारण से क्षति हुई या बाढ़ का पानी ऊपर चढ़ गया। महत्वपूर्ण पुलों के रख-रखाव हेतु नदियों के जलस्तर की निगरानी की जा रही हैं। जल स्तर की निगरानी के लिये पुलों पर ऑटोमेटिक वाटर लेवल मेजरिंग डिवाइस लगाया गया है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### कई गाड़ियों का किया गया मार्ग परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार** ।रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की संरक्षा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के बिलासपुर-रायपुर खंड के सिलयारी-मांढर स्टेशनों के मध्य पुल संख्या 403 पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण निम्नवत् किया जायेगा। मार्ग परिवर्तन 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस 28 जून 2025 को निर्धारित मार्ग उस्लापुर - कटनी के स्थान पर परिवर्तित मार्गगोंडिया, नैनपुर, जबलपुर, कटनी के रास्ते चलायी जायेगी। 15232 गोंडिया-बरौनी एक्सप्रेस 28 जून 2025 को निर्धारित मार्ग उस्लापुर - कटनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नैनपुर, जबलपुर, कटनी के रास्ते चलायी जायेगी। पुनर्निर्धारण 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस 28 जून 2025 को छपरा से 01 घंटा पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सात साल में चौथी बार गोरखपुर में महामहिम राष्ट्रपति का आगमन

संवाददाता, गोरखपुर

**तैयारी**

- दो दिवसीय दौरे पर एम्स और दो विश्वविद्यालयों के इतिहास में दर्ज होंगे सुनहरे पन्ने
- दो विश्वविद्यालयों में चार साल में दूसरी बार लगा राष्ट्रपति का कार्यक्रम

**अमृत विचार।** अपनी विकासपरक उपलब्धियों पर इतरा रहे गोरखपुर में सात साल के अंदर चौथी बार राष्ट्रपति का आगमन होने जा रहा है। इन चारों बार राष्ट्रपति को गोरखपुर में बुलाने का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को है। राष्ट्रपति के दौरों में दो विश्वविद्यालयों में दूसरी बार कार्यक्रम लग रहा है। 30 जून और 01 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति के दौरे में एम्स और दो विश्वविद्यालयों के इतिहास में सुनहरे पन्ने दर्ज होंगे।

अपने आठ साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात वर्ष के अंदर दो राष्ट्रपतियों का कुल मिलाकर चौथा दौरा करवाने जा रहे हैं। उनके कार्यकाल में सबसे पहले और समग्र रूप से तीन बार बतौर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गोरखपुर आए थे। श्री कोविंद 10 दिसंबर 2018 को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह में, 28 अगस्त 2021 को आयुष विश्वविद्यालय के शिलान्यास और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में तथा 4 जून 2022 को गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह के शुभारंभ पर गोरखपुर पधारे थे। अब वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु का प्रथम बार (30 जून और 01 जुलाई को दो दिन के लिए) गोरखपुर आगमन होने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 30 जून को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी। मार्गदर्शक आशीर्वचन के साथ वह मेधावियों को मेडल प्रदान करेंगी। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद 01 जुलाई को दिन के पहले पहर में भटहट के पिपरी में बने प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करेंगी। जबकि दिन के दूसरे पहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुलाधिपतित्व वाले महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में ऑडिटोरियम, अकादमिक भवन, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण व गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान राष्ट्रपति गोरखनाथ मंदिर जाकर महायोगी गोरखनाथ दर्शन पूजन भी करेंगी।

# अमेरिका, यूरोप से व्यापार समझौते जल्द

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए निर्यात को बढ़ाने के प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में जारी है और जल्द निष्कर्ष पर पहुंच जाएगी। इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने निर्यात संवर्धन मिशन और 'भारत ट्रेड नेट' की बजट में की गई घोषणाओं का भी उल्लेख किया, जो एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना है जो व्यापार दस्तावेजीकरण एवं वित्तपोषण समाधान के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। बजट में उभरते मझोले शहरों और व्यापार सुविधा उपायों में सेवा-आधारित विकास को और अधिक समर्थन देने के लिए वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए एक राष्ट्रीय ढांचे का भी प्रस्ताव किया गया है।

देश के निर्यात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2024-25 में वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 की तुलना में 6% की वृद्धि है। जहां वैश्विक निर्यात में केवल 4% की वृद्धि हुई, वहीं भारत के निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3% की वृद्धि को पार करने में सफल रहे हैं। उन्होंने निर्यातकों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे आग्रह किया कि वे नवोन्मेषण पर ध्यान केंद्रित करें तथा अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशें। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की विश्व निवेश रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति में सुधार हुआ है, वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है।



इंडिया एक्जिम बैंक ट्रेड कॉन्क्लेव को संबोधित करतीं निर्मला सीतारमण।

- कहा- चार देशों के ईएफटीए ब्लॉक के साथ कर चुके हैं समझौता

### भारत 'टैरिफ किंग' नहीं, प्रभावी दर बहुत कम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारत 'टैरिफ किंग' (अत्यधिक शुल्क लगाने वाला देश) है। उन्होंने कहा कि उनके ताजा बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई है और प्रभावी दर बहुत कम है। उन्होंने कहा, जो लोग अब भी अमेरिका में की गई टिप्पणी पर भरोसा करते हैं कि भारत 'टैरिफ किंग' हो सकता है... मैं चाहती हूं कि वे दो बातें याद रखें। हमारी शासन व्यवस्था को देखते हुए हमें शुल्क दर पर निर्णय लेने के लिए संसद की मंजूरी चाहिए... एक निश्चित स्तर तक जाने की अनुमति, लेकिन प्रभावी रूप से हमारी दरें बहुत निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताया है। ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग और शुल्क व्यवस्था का बड़ा दुरुपयोग करने वाला कहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए 2025-26 के बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई। सीतारमण ने फरवरी के बजट में सात शुल्क दरें हटा दी थीं। यह 2023-24 के बजट में हटाई गई सात शुल्क दरों के अलावा थीं। जो अब भी सोचते हैं कि भारत में शुल्क बहुत अधिक हैं, तो मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शून्य दर सहित केवल आठ (शुल्क दरें) हैं।

## कमोडिटी में निवेश : रिटर्न-रिस्क का संतुलन



कमोडिटी का अर्थ है- ऐसी भौतिक वस्तुएं जिनका व्यापार अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इनमें प्रमुख रूप से धातुएं (जैसे सोना, चांदी, तांबा), ऊर्जा (जैसे कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस), और कृषि उत्पाद (जैसे गेहूं, चावल, कॉफी) शामिल हैं। कमोडिटी में निवेश एक विविध पोर्टफोलियो बनाने का माध्यम है, खासकर जब शेयर बाजार में अस्थिरता हो। यह निवेश फ्यूचर्स या कमोडिटी एक्सचेंज के जरिए होता है। हालांकि इसमें अच्छा रिटर्न मिल सकता है, परंतु इसमें जोखिम भी अधिक होता है।

**कमोडिटी क्या है?**
कमोडिटी वे वस्तुएं हैं जो किसी उद्योग या रोजमर्रा की जरूरत में उपयोग होती हैं और जिनकी मांग-सप्लाई से कीमत तय होती है। इनमें धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, जस्ता ऊर्जा। उत्पाद- कच्चा तेल, डीजल, प्राकृतिक गैस। कृषि उत्पाद- गेहूं, चावल, सोयाबीन, कॉफी। भारत में एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) व एनसीडीईएक्स (नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे एक्सचेंज इनका व्यापार करते हैं।

**कैसे करें निवेश**
- एमसीएक्स या एनसीडीईएक्स में ट्रेडिंग अकाउंट खोलें, ब्रोकर के माध्यम से फ्यूचर्स और ऑप्शंस में ट्रेड करें, कमोडिटी म्यूचुअल फंड/ईटीएफ: जैसे गोल्ड ईटीएफ या एग्री-कमोडिटी फंड्स, सरल तरीका, जिसमें ट्रेडिंग की जरूरत नहीं। फिजिकल इन्वेस्टमेंट: सोने-चांदी को खरीदकर भी निवेश संभव है, हालांकि भंडारण की समस्या होती है।

**निवेश के लाभ**
- **डायवर्सिफिकेशन का विकल्प:** शेयर बाजार में गिरावट के समय कमोडिटी में स्थिरता मिल सकती है। **मुद्रास्फीति से बचाव** : कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं। **उच्च लाभ की संभावना :** फ्यूचर्स ट्रेडिंग में कम समय में अधिक रिटर्न मिल सकता है।

**निवेश के जोखिम**
- **उच्च अस्थिरता :** अंतर्राष्ट्रीय घटनाएं, मौसम, जियो-पॉलिटिक्स का असर सीधा पड़ता है। **लीवरेज रिस्क :** छोटे मार्जिन में अधिक निवेश किया जाता है, जिससे घाटा बड़ा हो सकता है। **जानकारी :** कीमतें वैश्विक और स्थानीय कारकों पर निर्भर करती हैं।

# भारत की जीडीपी 6.5% रहने का अनुमान

- मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ने जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया।

एसएंडपी ने प. एशिया में अशांति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बढ़ते जोखिम की भी चिंता जाहिर की और कहा कि तेल की कीमतों में दीर्घकालिक वृद्धि से धीमी वैश्विक वृद्धि और शुद्ध ऊर्जा आयातकों के चालू खातों, कीमतों व लागतों पर दबाव के जरिये एशिया-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, वैश्विक ऊर्जा बाजारों की वर्तमान स्थिति देखते हुए जहां पर्याप्त आपूर्ति है उससे तेल की कीमतों पर ऐसा दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क झटकों का हवाला देते हुए भारत के वित्त वर्ष 2025-26 के वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

### भू-राजनीतिक तनाव से मुद्रास्फीति पर खास दबाव नहीं

मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये या मुद्रास्फीति पर काफी दबाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा कीमतें पिछले साल की तुलना में कम हैं, जिससे चालू खाता निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव सीमित हो जाएगा। एसएंडपी की अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत के लिए एक बड़ी राहत वाला कारक यह है कि ऊर्जा की कीमतें अब भी पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। एक वर्ष पहले ब्रेंट कच्चे तेल का भाव करीब 85 डॉलर प्रति बैरल था और वर्तमान कीमतें अब भी कम हैं। राणा ने कहा, इससे चालू खाते से धन निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव दोनों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

## चीन से आयातित चार रसायन पर लगा डंपिंग-रोधी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित चार रसायन पर इस महीने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू कंपनियों को चीन से सस्ते दाम पर आयातित उत्पादों से संरक्षण देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये शुल्क पेडा (खरपतवार नाशक), एसीटोनिट्राइल (दवा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाला रसायन), विटामिन-ए पामिटेट और अघुलनशील सल्फर पर लगाया गया है।

राजस्व विभाग के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने इस बारे में अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। विभाग ने कहा कि इन रसायनों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क पांच वर्ष के लिए लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों के बाद यह शुल्क लगाया गया है। चीन, रूस और ताइवान से आयातित पेडा पर शुल्क 1,305.6 से 2017.9 डॉलर प्रति टन होगा जबकि एसीटोनिट्राइल पर 481 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है।

# हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने कहा- किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और सरकार 15 अगस्त से पहले 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने के नियम जारी करेगी। इसका इस्तेमाल वाई-फाई और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए किया जाएगा।

सिंधिया ने कहा कि हमारा काम यथासंभव अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है और प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा संभव कराना है। एक या दो कंपनियों का वर्चस्व ठीक नहीं है। इससे पहले, कार्यक्रम में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व चेयरमैन आरएस शर्मा ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भी द्वैधाधिकार है और केवल दो सक्रिय सेवा प्रदाता हैं तथा उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराने के लिए और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरत है।

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर वर्तमान में भारती एयरटेल और रिलायंस जियो का प्रभुत्व है जो सक्रिय रूप से 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जाहिर की है। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर 4जी और 5जी सेवाएं शुरू नहीं की हैं। सिंधिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड, वाईफाई के लिए फाइबर प्रौद्योगिकी है और जल्द ही उपग्रह सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करनी होगी। उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए जल्द ही प्रशासनिक आधार पर उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा।

राष्ट्रीय

## एक नजर

### आय से अधिक संपत्ति में 8 अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार को आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने आरोपी अधिकारियों के घरों, कार्यालयों और अन्य स्थानों पर छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि वसानद के पास धारवाड़ में एक आलीशान बंगला है। छापे के दौरान उनके घर से सोने और चांदी के आभूषण बरामद हुए।

### जम्मू कश्मीर के पुंछ में तलाश अभियान जारी

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को 12 स्थानों पर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस के विशेष अभियान समूह, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह छह बजे से सुरनकोट और मेंढर में संयुक्त रूप से तलाश अभियान शुरू किया। यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है।

### असम में 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि कछार जिले से तीन करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर बताया कि खुफिया सूचना पर कछार जिला पुलिस ने आईएसबीटी सिलचर के पास दो वाहनों को रोका और उनमें से 576 .58 किलोग्राम गांजा बरामद किया। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों में सवार तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना, छूट का आधार नहीं

## पत्नी की हत्या के दोषी ब्लैक कैट कमांडो को आत्मसमर्पण की छूट देने से सुप्रीम इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इन्कार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने व्यक्ति की अपील को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने शुरू में व्यक्ति को छूट देने में अनिच्छा व्यक्त की। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि व्यक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष से मैं राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैक कैट कमांडो हूं। पीठ ने कहा कि इससे आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। आप शारीरिक रूप से फिट हैं और आप अकेले अपनी पत्नी को मार सकते थे, गला घोंट सकते थे। याचिकाकर्ता को गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था, इसलिए उसे छूट देने के लिए यह उपयुक्त मामला नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों से छह सप्ताह में जवाब मांगा। जुलाई 2004 में अमृतसर की निचली अदालत ने याचिकाकर्ता बलजिंदर सिंह को उसकी शादी के दो साल के भीतर पत्नी की मौत के लिए दहेज हत्या के तहत दोषी ठहराया था।



- शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी कर प्रतिवादियों से छह सप्ताह में मांगा जवाब

### न्याय का उपहासः जमानत के बावजूद व्यक्ति को रिहा नहीं करने पर जेलर तलब

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण प्रतिषेध कानून के तहत एक मामले में उसने अप्रैल में जिस व्यक्ति को जमानत दी थी उसे अब तक जेल से रिहा नहीं किया जाना 'न्याय का उपहास' है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने व्यक्ति द्वारा किए इस दावे का संज्ञान लिया जिसमें कहा गया कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधान की एक उपधारा का उल्लेख नहीं था। इसलिए पीठ ने गाजियाबाद जिला कारागार के अधीक्षक जेलर को 25 जून को अदालत के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यह मामला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण परिदृश्य प्रस्तुत करता है। पीठ ने उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया।

## न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर 44 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की की पद से हटाने के नोटिस पर कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया

राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को उनके घृणास्पद भाषण के लिए पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 44 के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। सिब्बल नोटिस पर शीघ्र कार्रवाई के लिए मुखर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है। सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस 13 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। न्यायमूर्ति यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार दिखाई दे रहे हैं।

राज्यसभा सचिवालय जांच कर रहा है कि नोटिस पर उनके हस्ताक्षर दो बार कैसे दिखाई दे रहे हैं और क्या वे जाली हैं। सूत्रों ने बताया कि झारखंड से झामुमो सांसद अहमद इस मुद्दे पर पहले ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिल चुके हैं और इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने दो बार नहीं बल्कि केवल एक बार हस्ताक्षर किए हैं।

# महाराष्ट्र में वोट की चोरी, मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज हो जारी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विस चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए।

राहुल गांधी ने एक्स पर कहा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 5 महीनों में 5% बढ़ गई। कुछ बूथों पर 20-50% की बढ़ोतरी हुई। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले मतदाताओं को उजागर किया। और ईसी? चुप - या मिलीभगत!

### भाजपा ने राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र विस चुनावों को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों पर मंगलवार को कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बिना किसी सबूत के सवाल उठा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों ही लोकतंत्र विरोधी और आपातकाल समर्थक हैं।

## आतंकवाद रोधी तंत्र की मजबूती को रक्षा मंत्रालय ने किए 13 अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने को सेना की अभियानगत तैयारियों को बढ़ाने के लिए आपात खरीद तंत्र के तहत 1,980 करोड़ रुपये के 13 अनुबंध किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खरीद के माध्यम से सेना की एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणालियों को उन्नत किया जा रहा है। भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सेना की आतंकवाद रोधी रणनीति को मजबूत कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह हल्के रडार, बहुत कम दूरी वाली हवाई रक्षा मिसाइलें और लांचर, रिमोट संचालित हवाई वाहन तथा अन्य सैन्य साजो सामान खरीद रहा है। खरीद तंत्र के तहत कई श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट व बैलिस्टिक हेलमेट भी खरीदे जा रहे हैं। आतंकवाद के खिलाफ सेना की तैयारियों के लिए रक्षा मंत्रालय ने 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

### बलिदान की विरासत



जबलपुर के बरहा समाधि स्थल पर रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक आदिवासी नृत्य में हिस्सा लिया। एजेंसी

## पीएमएमएल की बैठक में नेहरू के निजी कागजातों का मुद्दा भी आया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े निजी कागजात से संबंधित मुद्दे पर भी चर्चा हुई। सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही। सोमवार को पीएमएमएल सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की और इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। सोसाइटी की यह अहम बैठक तीन मूर्ति भवन में हुई।

सूत्रों ने बताया कि अन्य मामलों के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू से जुड़े निजी कागजात का मुद्दा भी चर्चा में आया। हालांकि, उन्होंने इस विषय पर विस्तार से नहीं बताया। एक अन्य सूत्र ने बताया कि सोसाइटी के सदस्य ने सोमवार को बैठक के दौरान इस मुद्दे को केवल उठाया ही था। भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू मध्य दिल्ली स्थित तीन मूर्ति भवन में रहते थे जो उनके निधन के बाद नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) बन गया।

# तिरुवनंतपुरम से प. एशिया के लिए उड़ान शुरू, कई कंपनियों की उड़ानें रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

प. एशिया में तनाव के मद्देनजर वहां के हवाई क्षेत्र बंद रहने के बाद अब क्षेत्र में विमान परिचालन सेवा बहाल होने पर तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार सुबह पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें फिर से शुरू हो गईं। अमीरात, एतिहाद एयरवेज और एअर अरब ने सबसे पहले विमान परिचालन सेवा फिर से शुरू की।

हवाई अड्डा से जुड़े सूत्रों ने कहा कि शुरुआती घंटों में बिना किसी व्यवधान के तीन विमान वाहक कंपनियों की उड़ानें दुबई, अबू धाबी और शारजाह के लिए संचालित की गईं और वहां से भारत आईं। हालांकि, कई भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं। विभिन्न भारतीय एयरलाइन के क्षेत्र में अपने विमानों का परिचालन रद्द करने के कारण हजारों यात्री प्रभावित होंगे और विमानन कंपनियों को भारी वित्तीय नुकसान होगा। परिचालन संबंधी व्यवधानों से पहले ही जूझ रही एअर इंडिया ने पश्चिम एशिया, यूरोप के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा के पांच गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी हैं।



## लालू प्रसाद यादव फिर राजद अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके संस्थापक लालू प्रसाद को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के संगठन चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने बताया कि प्रसाद ने एक दिन पहले नामांकन पत्र दाखिल किया था और जांच के दौरान वह सही पाया गया।

बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने मुख्य विपक्षी दल पर कटाक्ष किया कि प्रसाद के निर्वाचित होने से साबित हो गया है कि राजद पर एक परिवार का नियंत्रण है। जद-यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आरोप लगाया कि राजद प्रमुख के बेटे तेजस्वी राजनीति में नैतिकता के मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश को उपदेश देना पसंद करते हैं, लेकिन उनमें और उनके परिवार में नैतिकता का अभाव है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, लालू के 13वीं बार अध्यक्ष बनने के साथ राजद ने राजतंत्र स्थापित कर दिया है।

## एससीओ में आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की वकालत करेंगे राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीन के किंगदाओ में होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे रक्षामंत्री

पाकिस्तान के समर्थन से जारी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कूटनीतिक प्रयासों की तर्ज पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन के किंगदाओ में शुरू होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के दो दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रयास बढ़ाने पर जोर देंगे।

सिंह सम्मेलन के लिए चीन के पूर्वी शांदोंग प्रांत के बंदरगाह शहर किंगदाओ की यात्रा कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री की आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक क्षेत्रीय सहयोग का आह्वान करने की योजना, पहलगाम हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तानी क्षेत्र में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए जाने के डेढ़ महीने बाद सामने आई है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद संबंधों में गंभीर तनाव पैदा होने के बाद से यह किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की चीन की पहली यात्रा है।

## एक नजर

### पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको मैड्रिड बाहर

**सिएटल :** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी खिचा क्वारात्सेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा।

### इंटर मियामी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका) :** पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज़ के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा।

### गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने करार का नवीनीकरण किया

**नई दिल्ली :** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस), अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (एबीएसएफ), गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीआरबीएसएफ) के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है। फाउंडेशन ने अब तक 140 से अधिक खिलाड़ियों को मदद पहुंचाई है जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न खेलों में 190 से अधिक पदक जीते।



प्रयागराज : राजस्थान की कनिष्का टोंगर 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जूनियर महिला भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में भाग लेती हुई। ● एजेंसी

### मुराद सिमरन और अनुष्का यादव ने मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**प्रयागराज :** गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है जो उन्होंने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

### अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश के सेमीफाइनल में

**जोहोर (मलेशिया) :** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां एरिना एमास में खेले गये मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना अमानी और यी शिन यिंग से 2-0 (11-7,11-8) से हार गई।

# हार-जीत के रोमांचक मोड़ पर पहला टेस्ट मुकाबला

## बेन डकेट ने शतक लगाकर इंग्लैंड को जीत के करीब पहुंचाया, शार्दुल ने दो विकेट लेकर उम्मीद को जीवित रखा



149 रन
170 गेंद
21 चौके
01 छक्के

बेन डकेट।

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में चार विकेट भले ही गंवाये लेकिन सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारत की औसत गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाकर शानदार शतक के साथ पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जीत के लिये 371 रन के लक्ष्य के जवाब में डकेट ने 170 गेंद में 149 रन बनाए। इंग्लैंड ने खबर लिखे जाने तक पांच विकेट पर 320 रन बना लिए थे। उसे आखिरी सत्र में सिर्फ 47 रन की जरूरत है।

जो रूट 37 और जेमी स्मिथ 08 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों को टीम को जीत तक ले जाने में कोई परेशानी नहीं होती दिख रही है। बायें हाथ के बल्लेबाज डकेट ने सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह को संभलकर खेला। बुमराह ने 16 ओवर में 55 रन दिये लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। डकेट और जैक क्रॉली (65) ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी की। लंच के बाद कुछ देर बारिश होने से भारत को फायदा मिला और सुबह नाकाम रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 11 ओवर में 69 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने क्रॉली को स्लिप में केएल राहुल के हाथों लपकवाया।

इसके बाद पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पोप (आठ) को पवेलियन भेजा। दोहरे झटकों के बावजूद डकेट ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। सुबह के सत्र में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला । मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दबाव बनाये रखा। डकेट को सिराज की गेंद पर यशस्वी जायसवाल से जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा को पिच से कोई मदद नहीं मिली और डकेट ने उन्हें कई अच्छे रिवर्स स्वीप लगाये। कुलदीप यादव जैसे फॉर्म में चल रहे स्पिनर को नहीं उतारने का भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा। शार्दुल ठाकुर ने एक ओवर में डकेट और हैरी ब्रूक (0) को आउट करके भारत को मैच में लौटाने की कोशिश की।



कप्तान शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम के अन्य सदस्य तीसरे अंपायर के फैसले का इंतजार करते हुए। ● एजेंसी

## अंपायर के फैसले पर पंत ने जताई असहमति, मिली फटकार

**लीड्स :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का



उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है। इसके अलावा, पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुई, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत को तब गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस करते हुए देखा गया। जब अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच करने के बाद उसे बदलने से इनकार कर दिया, तो पंत ने अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंक कर अपनी असहमति व्यक्त की थी। इस मामले में किसी तरह की अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई क्योंकि पंत ने अपना अपराध और आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। पंत पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने लगाया था। आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार तथा अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना है।

## टेनिस संघ के अध्यक्ष पर फिजूलखर्ची का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एआईटीए की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने कहा एक करोड़ खर्च किए गए
- यात्राओं के नाम पर किया पैसे का दुरुपयोग, पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जाना भी शामिल

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर 'गलत तरीके से' एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं।

चटर्जी ने यह भी कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली। चटर्जी ने पीटीआई से कहा हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई जबकि कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह राशि 175 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन तथा अधिकतम सात दिन के लिए होटल का वास्तविक खर्च तय की गई। उन्होंने कहा अध्यक्ष भत्ते के हकदार हैं लेकिन अध्यक्ष की पत्नी नहीं। जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान अपनी पत्नी के साथ कई बार बिजनेस क्लास में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए यात्रा की और एआईटीए ने गलत तरीके से भुगतान किया।

### जीत की कवायद



जर्मनी में डब्ल्यूटीए बैड होम्बर्ग टेनिस टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच के दौरान टैलीस जैस्मीन पाओलिनी कनाडा की लेयला फर्नांडीज को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

## हीली की नजरें लगातार दो विश्व कप जीतने पर

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है।



उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है। पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है। इसने (चोटों ने) मुझे एहसास दिलाया है कि मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं।

## शाह को जिद्दी समझा था पर निकले अच्छे इंसान : गांगुली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जय शाह। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे।

गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में कहा उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था, पर उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे।



# दिलीप दोशी बल्लेबाजों पर आतंक का पर्याय रहे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



- पूर्व स्पिनर दिलीप का लंदन में सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया निधन
- सचिन समेत अनेक भारतीय क्रिकेटरों ने शोक जताया

भारतीय क्रिकेटर व बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। भारतीय क्रिकेट समुदाय ने उन्हें यादकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिलीप दोशी 1960 के दशक के आखिर में भारतीय विश्वविद्यालय सर्किट में बल्लेबाजों के लिए आतंक का पर्याय हुआ करते थे जब उनके कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में बंगाल रणजी टीम के उनके साथी स्वर्गीय गोपाल बोस ने उनसे पूछा था कि क्या वह गैरी सोबर्स को आउट कर सकते हैं। दोशी हमेशा की तरह बेपरवाह थे और उन्होंने जवाब दिया, ''हां, मैं कर सकता हूं।''

दोशी ने इसके कुछ साल बाद विश्व एकादश मैच में सोबर्स को आउट किया लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशर की ओर से कई सत्र वेस्टइंडीज के इस दिग्गज के साथ खेले। वर्ष 1991 में जब दोशी की आत्मकथा 'स्पिन पंच' प्रकाशित हुई तो सर गैरी सोबर्स ने ही इसकी प्रस्तावना लिखी थी, ''दिलीप दोशी के पास उन लोगों को देने के लिए अपार ज्ञान है जो पेशेवर क्रिकेट में उनके रास्ते पर चलना चाहते हैं। उन्होंने दुनिया भर में सभी स्तर पर खेला है और स्पिन गेंदबाजी की कला के बारे में बात करने के लिए उनसे अधिक योग्य कोई नहीं हो सकता।'' महानतम खिलाड़ियों में शामिल सोबर्स ने दोशी की जमकर सराहना की पर भारतीय क्रिकेट के कई रहस्यों की तरह कोई भी यह नहीं समझ सका कि बीसीसीआई ने उनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल क्यों नहीं किया।

### सचिन तेंदुलकर बोले- मुझे उनकी बहुत याद आएगी

**नई दिल्ली :** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर ने भी अपने प्यारे दोस्त के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने दोशी के सम्मान में काली पट्टी बांधी



**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी। भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं।

दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा। दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया।

## रथयात्रा की तैयारी



इस्कॉन के साधु मंगलवार को कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को रंगते हुए। कोलकाता में इस्कॉन 1972 से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालता है जहां यह एक प्राचीन वैष्णव उत्सव है। हजारों लोग रथ खींचने में भाग लेते हैं। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ शहर की सड़कों से गुजरते हैं। एजेंसी

# युद्धों का एक मकसद ये भी... दूसरे देशों में सत्ता परिवर्तन



द्वितीय विश्व युद्ध के बाद करीब 50 से अधिक देशों में युद्ध, गृह युद्ध, विदेशी हस्तक्षेप या विद्रोहों के चलते सत्ता परिवर्तन हुए हैं। इनमें सर्वाधिक सत्ता परिवर्तन शक्तिशाली देशों की वजह से ही हुए हैं। भू राजनीतिक स्थिति अपने पक्ष में रखने के लिए शक्तिशाली देश दूसरे देशों में कई तरह से अस्थिरता पैदा करते रहे हैं। खासतौर से अमेरिका ने 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कई देशों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध किए हैं जिनका मुख्य कारण शीतयुद्ध के दौरान साम्यवाद रोकना या राजनीतिक प्रभाव बढ़ाना रहा है। सन् 2001 के बाद आतंकवाद से लड़ना भी एक कारण रहा है। ताजा उदाहरण ईरान है जहां जारी संघर्ष के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलकर ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को हटाकर सत्ता परिवर्तन की मंशा जताई है। ईरान के निर्वासित शहजादे ने सत्ता पर दावेदारी भी कर दी है।

### किन देशों में युद्ध के बाद बदली सत्ता

#### जर्मनी में नाजी शासन

सन् 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में नाजी शासन का खात्मा हो गया, साथ ही ये देश दो हिस्सों में बंट गया। पूर्वी जर्मनी सोवियत और पश्चिमी जर्मनी पर अमेरिका, यूके, फ्रांस के प्रभाव वाली नई लोकतांत्रिक सरकारें बनीं।

#### जापान में सैन्य शासन

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ही जापान पर अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर कब्जा कर लिया। सैन्य शासन रहने के बाद वहां लोकतंत्र स्थापित किया गया।

#### कोरिया का विभाजन

सन् 1950 से 1953 तक कोरियाई युद्ध के बाद इस देश का उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में स्थाई विभाजन हो गया। कुछ समय बाद दक्षिण कोरिया में लोकतंत्र स्थापित हो गया लेकिन उत्तर कोरिया में तानाशाह शासन बरकरार है।

#### वियतनाम का एकीकरण

सन् 1955से 1975 के बीच संघर्ष के बाद अमेरिका समर्थित दक्षिण वियतनाम की पराजय हुई, कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम ने देश को एकीकृत किया। ईरान में भी 1979 में अमेरिका समर्थित शाह को उखाड़ फेंका गया।

#### अफगानिस्तान-इराक

सन 1979 से 2021 के बीच दूसरे देशों के हस्तक्षेप से आंतरिक संघर्ष के कारण कई उतारचढ़ाव हुए। 2001 में तालिबान शासन हटा और 2021 में फिर बहाल हो गया। इराक में अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को हटाया, इसके बाद लोकतांत्रिक सरकार बनी।

#### जब खुद सीधे युद्ध में उतरा अमेरिका

- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका और सहयोगियों ने जर्मनी में हिटलर को हराकर नाजी शासन का खात्मा किया।
- परमाणु बम गिराने के बाद अमेरिका के आगे जापान ने आत्मसमर्पण किया। अमेरिका ने 1952 तक कब्जा रखा।
- अमेरिका 1950 में दक्षिण कोरिया के समर्थन में युद्ध में उतरा। युद्ध के बाद देश का स्थाई रूप से विभाजन हुआ।
- वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिका ने कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम के खिलाफ दक्षिण का साथ दिया। अमेरिका को हार झेलनी पड़ी।
- अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिका ने 9/11 के हमले के बाद तालिबान शासन को हटाया। यहां नई लोकतांत्रिक सरकार बनी। मगर चल नहीं पाई।
- इराक में 2003 में अमेरिका ने हमला कर सद्दाम हुसैन की सत्ता गिराई। लोकतांत्रिक चुनाव हुए मगर अब तक अस्थिरता बनी हुई है।

## एक नजर

### दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके

**मनीला।** दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस के तट पर मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गई। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान ने कहा कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 09:58 बजे (0158 जीएमटी) महसूस हुए जो दावाओ ओरिएंटल प्रांत के बगंगा शहर से लगभग 359 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीनी सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप से नुकसान नहीं होगा।

### उग्रवादी हमले में खैबर पख्तूनख्वा में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक बम निरोधक इकाई को निशाना बनाकर उग्रवादियों ने हमला किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मी और दो महिलाओं की मौत हो गई। ये महिलाएं एक पिकअप ट्रक में यात्रा कर रही थीं। हमलावरों की गोलीबारी की चपेट में आने से इन महिलाओं की मौत हुई। बम निरोधक इकाई दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के मंडिकोल इलाके में एक सड़क से विस्फोटक हटा रही थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में आठ अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

### इंडोनेशिया: आधा टन मादक पदार्थ जब्त, 285 गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में दो महीने की कार्रवाई के दौरान 29 महिलाओं और सात विदेशियों समेत 285 लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से आधे टन से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया गया। इंडोनेशिया में मादक पदार्थों से संबंधित सख्त कानून हैं तथा दोषी तस्करों को कभी-कभी गोली मारकर मौत की सजा दी जाती है। इसके बावजूद यह दक्षिण पूर्व एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख केंद्र है।

### प. बंगाल में आरटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कोल्हापुर।** पश्चिम बंगाल के कोल्हापुर में स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने 20 लाख रुपये की वसूली करने के आरोप में एक आरटीआई कार्यकर्ता और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। लक्ष्मी टेकड़ी इलाके में आरटीआई कार्यकर्ता जयराज भीमराव कोली ने छत्रपति प्रमिला राजे सिविल अस्पताल में चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता अजिंक्य पाटिल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसिया हाई अलर्ट पर

## ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद गृह सुरक्षा विभाग ने दी खतरे बढ़ने की चेतावनी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले के बाद खतरे बढ़ने की चेतावनी दी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) उप निदेशक ने कहा है कि जवाबी हिंसा रोकने के लिए ब्यूरो पूरी तरह तैयार है। न्यूयॉर्क जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि वे हाई अलर्ट पर हैं।

अमेरिकी हमले के बाद से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कोई विश्वसनीय खतरा सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा इजराइल और ईरान के बीच घोषित संभावित संघर्षविराम का संभावित खतरों पर क्या असर होगा या ऐसी व्यवस्था कितनी स्थायी होगी। हालांकि हाल के वर्षों में अमेरिकी धरती पर राजनीतिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए ईरान की ओर से उठाए गए कदमों को देखते हुए प्रतिशोध की आशंका बेबुनियाद नहीं है।

हाल के वर्षों में ईरान समर्थित हैकर्स ने अमेरिकी ठिकानों पर भी साइबर हमले किये हैं। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पिछले दशक में ईरान की सबसे आम रणनीति, सामूहिक हिंसा की योजना बनाने के बजाय, सुपारी देकर हत्या की साजिश रचने की रही है। उसका आरोप है कि इसके तहत सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक अधिकारियों और असंतुष्टों की हत्या कराने के लिए रूसी और अन्य गैर-ईरानी लोगों का इस्तेमाल भी शामिल है। तेहरान ने इन साजिशों से बार-बार इनकार किया है, लेकिन एफबीआई और न्याय विभाग द्वारा लगातार इन्हें विफल किया गया है और उजागर किया गया है। सप्ताहांत में जारी डीएचएस बुलेटिन में चेतावनी दी गई कि कई विदेशी आतंकी संगठनों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी संपत्तियों और कर्मियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया है।



इजराइल के बीरशेबा में मंगलवार कोईरानी मिसाइल हमले में कई लोग मारे गए।

### ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की आशंका

**दुबई।** इजराइल से युद्ध ने इस बात की चिंता बढ़ा दी है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर कर सकता है, जो सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति क्षेत्र है और हर दिन बड़ी मात्रा में कच्चा तेल इस रास्ते गुजरता है। ईरान में परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले ने इस बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच है, जिसके पास तेज हमला करने वाली नौकाओं का बेड़ा और मिसाइलें हैं, जिनका इस्तेमाल कर वह जलडमरूमध्य को कुछ समय के लिए बंद कर सकता है।

### भारत संघर्ष का समाधान करने में मदद के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान तथा इजराइल के बीच युद्धविराम के दावे करने के कुछ घंटों बाद भारत ने मंगलवार को कहा कि वह स्थिति हल करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। भारत ने आगे बढ़ने के लिहाज से बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। भारत ने कहा कि वह समग्र स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम की रिपोर्ट का स्वागत करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर रातभर नजर रख रहे हैं, जिसमें ईरान के परमाणु केंद्रों के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई शामिल है।

### संरा ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर जताई गंभीर चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की ओर से कतर के अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर दागे गये मिसाइल हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने गहरी चिंता जतायी है। महासचिव के प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजारिक ने बयान में कहा कि श्री गुटेरेस मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और इस हमले से काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि संकट की शुरुआत से ही महासचिव सैन्य तनाव को खतरनाक बताते आये हैं और सोमवार को ईरान द्वारा कतर की जमीन पर किया गया हमला निंदा योग्य है। श्री गुटेरेस ने सभी पक्षों से लड़ाई तुरंत रोकने की अपील की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आग्रह भी किया है।

### क्रेमलिन ने युद्ध विराम टिकाऊ होने की जताई उम्मीद

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत किया और आशा व्यक्त की है कि यह (युद्ध विराम) टिकाऊ होगा। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय सह आवास 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मीडिया को बताया, अगर वाकई युद्ध विराम संभव है, तो इसका स्वागत ही किया जा सकता है। रूसी संघ इस संघर्ष की शुरुआत से ही यही मांग कर रहा है। इसलिए, इसका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह एक स्थायी युद्धविराम होगा। पेस्कोव ने कहा कि उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय के बयान देखे, (ईरानी विदेश मंत्री) अब्बास अरागची के बयान सुने, तथा राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप के कई बयान देखे। उन्होंने कहा, अभी तक हमने तेहरान की ओर से कोई अन्य बयान नहीं देखा या सुना है।


# गाजा में मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सेना की गोलीबारी, 25 मरे

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

इजराइली सेना और ड्रोनों ने मंगलवार तड़के मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पतालों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों का एक समूह पूर्व-पश्चिम नेत्जारिम से सटे एक इलाके में सैनिकों की ओर बढ़ा, जिसके बाद गोलीबारी की गई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में स्थित अवदा अस्पताल ने कहा कि फलस्तीनी लोग वादी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन रोड पर ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। हमले में घायल हुए लोगों को इसी अस्पताल में लाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग पूर्व दिशा की ओर ट्रकों के करीब बढ़ रहे थे तो इजराइली सेना ने गोलियां चलायीं। अहमद हलावा ने कहा, यह नरसंहार था। टैंक और ड्रोनों से लोगों पर गोलियां चलायी गईं। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी हुसैम अबु शहादा ने बताया कि इलाके में ड्रोन उड़ रहे थे। पहले उन्होंने भीड़ पर नजर रखी फिर लोगों के आगे बढ़ने पर टैंक और ड्रोनों से गोलीबारी की। अवदा अस्पताल ने बताया कि 146 फलस्तीनी घायल हुए हैं। उनमें से 62 की हालत गंभीर है, जिन्हें मध्य गाजा में एक अन्य अस्पताल ले जाया गया है।



टेंटों में रह रहे हैं गाजा में लोग।

### युद्ध में अब तक 56,000 हजार लोग मारे गए

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में करीब 56,000 फलस्तीनियों की मौत हो गयी है। हमास के सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद इजराइल ने गाजा में अपना अभियान शुरू किया। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे तथा 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। ज्यादातर बंधकों को संघर्षविराम समझौतों के जरिए रिहा कर दिया गया है।

# यूक्रेन में रूसी हमलों में 16 लोगों की मौत, 100 घायल

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन में ड्रोन, मिसाइलों और तोप के जरिये हमले किए, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के अपने देश के प्रयासों के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की गारंटी मांगी।

रूसी सेना ने पूरे युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर लगातार बमबारी की है। यह इस युद्ध का चौथा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने रूस के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन भी दागे हैं। जेलेंस्की मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले पश्चिमी नेताओं से मिलने वाले थे। जेलेंस्की रूस की विशाल सेना के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौते को लेकर हाल में हुई शांति वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला है।



हमले की तैयारी करता रूसी सैनिक।

- यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य मदद मांगी

# नाटो के ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए जुट रहे वैश्विक नेता

**द हेग (नीदरलैंड)।** दुनिया के सबसे बड़े सैन्य गठबंधन 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के ऐतिहासिक सम्मेलन में हिस्सा लेने वैश्विक नेता नीदरलैंड की राजधानी द हेग में जुट रहे हैं। इस सम्मेलन में तय होगा कि रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर संगठन के 32 सदस्य सहमति की ओर बढ़ते हैं या विभिन्न मुद्दों पर दरार और गहरी होती है। सहयोगियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने जीडीपी का पांच प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य का समर्थन करें, ताकि बाहरी हमलों से बचाव के लिए योजनाएं पूरी की जा सकें। अमेरिका के शासनाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पहली बार सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उम्मीद की जा रही थी कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह होगा कि अमेरिका कैसे सुरक्षा गठबंधन में अन्य देशों से ऐतिहासिक सैन्य खर्च बढ़ाने पर सहमति प्राप्त करता है। लेकिन अब चर्चा का विषय ईरान में तीन परमाणु संवर्धन सुविधाओं पर हमला करने का ट्रंप का निर्णय है, जिसके बारे में उनके प्रशासन का कहना है कि इससे तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं नष्ट हो गई हैं।

- रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर तय होगा संगठन के 32 सदस्य देशों का रुख

# आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाए

बीजिंग, एजेंसी

- चीन में एससीओ की बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है।

एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक सम्मेलन में डोभाल ने कहा कि भारत, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद, अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों को भारत में हमले करने से रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस हमले में लश्कर ए तैयबा के एक छद्म संगठन टीआरएफ ने 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी थी और कई अन्य को घायल कर दिया था।

डोभाल ने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली और गैर उकसावे वाली थी। एनएसए ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड त्यागने तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद तथा उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डोभाल ने इन समूहों के बुनियादी ढांचे और उनके आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने का आह्वान किया।

# जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार किया मिसाइल परीक्षण

**तोक्यो।** जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। देश की सेना ने मंगलवार को यह घोषणा की। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया, जो सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है।

- चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमले की क्षमता हासिल करने के लिए सैन्य तैयारी

अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर जहाज पर गोलीबारी की थी, जिसमें कोई भी चालक नहीं था। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी परीक्षण के परिणामों की जांच कर रहे हैं। जापान, चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता हासिल करने के लिए अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ा रहा है। जापान इस वर्ष के अंत में 'टॉमहॉक' सहित लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को तैनात करने की योजना बना रहा है। जापान ने इससे पहले विदेशों में मिसाइल परीक्षण किए हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे उसके रक्षा साझेदारों के क्षेत्र शामिल हैं।

# एसडीजी रैंकिंग में पहली बार भारत शीर्ष 100 में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति को लेकर भारत ने पहली बार एसडीजी की सूची में 193 देशों में शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क की 10वीं सतत विकास रिपोर्ट (एसडीआर) के अनुसार भारत ने 67 अंक हासिल कर 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया है।

चीन 74.4 अंक से साथ 49वें और अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है। भारत ने इससे पहले 2024 में 109वां स्थान, 2023 में 112वां स्थान, 2022 में 121वां स्थान, 2021 में 120वां स्थान, 2020 में 117वां स्थान, 2019 में 115वां स्थान, 2018 में 112वां स्थान और 2017 में 116वां स्थान हासिल किया था। पड़ोसी देशों में 70.5 अंक के साथ भूटान ने 74वां स्थान, 68.6 अंकों के साथ नेपाल ने 85वां स्थान हासिल किया है जबकि 63.9 अंक के साथ बांग्लादेश 114वें स्थान और 57 अंक के साथ पाकिस्तान 140वें स्थान पर है। भारत के समुद्री पड़ोसी देश मालदीव और श्रीलंका क्रमशः 53वें और 93वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट तैयार करने वाले लेखकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य की प्रगति थम गई है।




- भारत ने 67 अंक हासिल कर वैश्विक सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया

# बांग्लादेश के लिए 1.3 अरब डॉलर का आईएमएफ ऋण मंजूर

**ढाका।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बांग्लादेश के लिए अपने 4.7 अरब डॉलर के ऋण पैकेज के तहत तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी होने के तुरंत बाद 1.3 अरब डॉलर के वितरण को मंजूरी दे दी है।

आईएमएफ के बयान के मुताबिक ऋणदाता ने 2023 में शुरू किए गए ऋण कार्यक्रम के तहत बांग्लादेश को जून 2024 तक तीन किश्तों में 2.3 अरब डॉलर तक का वितरण किया था। कोष के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को विस्तारित ऋण एवं निधि सुविधा के तहत बांग्लादेश में वृद्धि और पुनर्रचना के लिए तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी करने के बाद मंजूरी दी। इस फैसले से बांग्लादेश को 88.4 करोड़ डॉलर तक की सहायता राशि की तत्काल पहुंच मिल गई है।

## राहत भरी खबर

### हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रमुख डीके सुनील ने दिलाया भरोसा

# भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस विमान

## हाल ही में वायुसेना प्रमुख ने उठाया था तेजस की आपूर्ति में देरी का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी के लिए जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब जिम्मेदार है।

एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई। एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किये जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी।

उन्होंने कहा, हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, एलसीए मार्क-1ए के मामले में भी ऐसा ही हुआ है, हमने विमान बना लिए हैं। हमारे पास छह विमान तैयार हैं लेकिन जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति नहीं हुई है। उसे 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी। अब तक, हमें केवल एक इंजन मिला है। जीई की ओर से देरी शुरू में कोविड महामारी के दौरान उत्पादन में विलंब और उसके बाद कंपनी से कई वरिष्ठ इंजीनियरों के चले जाने से हुई, जिससे आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों को सुलझा लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में छह विमान तैयार हैं। हमारी ओर से कोई कमी नहीं है। हम लगातार इन विमानों का निर्माण कर रहे हैं और इस वित्त वर्ष के अंत तक उन्हें आपूर्ति करने की स्थिति में होंगे।



### मिग 21 की जगह लेगा सिंगल इंजन वाला तेजस

एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। भारतीय वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि इसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एकल इंजन वाला बहु-उपयोगी लड़ाकू विमान है, जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्रों में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमलावर भूमिकाओं के लिए डिजाइन किया गया है। सुनील ने कहा कि तेजस एमके-1ए विश्वस्तरीय विमान है जो उच्च गुणवत्ता वाले रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और कई तरह की मिसाइल से युक्त है। इसमें पूरी तरह से अत्याधुनिक एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली शामिल है।